3 राजधानी
एसीबी करेगी चार उप प्रधानाचार्यों की जांच

6 अभिमत
रूस के खिलाफ निष्प्रभावी प्रतिबंध

9 राष्ट्रीय
दार्जिलिंग का चिड़ियाघर देश में सर्वश्रेष्ठ घोषित

10 विदेश
कार हादसे में घायल हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 306
नई दिल्ली, शुक्रवार, 16 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अश्विन आस्ट्रेलियाई विकेट पर शानदार प्रदर्शन करेगा
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# सामयिक, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार रखेंगे पीएम मोदी

● रूसी राष्ट्रपति पुतिन, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों, व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर भी होगी चर्चा

● एससीओ समूह का विस्तार होने की संभावना, ईरान बन सकता है नया स्थायी सदस्य

**एससीओ शिखर सम्मेलन**





उज्बेकिस्तान के समरकंद हवाईअड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने गुरुवार को उज्बेकिस्तान के समरकंद के लिए रवाना हो गए। शिखर सम्मेलन शुक्रवार को होगा, जहां प्रधानमंत्री मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों, व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को बढ़ावा देने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उज्बेकिस्तान के समरकंद की यात्रा से पहले नई दिल्ली में प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस बहुप्रतीक्षित सम्मेलन में सामयिक, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रस्थान वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एससीओ समूह के विस्तार पर भी चर्चा की जा सकती है। मोदी समरकंद में 24 घंटे तक रहेंगे। पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी समेत 15 देशों के नेता इस शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। मोदी के शुक्रवार को शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन और रायसी के साथ द्विपक्षीय बैठक करने की संभावना है। चीनी राष्ट्रपति शी, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शरीफ और पुतिन के साथ ऐसी बैठकें होने के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारत और चीन द्वारा पूर्वी लद्दाख में गोगरा हॉट स्प्रिंग्स (पैट्रोलिंग पॉइंट-15) में तनाव वाली चौकी से अपने-अपने सैनिकों को वापस हटाने के बाद बैठक की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को यहां कहा कि यदि द्विपक्षीय बातचीत तय होती है तो इस बारे में सूचित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बयान में कहा कि वह उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति एचई शावकत मिर्जियोयेव के निमंत्रण पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक में भाग लेने समरकंद जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एससीओ शिखर सम्मेलन में सामयिक, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों, एससीओ के विस्तार और संगठन के भीतर बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को और गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए तत्पर हूं। उज़्बेकिस्तान की अध्यक्षता में हो रहे एससीओ सम्मेलन में व्यापार, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्रों में (शेष पेज 8)

# आप, तृणमूल और वामदलों पर हमलावर हुई कांग्रेस

● पार्टी को कमजोर करने के लिए पिछले दरवाजे से काम करने वालों के साथ विपक्षी एकता का ढोंग नहीं

● तृणमूल ने बंगाल, वामदलों ने केरल में भाजपा को मजबूत किया, आम आदमी पार्टी भगवा दल की बी टीम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** जोड़ो यात्रा की अब तक की प्रतिक्रिया से उत्साहित कांग्रेस अब भाजपा ही नहीं, अन्य तृणमूल, आप जैसे विपक्षी दलों के खिलाफ भी हमलावर होती जा रही है। पार्टी ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के उदय के लिए सिर्फ और सिर्फ ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस ने केरल में सीपीएम और भाजपा को एक ही सिक्के के दो पहलू और आप को भगवा दल की बी टीम बताकर करारा हमला बोला। कांग्रेस ने कहा कि वह पार्टी को कमजोर करने के लिए पिछले दरवाजे से काम करने वाले दलों के साथ विपक्षी एकता का ढोंग नहीं कर सकती। पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी भारत में एकमात्र नेता हैं, जिन्होंने लगातार भाजपा की नीतियों का विरोध किया और उससे लोहा लिया।

एआईसीसी संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने केरल के कोल्लम में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए बेहद स्पष्ट लहजे में वाम और तृणमूल की रणनीति और उससे कांग्रेस व देश को नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में भाजपा के उदय के लिए अकेले जिम्मेदार हैं। केरल में भाजपा को बढ़ावा देना वामपंथी दलों को मुफीद लग रहा है, क्योंकि वे जानते हैं कि यदि भाजपा मजबूत हुई तो कांग्रेस कमजोर हो जाएगी। वामपंथियों को कांग्रेस से लड़ने के बजाय भाजपा का मुकाबला करना अच्छा लगता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि वामपंथ और भाजपा दोनों दो विपरीत धाराएं हैं। केंद्र बिंदु केवल कांग्रेस है। इसलिए वामपंथ हमेशा दक्षिणपंथ से लड़ना पसंद करेगा, क्योंकि यह आसान है। उन्होंने कहा कि वे (सीपीएम) दूसरे राज्यों में कांग्रेस के साथ आ सकते हैं।

उदाहरण के लिए वामपंथी मणिपुर में हमारे साथ थे। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ गठबंधन द्रमुक, सीपीएम, भाकपा, कांग्रेस, वीसीके और कुछ छोटी तमिल पार्टियां हैं। जयराम ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा विपक्ष को एकजुट करने के लिए नहीं है, यह कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की यात्रा है। मजबूत कांग्रेस के बिना, आप विपक्षी एकता का खाका नहीं खींच सकते। दूसरे, कोई भी राजनीतिक दल जो कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहता है, उसे यह नहीं सोचना चाहिए कि गठबंधन का मतलब है कि वह कांग्रेस से सब कुछ लेता है और कांग्रेस को कुछ नहीं देता। अब तक, हर कोई कांग्रेस को कमजोर करने की कोशिश करता रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि ममता बनर्जी भी एक दिन सुबह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफ करेंगी और (शेष पेज 8)

# यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों को भारत में दाखिला नहीं

● सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**युद्ध** प्रभावित यूक्रेन से लौटे हजारों भारतीय मेडिकल छात्रों को उस समय करारा झटका लगा जब केंद्र ने बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में कहा कि कानूनी प्रावधानों के तहत इन छात्रों को देश के मेडिकल कॉलेजों में समायोजित नहीं किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने एक हलफनामे में कहा कि अब तक, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा किसी भी भारतीय चिकित्सा संस्थान/विश्वविद्यालय में किसी भी विदेशी मेडिकल छात्रों को स्थानांतरित करने या समायोजित करने की अनुमति नहीं दी गई है। सरकार की यह प्रतिक्रिया छात्रों के एक समूह द्वारा दायर याचिकाओं के बाद आई, जो विदेशी मेडिकल कॉलेजों/ विश्वविद्यालयों से संबंधित पहले से चौथे वर्ष के बैच के छात्र हैं, जो मुख्य रूप से अपने संबंधित सेमेस्टर में भारत में मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं।

विदेशी चिकित्सा संस्थानों/कॉलेजों से भारतीय मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरण के मामले में सरकार द्वारा दायर हलफनामे कहा गया कि जहां तक ऐसे छात्रों का संबंध है, भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 या राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के साथ-साथ मेडिकल छात्रों को किसी भी संस्थान से समायोजित करने या स्थानांतरित करने के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं हैं। हालांकि, इसने कहा है कि यूक्रेन में एमबीबीएस (शेष पेज 8)

# दलित बहनों की बलात्कार के बाद हत्या, छह गिरफ्तार

● उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले का मामला, मुख्य आरोपी अल्पसंख्यक समुदाय के होने से क्षेत्र में तनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखीमपुर खीरी



गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात पुलिस बल

**उप्र** के लखीमपुर खीरी जिले के निघासन थाना क्षेत्र में 14 अगस्त को अनुसूचित जाति की दो सगी बहनों से कथित बलात्कार और हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्य आरोपियों के अल्पसंख्यक समुदाय के होने के कारण क्षेत्र में तनाव है।

राजनीतिक दलों के लोग पीड़ितों के गांव पहुंच रहे हैं। भारी मात्रा में पुलिस बल गांव में तैनात है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि 15 और 17 साल की उन लड़कियों के साथ बलात्कार किया गया और फिर गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी गई। बुधवार को (शेष पेज 8)

## प्रदेश सरकार ने घोषित की 25 लाख की सहायता, फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा केस

**सीएम** योगी आदित्यनाथ की ओर पीड़ित परिजनों को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता घोषित की गई है। साथ ही एक पक्का आवास एवं कृषि भूमि का पट्टा दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हत्या के इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर एक माह के भीतर दोषियों को उनके कृत्य की सजा दिलाई जाए।

# सीबीआई ने फोगाट की मौत के मामले की जांच अपने हाथ में ली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने पिछले महीने गोवा में भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा इकाई की नेता सोनाली फोगाट की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत की जांच अपने हाथ में ले ली है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने गृह मंत्रालय के एक संदर्भ पर गोवा पुलिस की प्राथमिकी फिर से दर्ज की है। सीबीआई की टीमें सीएफएसएल विशेषज्ञों के साथ गोवा पहुंचेंगी और दस्तावेजों को इकट्ठा करेंगी। साथ में वे स्थानीय पुलिस अधिकारियों और उन डॉक्टरों से बातचीत करेंगी, जिन्होंने पूर्व टीवी एंकर को अस्पताल लाए जाने के बाद उनकी जांच की थी। सूत्रों ने कहा कि विसरा के नमूने से फोगाट की मौत के कारणों का निश्चित रूप से सुराग मिलेगा। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर फोगाट की मौत की सीबीआई से जांच कराने का अनुरोध किया था जिसके बाद (शेष पेज 8)

# दिल्ली पुलिस ने नोरा फतेही से छह घंटे की पूछताछ



पूछताछ के लिए दिल्ली पहुंची अभिनेत्री नोहा फतेही

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दो** सौ करोड़ से अधिक की ठगी करने के सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने बृहस्पतिवार को अभिनेत्री नोरा फतेही, उनके जीजा बाबी और सुकेश की एजेंट पिंकी ईरानी से करीब छह घंटे तक पूछताछ की। तीनों से पहले अलग-अलग पूछताछ की गई। बाद में उन्हें आमने-सामने बैठाकर लंबी पूछताछ की गई। सूत्रों के मुताबिक, जैकलीन फर्नांडीज ने बुधवार को पूछताछ के दौरान खुद का बचाव करते हुए नोरा फतेही से जुड़ी कुछ (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संसेक्स | 59,934 | ↓ | 412 | |
| निफ्टी | 17,877 | ↓ | 126 | |
| सोना | 50,290 | ↓ | 303 | /10g |
| चांदी | 57,457 | ↑ | 27 | /kg |

## क्विक न्यूज

### असम के आठ आदिवासी समूहों के साथ सरकार का समझौता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने असम के कुछ हिस्सों मे स्थाई शांति स्थापना के लक्ष्य से आठ आदिवासी संगठनों के साथ बृहस्पतिवार को एक समझौते किया। त्रिपक्षीय समझौते पर राष्ट्रीय राजधानी मे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा तथा अन्य की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। इसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकार और आठ समूह शामिल है। इन आठ समूहों में ऑल आदिवासी नेशनल लिबरेशन आर्मी, आदिवासी कोबरा मिलिटेंट ऑफ असम, बिरसा कमांडो फोर्स, संथाल टाइगर फोर्स और आदिवासी पीपुल्स आर्मी शामिल है। समूहों के साथ 2012 से संघर्ष विराम समझौता चल रहा है। शर्मा ने कहा, मुझे विश्वास है कि समझौता होने से असम में शांति और सद्भाव के एक नए युग की शुरुआत होगी।

# अग्निपथ योजना पर नेपाल की नई सरकार लेगी फैसला

● गोरखा भर्ती 24 अगस्त से होनी थी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/काठमांडू

**नेपाल** ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सेना में अग्निपथ योजना के तहत गोरखा भर्ती निर्वाचित सरकार करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सेवा लाम्साल ने काठमांडू में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय सेना में अल्पकालिक भर्ती के संबंध में तत्काल फैसला लिए जाने की संभावना बेहद क्षीण है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की यह टिप्पणी मीडिया में आई उन खबरों पर प्रतिक्रिया है जिसमें भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडेय के हवाले से कहा गया है कि अगर नेपाल इस संबंध में जल्दी फैसला नहीं लेता है तो अग्निपथ योजना के तहत मौजूदा भर्तियों में भारत को नेपाल से सैनिकों की भर्ती से पीछे हटने का फैसला लेना पड़ेगा। जनरल पांडेय पिछले ही सप्ताह नेपाल यात्रा पर आए थे और अपने समकक्ष सहित हिमालयी देश के शीर्ष नेतृत्व से मिले थे। भारतीय सेना की अल्पकालिक भर्ती योजना अग्निपथ के तहत गोरखा भर्ती 24 अगस्त से शुरू होनी थी।

हालांकि, नेपाल के अनुरोध पर इसे आगे बढ़ा दिया गया है। ऑनलाइन पोर्टल नेपालखबर डॉट कॉम की खबर के अनुसार, नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, भारतीय सेना में गोरखा भर्ती पर नेपाल फिलहाल भारतीय अधिकारियों के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि 20 नवंबर को आम चुनाव के बाद नवनिर्वाचित सरकार भारतीय सेना की अग्निपथ योजना में गोरखा भर्ती पर फैसला लेगी।

# जानलेवा हमले में बाल-बाल बचे पुतिन

● कार पर बम से किया गया था हमला, कई अंगरक्षक निलंबित

**एजेंसी।** नई दिल्ली/मास्को



**यूक्रेन-रूस** युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कार पर बम से हमला कर उनकी हत्या करने की कोशिश की गई थी। हालांकि पुतिन इस हमले में बाल बाल बच गए हैं। यह हमला कब और कहां किया गया इसकी आधिकारिक पुष्टि मीडिया रिपोर्ट में नहीं हो पाई है। इस हमले के बाद पुतिन के कई अंगरक्षकों को हटा दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हत्या के प्रयास के सिलसिले में कई गिरफ्तारियां की गई हैं।

यूरो वीकली न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हत्या के प्रयास में बाल-बाल बचे, यह जानकारी बुधवार को जनरल जीवीआर टेलीग्राम चैनल पर जारी की गई। हालांकि, प्रयास कब हुआ, रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया है। पुतिन पर हमले के खुलासे के बाद रूस में खलबली मच गई है। इस खबर के बाद से राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। रिपोर्ट के अनुसार रूसी राष्ट्रपति की कार के बाएं हिस्से में तेज धमाका हुआ था और उसके बाद इलाके में चारों तरफ धुआं फैल गया था। इस घटना में लिमोजिन कार में सवार पुतिन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा और आनन फानन में सुरक्षाकर्मी उनको सुरक्षित स्थान पर ले गए। बताया जा रहा है कि यह हमला उस समय हुआ जब पुतिन अपने आधिकारिक आवास लौट रहे थे इसी दौरान कुछ किलोमीटर पहले ही सुरक्षा दस्ते की पहली कार को एक एंबुलेंस ने रोक दिया।

कार के रोकने के बाद पुतिन की कार में बायीं ओर जोरदार आवाज सुनाई पड़ी और फिर उसमें धुआं निकलने लगा। इसके बाद कार को बमनिरोधक और बुलेटप्रूफ दस्ते ने चारों तरफ से घेर लिया और आसपास फैले धुआं को हटाने की कोशिश की गई। कुछ सेकेंड के भीतर ही पुतिन को सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया गया। बाद में उस एंबुलेंस की जांच की गई तो ड्राइविंग सीट पर एक शव मिला। आशंका जताई जा रही है कि पुतिन पर हमला करने वाला शख्स आत्मघाती हमलावर था। सूत्रों के अनुसार पुतिन की सुरक्षा सेवा के कई लोगों को गिरफ्तार किया गया (शेष पेज 8)

# शीर्ष अदालत ने कहा- हम कुरान के व्याख्याकार नहीं

**कर्नाटक हिजाब प्रतिबंध**

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पवित्र कुरान का व्याख्याकार नहीं है और कर्नाटक हिजाब प्रतिबंध मामले में उसके सामने यह दलील दी गई है कि अदालतें धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या करने के लिए सक्षम नहीं हैं। शीर्ष अदालत कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध हटाने से इनकार करने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दलीलें सुन रही थी।

उसने यह टिप्पणी तब की जब एक याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि जिस निर्णय को चुनौती दी गई है वह इस्लामी और धार्मिक दृष्टिकोण से संबंधित है।न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की एक पीठ ने कहा, एक तरीका कुरान की व्याख्या करने का है। हम कुरान के व्याख्याकार नहीं हैं। हम यह नहीं कर सकते और यही दलील भी दी गई है कि अदालतें धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या करने के लिए सक्षम नहीं हैं।

शीर्ष अदालत ने कई वकीलों की दलीलें सुनीं, जो याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए और विभिन्न पहलुओं पर जिरह की, जिसमें यह भी शामिल है कि हिजाब पहनना निजता, गरिमा और इच्छा का मामला है और क्या इसे पहनने की प्रथा आवश्यक है या नहीं। अधिवक्ताओं में से एक ने दलील दी कि जिस तरह से उच्च न्यायालय ने इस्लामी और धार्मिक परिप्रेक्ष्य में मामले की व्याख्या की, वह गलत आकलन था। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय ने भले ही कुछ भी कहा हो, लेकिन अब हम अपीलों पर स्वतंत्र विचार कर रहे हैं। अधिवक्ता शोएब आलम ने (शेष पेज 8)

# पिटबुल से डरे मालिक, अब नहीं पालना चाहते

## ऐनीमल संस्था के पास 200 कॉल्स आईं, 6 तो एनजीओ के बाहर पिटबुल बांधकर चले गए

**● एनजीओ इन कुत्तों की देखभाल कर रही, अब दी जाएगी ट्रेनिंग**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा-गाजियाबाद समेत देश के कई शहरों में पिटबुल अटैक की घटनाएं बढ़ी हैं। इसके बाद से पिटबुल पालने वाले लोग डर गए हैं। अब वे पिटुबल जैसी खूंखार प्रजाति के कुत्तों से पीछा छुड़ाने लगे हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग अपने पिटबुल रात में सड़कों पर बांधकर चले जा रहे हैं।

दरअसल, नोएडा की हाउस ऑफ द स्ट्रे एनीमल संस्था के पास देशभर से करीब 200 फोन कॉल्स आई हैं। फोन करने वाले चाहते हैं कि एनजीओ उनके कुत्ते की देखभाल करें। इतना ही नहीं 6 लोग तो अपने पिटबुल रात के वक्त एनजीओ कार्यालय के नजदीक बांधकर चले गए। अब एनजीओ इनकी देखभाल कर रहा है। नोएडा के सेक्टर-54 में हाउस ऑफ द स्ट्रे एनिमल्स संस्था का ऑफिस और स्टे दोनों है। ये संस्था करीब 10 साल से स्ट्रीट और पालतू कुत्तों की देखभाल कर रही है। संस्था के डायरेक्टर संजय मोहपात्रा ने बताया, लखनऊ में पिटबुल डॉग ने अपनी मालकिन को मार डाला। इसके बाद से लोग पिटबुल और अन्य



खूंखार प्रजातियों के डॉग्स को पालने से कतराने लगे हैं। उन्होंने बताया, पिछले डेढ़.दो महीने में मेरे पास यूपी, केरल, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड राज्यों से करीब 200 फोन कॉल्स आईं। कॉल करने वाले लोग पेट्स के शौकीन थे, लेकिन लखनऊ की घटना के बाद वे उसे पालना नहीं चाहते हैं। वे चाहते हैं कि इन कुत्तों की देखरेख हमारी एनजीओ करे। चूंकि हम पास इतनी जगह नहीं है कि हम देशभर के डॉग्स को रख सकें।

इसलिए हमने 15 काउंसलर्स की टीम बनाई है। ये काउंसलर्स उन लोगों को समझा रहे हैं, जिनकी फोन कॉल्स आ रही है। उनसे बातचीत करके डॉग्स को शांतिपूर्वक रखने के टिप्स दे रहे हैं। काउंसिलिंग का नतीजा यह हुआ है कि फोन करने वाले ज्यादातर लोग फिर से डॉग्स को रखने पर सहमत हो गए हैं। संजय मोहपात्रा ने बताया, पिछले कुछ दिनों में 6 पिटबुल हमारे पास आए हैं। इनके मालिक खुद इन्हें रात के वक्त एनजीओ के पास छोड़कर चले गए। जब हम सुबह के वक्त एनजीओ पहुंचे, तो देखा कि एनजीओ के पास कुत्ते बंधे हुए हैं। अब हमारी एनजीओ इन पिटबुल डॉग्स की देखभाल कर रही है। हम इन डॉग्स को प्रॉपर ट्रेनिंग देंगे। इनकी नसबंदी और वैक्सीनेशन कराएंगे, फिर इनके लिए सुरक्षित घर भी ढूंढ़ेंगे। डॉग्स अचानक खूंखार नहीं होते हैं। उन्हें पालने वाले लोग खान-पान, रहन-सहन में कोई न कोई कमी कर देते हैं। जिस वजह से कुत्ते खूंखार हो जाते हैं। इसलिए जरूरत है कि डॉग्स को एक बच्चे की तरह रखा जाए। गाजियाबाद और नोएडा में कुत्तों के काटने के रोजाना 400 से ज्यादा केस आ रहे हैं। डॉग्स अटैक की घटनाएं बढ़ने पर दोनों शहरों में हाउसिंग सोसाइटी ने कड़े नियम लागू किए हैं। इसके तहत सोसाइटी में सार्वजनिक स्थानों पर पालतू कुत्तों को घुमाने, उन्हें लिफ्ट में ले जाने पर बैन लगाई है। ब्रीडिंग का एरिया भी तय किया गया है। कई सोसाइटी में घुमाते वक्त मुंह पर जाली वाला मास्क अनिवार्य किया गया है।

# नोएडा में विश्व डेयरी सम्मेलन का समापन अगले साल अमेरिका करेगा मेजबानी



वर्ल्ड डेयरी समिट के समापन के मौके पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल।

**● पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करेगा डेयरी सेक्टरः गोयल**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित विश्व डेयरी सम्मेलन गुरुवार को समापन हो गया। इसके समापन सत्र में पहुंचे केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने लोगों को संबोधित किया। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत कृषि, डेयरी एवं उत्सर्जन की वजह से पर्यावरण पर विपरीत प्रभावों को कम करने के विश्वस्तरीय प्रयासों में योगदान देने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। गौरतलब है कि दुनिया के कुल दुग्ध उत्पादन में तकरीबन एक चौथाई योगदान भारत का है, देश में मवेशियों की आबादी भी सबसे अधिक है। वर्ल्ड डेयरी समिट की अगले साल अमेरिका मेजबानी करेगा।

आईडीएफ विश्व डेयरी सम्मेलन-2022 के दौरान पर्यावरण पर प्रभाव कम करने के लिए स्थायी डेयरी विषय पर सत्र को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि दुनिया में डेयरी का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते हमें इस दिशा में सबसे ज्यादा योगदान देना है। दूध का तकरीबन एक चौथाई उत्पादन भारत में ही होता है। भारत सरकार सहकारिता क्षेत्र एवं किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुझे विश्वास है कि आने वाले सालों में विश्वस्तरीय उत्पादन में भारत का योगदान और अधिक बढ़ेगा। जो छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जिनके पास लगभग 2.3 मवेशी होते हैं और ये मवेशी उनके लिए अतिरिक्त आय एवं पोषण उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा, जब हम गुणवत्ता के मानकों और स्थायित्व की बात करते हैं, भारत दुनिया के साथ कदम.से.कदम मिलाकर आगे बढ़ना चाहता है।

हम कृषि, डेयरी या उत्सर्जन की वजह से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के विश्वस्तरीय प्रयासों में योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन को भारत में एक टीम बनानी चाहिए, जो देश के विभिन्न हिस्सों में जलवायु का अध्ययन करे और इन्हें ध्यान में रखते हुए जलवायु परिवर्तन के व्यावहारिक समाधान खोजे, जो छोटे किसानों के लिए भी प्रासंगिक हों। गोयल ने कहा कि अगले 25 सालों में, हम 75 सालों से आगे बढ़कर 100 सालों की यात्रा पूरी करेंगे।

इन 1.3 बिलियन में से तकरीबन 70 मिलियन किसान हैं भारतीय किसान अपने मवेशियों की पूजा करते हैं। जहां तक जलवायु परिवर्तन के समाधानों का सवाल है, विकसित दुनिया इसमें पूरी तरह से असफल रही है। हम इतना बड़ा देश हैं, लेकिन हम सीएचजी में मात्र तीन फीसदी योगदान दे रहे हैं। सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने की। इस अवसर पर आईडीएफ के अध्यक्ष पियर क्रिस्टियानो ब्राजेल और महानिदेशक मिस कैरोलीन एडमंड भी मौजूद थीं। 1974 में इंटरनेशनल डेयरी कॉग्रेस के 48 साल बाद सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

# फिल्म सिटी के ग्लोबल टेंडर निकालने की तैयारी में जुटा यीडा

**● आज होने वाली बैठक में नए नियमों पर लग सकती है मुहर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण अब सेक्टर-21 में 1000 हेक्टेयर में प्रस्तावित फिल्म सिटी को अंतिम रूप देने में जुट गया है। इससे पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा।

तकरीबन दो माह पहले ग्लोबल टेंडर जारी किया गया था, लेकिन तकनीकी खामियों और नियमों की सख्ती के कारण इसे विकसित करने वाली कंपनियां पीछे हट गईं थीं। अब नियमों में ढील के साथ एक बार फिर ग्लोबल टेंडर जारी करने की कवायद शुरू की गई है।



शुक्रवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में नए प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। कयास लगाए जा रहे हैं कि शासन की मुहर के बाद दीपावली तक ग्लोबल टेंडर निकाला जाएगा। पुराने नियमों के मुताबिक ओटीटी प्लेटफार्म व फिल्म निर्माताओं को टेंडर डालने पर मनाही थी, लेकिन अब वह नियम बदल दिए गए हैं। इसके अलावा फिल्म सिटी में इस बार ऐसी कंपनियां भी भाग ले सकेंगी, जिनका फिल्म उद्योग से टर्नओवर कम है तो वह दूसरी कंपनी के टर्नओवर का 25 फीसदी इसमें जोड़ सकेंगी। इसमें पिछले तीन साल का टर्नओवर देखा जाएगा। पुराने ग्लोबल टेंडर के प्रति कंपनियों के रुचि न दिखाने के बाद शासन से लेकर यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों ने कमियों पर मंथन किया। इसके अलावा प्राधिकरण और शासन ने बॉलीवुड के कलाकारों और फिल्म निर्माताओं से फिल्म सिटी को लेकर फीडबैक लिया।

इस प्रक्रिया के तहत कई नए सुझाव आए और फिल्म सिटी की गाइडलाइन में बदलाव करना पड़ा। अब एक बार फिर शासन के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक होगी और फिर योजना को कैबिनेट में भेजा जाएगा। वहां से पास होने के बाद दिवाली के आसपास फिल्म सिटी का ग्लोबल टेंडर निकाला जाएगा।

## बदमाशों ने सरेराह भाजपा पार्षद से चेन लूटी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में गुरुवार सुबह बीजेपी पार्षद से बदमाशों ने सोने की चेन छीनकर भाग गए। चेन रुद्राक्ष के अंदर पिरोई हुई थी। पार्षद की शिकायत पर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में वैभव खंड के पार्षद अभिनव जैन हैं। अभिनव गुरुवार सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर जनता से संपर्क करने के लिए पार्क से बाहर निकले। इस दौरान वे एक व्यक्ति से सड़क पर खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। तभी बाइक पर 2 बदमाश आए। गले में पड़ी सोने की चेन तोड़कर ले गए। पार्षद ने बताया हमें पीछे से किसी ने जोर से खींचा और फटने जैसी आवाज आई।

# संक्षिप्त समाचार



एनसीआर में सैकड़ों वारदातों को अंजाम देने वाले पुलिस गिरफ्त में।

### गुमशुदा बच्चों को माता-पिता से मिलवाया

**गाजियाबाद।** वृंदावन कॉलोनी में रहने वाले एक बच्चे को अगवा किए जाने की सूचना मिलते ही विजयनगर थाने के एसएचओ योगेंद्र सिंह के अलावा संबंधित चौकी के प्रभारी भी पुलिस के साथ बताये गये स्थान की ओर दौड़ पड़े। वहां पहुंचने के बाद पुलिस को पता चला कि वृंदावन कॉलोनी में रहने वाले दंपत्ति का नाबालिग पुत्र लापता हो गया है। इस संदर्भ में एसएचओ थाना विजयनगर योगेंद्र सिंह ने बताया कि इसके बाद पुलिस की कई टीम लापता बच्चे की बरामदगी के लिए लग गईं। लगभग पौने दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने लापता बच्चे को बरामद करके जहां वारदात घटित होने से बचा लिया, वहीं बच्चे के अलावा उसके माता-पिता को भी बड़ी राहत दी।

### रिटायर्ड अधिकारी के घर से लाखों के आभूषण चोरी

नोएडा। दो चोरों ने ताला ठीक करने के बहाने सेक्टर.49 में पीएमओ से रिटायर्ड अधिकारी के घर से लाखों रुपये के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। दोनों आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। इस संबंध में पीड़ित ने सेक्टर.49 थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर 49 के सी ब्लॉक निवासी यशपाल महाजन ने बताया कि वह प्रधानमंत्री कार्यालय से रिटायर्ड अधिकारी हैं। उन्होंने बुधवार को अपने घर पर ताला ठीक करने के लिए दो लोगों को बुलाया था। दोनों उनके घर के अंदर का ताला ठीक करे थे। इसी बीच आरोपियों ने यशपाल की तिजोरी को खोल लिया। इसमें से चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण और अन्य सामान चोरी कर लिया। वारदात के बाद आरोपियों ने तिजोरी को बंद कर दिया और घर से चले गए। इसके कुछ देर बाद पीड़ित को वारदात का पता चला। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों आरोपी नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में नजर आ रहे हैं। पुलिस उनकी पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### किसान एकता संघ के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मिक्सन बिल्डर की साइट पर किसान एकता संघ के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा काटा। इस दौरान किसान यूनियन के कार्यकर्ता बिल्डर के साइट ऑफिस में पहुंच गए और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल्डर के द्वारा धोखाधड़ी की जा रही है और एक ही फ्लैट को 2 लोगों को बेचा जा रहा है उसी को लेकर लोगों के द्वारा प्रदर्शन किया गया। किसान एकता संघ के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वनीस प्रधान ने बताया कि पिछले साल मैने एक विला मिग्सन में बुक किया था। उन्होंने कई बार मुझसे पैसे मांगे जो कि मैंने जमा कर दिए। करीब 35 लाख रुपये वो एडवांस में दे चुके है। उसके बाद मैंने लोन के लिए अपने कागजात भी मिक्सन के ऑफिस में दे दिए। लेकिन जब मैं यहां आया तो मुझे पता चला कि यहां पर काम चल रहा है मैंने पूछा तो पता चला कि मेरा विला तो किसी और के नाम अलॉट हो चुका है। वनीस प्रधान ने बताया कि जब उन्होंने कंपनी के जनरल मैनेजर से इस बारे में बात की तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा बुक किया हुआ 117 नम्बर विला किसी अन्य के नाम पर अलॉट हो गया है।35 लाख रुपये देने के बाद उन्होंने खुद को ठगा महसूस किया और उसके बाद किसान यूनियन को इसकी जानकारी दी। गुरुवार को किसान यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ता इकठा होकर मिग्सन की साइट पर पहुचे और जमकर हंगामा काटा।

# नोएडा में 4 साल की बच्ची से डिजिटल रेप

**● स्कूल के बाथरूम में हुई घटना, डॉक्टर के पास जाने पर बच्ची ने बताया**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में 4 साल की बच्ची के साथ डिजिटल रेप का मामला सामने आया है। घटना बच्ची के साथ सेक्टर-37 स्थित स्कूल के बाथरूम में हुई। बच्ची की मां ने इस बारे में सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस स्कूल में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया, स्कूल की 7 और 8 सितंबर की फुटेज खंगाली है। 7 सितंबर की फुटेज में बच्ची स्कूल के बाथरूम में जाती नजर आ रही है। इसके कुछ देर बाद वह बाहर आ जाती है।

इस दौरान उसके साथ कोई भी नजर नहीं आया। पुलिस का दावा है कि मेडिकल जांच में रेप की पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद से बच्ची के शरीर में खुजली हो रही थी। ये बात उसने परिजनों को बताई। घर में पाउडर लगाया। लेकिन खुजली में राहत नहीं मिली। इसके बाद उसे डॉक्टर के पास लेकर गए। वहां डाक्टर ने जब उससे पूछा तो उसने जानकारी दी। इसके बाद उसने अपनी मां को बताया। एसीपी ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की चार टीमें बनाई गई है। टीमें अपने स्तर पर पूछताछ कर रही है।

डिजिटल रेप शब्द दो शब्दों डिजिट और रेप को जोड़कर बना है। अंग्रेजी शब्दकोश में डिजिट उंगली, अंगूठा, पैर की उंगली को भी कहा जाता है। अगर कोई शख्स महिला की बिना सहमति के उसके प्राइवेट पाट्र्स को अपनी अंगुलियों या अंगूठे से छूता है, तो यह डिजिटल रेप कहलाता है। विदेश की तरह भारत में इसके लिए कानून बना है।

## अश्लील हरकत के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के तुगलपुर गांव में रहने वाली एक 11 वर्षीय छात्रा के साथ ट्यूशन टीचर ने अश्लील हरकत की। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि एक 11 वर्षीय छात्रा तुगलपुर गांव में रहने वाले आर्मी से रिटायर्ड श्याम सिंह के पास ट्यूशन पढ़ने जाती थी। उन्होंने बताया कि छात्रा के परिजनों ने आरोप लगाया है कि श्याम सिंह ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत की। उन्होंने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

# यूपी रेरा का बकाया न देने पर बिल्डर का कार्यालय सील

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) का करोड़ों रुपया का बकाया न देने पर तहसील दादरी के अधिकारियों ने एक बिल्डर के कार्यालय को सील कर दिया है।

दादरी के उप-जिलाधिकारी आलोक गुप्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिल्डर केलटेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का यूपी रेरा पर 3.74 करोड़ रुपए का बकाया है, जिसकी वसूली के लिए रेरा ने रिकवरी नोटिस जारी किया था। गुप्ता के मुताबिक, बकाया वसूलने के लिए दादरी तहसील की टीम कई बार बिल्डर के यहां गई और उसे नोटिस दिया, लेकिन बिल्डर ने बकाया नहीं चुकाया। बिल्डर के प्रोजेक्ट पर मुनादी भी कराई गई, लेकिन बावजूद इसके उसकी तरफ से पैसा जमा नहीं कराया गया। गुप्ता के अनुसार, बुधवार को तहसील की राजस्व टीम ने बिल्डर के ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16 स्थित कार्यालय को सील कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर बिल्डर बकाया राशि जमा नहीं करेगा तो उसकी संपत्ति को कुर्क किया जाएगा।

## दादरी थाने में तैनात दरोगा की हार्ट अटैक से मौत

**नोएडा।** हार्ट अटैक से एक सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। दादरी थाने के अजायबपुर चौकी पर तैनात एक 58 वर्षीय पुलिसकर्मी को सुबह में अचानक सांस लेने में दिक्कत हुई और उन्हें अस्पताल ले जाएगा। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सब इंस्पेक्टर धीर सिंहदादरी थाना क्षेत्र की अजायबपुर चौकी पर तैनात थे। वह पीसीआर से गश्त कर रहे थे और सुबह अचानक उनको सांस लेने में दिक्कत होने लगी। उन्हें ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया लेकिन यथार्थ अस्पताल में पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# स्पा सेंटर में कर्मचारी से मारपीट करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर 20 थानाक्षेत्र के सेक्टर 18 में एक स्पा सेंटर में कर्मचारियों के साथ मारपीट करने एवं उन्हें बंधक बनाने के आरोप में पुलिस ने एक बहुचर्चित नेता और उसके साथी को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) आशुतोष त्रिवेदी ने बताया कि सेक्टर 18 में एक स्पा सेंटर में बीती रात को गाजियाबाद के पवन पांडे तथा उसके दोस्त राजेश राजेश तोमर मसाज कराने पहुंचे तथा उन्होंने वहां कर्मचारी राज के साथ मारपीट की एवं उसे बंधक बना लिया। उन्होंने बताया कि राज की शिकायत पर पुलिस ने पवन पांडे और राजेश तोमर को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। बताया जाता है कि आरोपी पवन पांडे गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित एक सोसाइटी में रहता है जहां उसने एक व्यक्ति और उसकी बहन के साथ मारपीट किया था। इस मामले में गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज है।




स्पा सेंटर में कर्मचारी से मारपीट करने वाला पवन पांडे पुलिस गिरफ्त में।

## यूरोप में नौकरी दिलाने के नाम पर डॉक्टरों से ठगी

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 20 थानाक्षेत्र में कई डॉक्टरों को यूरोप में नौकरी दिलवाने के नाम पर उनसे कथित रूप से लाखों रुपए की ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि डॉक्टर अतुल वर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरिडियन ओवरसीज नामक एक कंपनी के लोगों ने उनसे तथा उनके कई साथियों से संपर्क किया। सिंह के अनुसार कंपनी के लोगों ने उन्हें यूरोप में मेडिकल स्टाफ के रूप में नौकरी दिलवाने के नाम पर उनसे करीब तीन लाख रुपए ठग लिए।


# यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने रचा एक और इतिहास

**● यूपी में सर्वाधिक सेवा करने वाले अधिकारी बने अरुणवीर सिंह**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

विकास पुरुष के नाम से प्रसिद्ध हो चुके आईएएस अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने एक और नया इतिहास रच दिया है। श्री सिंह उत्तर प्रदेश के पहले ऐसे अधिकारी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार 41 वर्षों तक सरकारी सेवा की है।

सब जानते हैं कि डॉ अरुणवीर सिंह इन दिनों उत्तर प्रदेश के नए विकसित हो रहे यमुना सिटी के विकास का काम कर रहे यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। 14 सितंबर 1981 हिन्दी दिवस के दिन एक पीसीएस अधिकारी के तौर पर उत्तर प्रदेश की सेवा में आए थे।



डॉ अरुणवीर सिंह

14 सितंबर-2022 को उन्होंने सरकारी सेवा के 41 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 41 वर्ष तक लगातार सरकारी सेवा करने वाले वह उत्तर प्रदेश के पहले आईएएस अधिकारी बन गए हैं। अधिकतम 38 वर्ष की सेवा करके अधिकारी सेवानिवृत्त होते रहे हैं। अभी दो माह पूर्व की बात है, जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर से डॉ अरुणवीर सिंह पर भरोसा जताते हुए उनका कार्यकाल तीसरी बार एक साल के लिए बढ़ा दिया था।

इस विस्तार के साथ ही यह तय हो गया है कि जेवर एयरपोर्ट से पहली फ्लाईट उडने तक डा अरुणवीर सिंह ही यमुना विकास प्राधिकरण तथा नोएडा एंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड यानि मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने रहेंगे। उनके सेवा विस्तार यानि कार्यकाल बढ़ाने का आदेश 15 जुलाई 2022 को जारी कर दिया गया है। यह उनका तीसरा सेवा विस्तार एग्रीमेंट है। डॉ अरुणवीर सिंह उत्तर प्रदेश लोक सेवा यानि पीसीएस संवर्ग के प्रशासनिक अधिकारी थे। वर्ष.2006 में प्रोन्नत होकर आईएएस बने थे। वर्ष-1959 में बस्ती अब सिद्धार्थनगर में जन्में डॉ अरुणवीर सिंह 30 जून 2019 में यमुना एक्सप्रेस.वे प्राधिकरण व नियॉल के सीईओ रहते हुए सेवानिृत्त हो गए थे।

उस दौरान नोएडा एयरपोर्ट को लेकर जमीन अधिग्रहण का कार्य चल रहा था। ऐसे में प्रदेश सरकार ने डा सिंह के सेवानिृत्त होने के बाद 13 जुलाई 2019 को यमुना प्राधिकरण व नियॉल के सीईओ के तौर पर एक साल तक सेवा विस्तार बढ़ा दिया। अब यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह को देश के उन गिने-चुने अफसरों में शुमार किया जाता है, जिनको विकास पुरूष की संज्ञा दी जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें सेवानिृत्त होने के बाद भी 3 वर्षों से एग्रीमेंट के आधार पर सीईओ के पद पर ही कायम रखा है।

# सर तन से जुदा करने की मिली धमकी, धरने पर बैठे भाजपा नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में सर तन से जुदा करने की धमकी मिलने के मामले में आरोपियों के नहीं पकड़े जाने पर बीजेपी नेता महंत मार्तंड पशुपति उर्फ पंकज त्यागी गुरुवार को कलक्ट्रेट परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए।

उन्होंने गाजियाबाद पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि अगर शुक्रवार तक साहिबाबाद थाना इंस्पेक्टर निलंबित नहीं हुए तो वे आत्मदाह कर लेंगे।

आरोप लगाया कि पुलिस विपक्षियों से मिलकर मेरी हत्या कराना चाहती है। बीजेपी नेता का आरोप है कि उन्हें धमकी मिलने के बावजूद इंस्पेक्टर यह कहते हैं कि धमकी भरी चिट्ठी भेजने का काम किसी बच्चे का होगा। पंकज त्यागी को 30 अगस्त को धमकी भरा पत्र मिला था। पत्र में लिखा था. तुम्हें संदेश मिला है के नहीं, या होर संदेश भेजें तुम्हें। तुम्हारी एक ही सजा, सर तन से जुदा। पंकज त्यागी पशुपति नाथ अखाड़े से भी जुड़े हुए हैं। उधर, पूरे मामले में गाजियाबाद के एसएसपी मुनीराज जी का कहना है कि एसपी सिटी द्वितीय और साहिबाबाद सीओ की टीमें इस केस में काम कर रही हैं। जो चिट्ठी आई थी, उसकी भी जांच.पड़ताल कराई जा रही है। पंकज त्यागी जिस इलाके में रहते हैं, वहां आसपास पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। उन्हें एक गनर भी मुहैया करा दिया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एसीबी करेगी 4 उपप्रधानाचार्यों की जांच

## अतिथि शिक्षकों के नाम पर फर्जी वेतन भुगतान मामले में एलजी की कार्रवाई

● उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के सरकारी स्कूल के चार सेवारत और सेवानिवृत्त उपप्रधानाचार्यों के भ्रष्टाचार की जांच भ्रष्टाचार निवारण शाखा करेगी। इन लोगों पर गेस्ट टीचरों के नाम पर फर्जी तरीके से वेतन लेने, धोखाधड़ी करने का आरोप है। मामले में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सख्ती दिखाते इन लोगों के खिलाफ एसीबी जांच की मंजूरी दे दी है।

सूत्रों के मुताबिक, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत आने वाले मानसरोवर पार्क स्थित ब्वायॅज सीनियर सेकेंडरी स्कूल (जीबीएसएसएसआई) के चार सेवानिवृत्त और सेवारत उप प्रधानाचार्यों के खिलाफ जांच की अनुमति दी। इनमें छोटे लाल


उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना

शास्त्री, पीजीटी संस्कृत उप प्रधानाचार्य (सेवानिवृत्त), सत्येंद्र कुमार शर्मा, उप प्रधानाचार्य (सेवानिवृत्त), राजीव कुमार उप प्रधानाचार्य और रविन्द्र कुमार जाटव उप प्रधानाचार्य पर सरकारी धन का दुरूपयोग, गबन करने और फर्जी अतिथि शिक्षकों का वेतन हड़पने का आरोप है।

जीबीएसएसएस नंबर 1 की वर्ष एक अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2018 के बीच नवंबर 2018 में किए ऑडिट मे अतिथि शिक्षकों के वेतन के बिल तैयार करने में विसंगतियां और अनियमितताएं और दुरुपयोग करने का मामला सामने आया था।

जांच में यह भी पता चला कि तीनों व्यक्तियों को 4,21,656 रुपये का भुगतान किया गया जिनमें समीक्षा आर्य 1,35,900 रुपये, उमा शास्त्री 1,42,078 रुपये और छोटे लाल को 1,43,678 रुपये दिए गए जबकि सच्चाई यह है कि इन तीनों में से किसी को भी स्कूल में नियुक्त नहीं किया गया था।

हैरानी वाली बात यह है कि उमा शास्त्री वाइस प्रिंसिपल छोटे लाल शास्त्री की पत्नी थीं। दिल्ली सरकार के स्कूलों में लगभग 25,000 संविदा पर गेस्ट टीचरों की नियुक्ति में घोटाले का यह एक मामला हो सकता है। जिसमें स्थायी रिक्तियों की जगह फर्जी गेस्ट टीचर्स की फर्जीवाड़ा कर नियुक्ति को दिखाया जाना शामिल है।

आशंका है कि जांच के बाद कुछ और तथ्य सामने आ सकते हैं। यदि सिर्फ 3 फर्जी शिक्षकों के नाम पर 4 लाख की राशि हेराफेरी हो सकती है, ऐसे में हजारों अतिथि शिक्षकों से जुड़ा यह घोटाला हजारों करोड़ का हो सकता है।

आशंका है कि भ्रष्टाचार निरोधक शाखा द्वारा जांच करने पर इससे जुड़े कई और तथ्य चौकाने वाले सामने आ सकते हैं। क्योंकि इस तरह के फर्जीवाड़े में शिक्षा विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत हो सकती है।

# गुजरात ऑटोरिक्शा मामला : केजरीवाल को ऑटो उपहार में देने पहुंचे भाजपा विधायक



मुख्यमंत्री आवास पर ऑटो लेकर पहुंचे भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा के विधायक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पांच ऑटोरिक्शा उपहार में देने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। कुछ दिन पहले ही आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल की अहमदाबाद में ऑटो रिक्शा में यात्रा करने को लेकर गुजरात पुलिस के अधिकारियों से बहस हुई थी।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री के फ्लैगस्टाफ रोड आवास के बाहर कहा कि केजरीवाल के काफिले में 27 गाड़ियां होती हैं और उनकी सुरक्षा में 200 कर्मी तैनात रहते हैं और फिर भी उन्होंने गुजरात में ऑटोरिक्शा में यात्रा करने पर जोर देकर नौटंकी की। इसलिए भाजपा विधायक उन्हें ऑटो उपहार में दे रहे हैं ताकि दिल्ली में तिपहिया वाहनों में चलने की उनकी इच्छा पूरी हो सके। केजरीवाल ने हाल में अपनी दो दिन की गुजरात यात्रा के दौरान 12 सितंबर को अहमदाबाद में एक ऑटोरिक्शा चालक के आवास पर रात्रि भोजन किया था।

ऑटो चालक उन्हें उस पांच सितारा होटल से लेकर गया था जहां वह ठहरे थे। इस दौरान गुजरात पुलिस ने केजरीवाल को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ऑटो में जाने से रोकने का प्रयास किया। बाद में एक पुलिसकर्मी ऑटो चालक के पास बैठ गया और पुलिस की दो गाड़ियां भी ऑटो के साथ रहीं।

सिसोदिया की चुनौती

# स्टिंग में सच्चाई है तो चार दिनों के भीतर गिरफ्तार करें



**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया नई आबाकारी नीत में कथित घोटाला मामले में हुए स्टिंग ऑपरेशन पर भाजपा पर पटलवार किया है। उन्होंने चुनौती दी कि अगर आरोप सच हैं तो जांच एजेंसी उन्हें चार दिनों के भीतर गिरफ्तार करे। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि अगर सीबीआई उन्हें गिरफ्तार नहीं करती है तो माना जाएगा कि कथित स्टिंग वीडियो दिल्ली की अरविंद केजरीवाल नीत सरकार को अस्थिर करने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालयों में रची गई साजिश का हिस्सा तथा एक और झूठ है।

मनीष सिसोदिया ने यह भी मांग की कि अगर सीबीआई तथाकथित स्टिंग ऑपरेशन वाले वीडियो में लगाए गए आरोपों के आधार पर उन्हें सोमवार तक गिरफ्तार करने में विफल रहती है, तो प्रधानमंत्री यह स्वीकार करते हुए माफी मांगें कि उनके कार्यालय के लिए इस तरह की साजिशों में लिप्त होना गलत है। इससे पहले भाजपा ने आरोप लगाया कि राजधानी की आम आदमी पार्टी (आप) घोटाले के उद्देश्य से नई आबकारी नीति लेकर आई थी ताकि चुनिंदा लोगों को इसका फायदा मिले और इससे अर्जित धन का इस्तेमाल पंजाब और गोवा के विधानसभा चुनावों में किया जा सके।

# कचरा मुक्त शहरों के लिए लीग से जुड़ीं बड़ी हस्तियां

● सेवा दिवस 17 सितंबर को इंडियन स्वच्छता लीग में हाथ आजमाएंगे शंकर महादेवन, वेंकटेश अय्यर, किरण खेर


केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शहरों को कचरा मुक्त रखने के लिए एक अनूठी पहल शुरू की जा रही है। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तत्वावधान में इंडियन स्वच्छता लीग सेवा दिवस 17 सितंबर को आयोजित की जाएगी। इस अनूठी पहल को कामयाब बनाने के लिए बड़ी-बड़ी हस्तियां इससे जुड़ रही हैं।

केंद्र सरकार की ओर से युवाओं में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए शुरू हो रही इस प्रतियोगिता में बनारसी वॉरियर्स, आरा योद्धा, ग्रीन गार्जियन, नवी मुंबई ईको नाइट्स, चंडीगढ़ चैलेंजर्स, इनक्रेडिबल स्वच्छ इंदौरीज जैसी टीमें खेलेंगी। महाराष्ट्र की टीम नवी मुंबई ईको नाइट्स को प्रसिद्ध गायक और संगीतकार पद्म पुरस्कार विजेता शंकर महादेवन ने समर्थन दिया है और खुद इस टीम के कप्तान बने हैं। इसी प्रकार इंदौर की टीम इनक्रेडिबल स्वच्छ इंदौरीज का नेतृत्व विख्यात क्रिकेटर वेंकटेश अय्यर करेंगे। वहीं चंडीगढ़ की टीम चंडीगढ़ चैलेंजर्स की अगुवाई सांसद एवं अभिनेत्री किरण खेर करेंगी।

इस विशेष प्रतियोगिता में बिहार के भभुआ जिले की भभुआ चैंपियंस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी जिले की बनारसी वॉरियर्स सहित देश भर के छोटे-बड़े 1850 से अधिक शहरों की टीमें हिस्सा लेंगी। दिल्ली स्वच्छता प्रहरी और एनडीएमसी वॉरियर्स, नम्मा चेन्नई, अदम्य बेंगलुरु, हेरिटेज अहमदाबाद और हैदराबाद स्वच्छ चैंपियंस लीग में पंजीकृत मेगा सिटी की टीमें हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बीते 9 सितंबर को स्वच्छ अमृत महोत्सव शुरू करने की घोषणा की थी, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इंडियन स्वच्छता लीग में एक इंटर-सिटी स्वच्छता प्रतियोगिता होगी। पत्येक शहर की टीम समुद्री तटों, पहाड़ी इलाकों और पर्यटन स्थलों को कचरा मुक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य निर्वाचन आयोग ने जारी की बीएलओ ई-पत्रिका



**नई दिल्ली।** भारत के चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी के हैबीटेट सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में ऑनलाइन बीएलओ ई-पत्रिका जारी किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह व वरिष्ठ अधिकारी समेत देश के कई राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और 350 बीएलओ (बूथ लेबल ऑफिसर) शामिल हुए। इस कार्यक्रम को ईसीआई यूट्यूब चैनल पर भी लाइव स्ट्रीम किया गया था और उनकी भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए 10 लाख से अधिक बीएलओ के साथ साझा किया गया।

### पराली से निपटने के लिए शुरू होगी पायलट परियोजना

**नई दिल्ली।** पंजाब और दिल्ली सरकार पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए एक पायलट परियोजना शुरू करेंगी। परियोजना के तहत राज्य में पांच हजार एकड़ में बायो डीकंपोजर का छिड़काव किया जाएगा। पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठकें हुई हैं। किसानों द्वारा पराली जलाने के कारण होने वाले प्रदूषण के प्रबंधन को लेकर बुधवार को धालीवाल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने इस विषय पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ बातचीत किया। पायलट परियोजना की शुरुआत दोनों राज्यों की सरकारें संयुक्त रूप इस मुद्दे पर काम करेंगी।

### दिल्ली दंगे: आग लगाने के आरोप में पांच बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में उत्तरपूर्व दिल्ली में हुए दंगे मामलों से जुड़े एक मामले में पांच लोगों को दुकान में आग लगाने के आरोपों से मुक्त कर दिया और कहा कि दुकान की तस्वीरों से ऐसा नहीं लगता कि दुकान में आग लगाई गई। अदालत ने यह भी कहा कि वह शिकायतकर्ता तथा अन्य की गवाही पर आंख बंद करके फैसला नहीं ले सकती। अदालत ने हालांकि कहा कि दंगे के आरोप में इन पर मुकदमा चलाया जाएगा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचाला ने इस मामले को संबंधित मजिस्ट्रेट की अदालत में स्थानांतरित किया। अदालत फरवरी 2020के एक मामले में सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाए गए थे कि मंजूर अली की दुकान को क्षतिग्रस्त किया गया था, लूटा गया और बाद में दंगाइयों ने उसे आग के हवाले कर दिया था।




# सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और सड़कों की समस्याओं पर पार्षदों का रहा जोर



गुरुग्राम नगर निगम की सामान्य बैठक में अपनी बात रखते पार्षद।





गुरुग्राम नगर निगम की सामान्य बैठक में मौजूद मेयर टीम व अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### गुरुग्राम ननि की मेयर की अध्यक्षता में आयोजित हुई सदन की सामान्य बैठक

### मेयर ने अधिकारियों को आमजन से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**गुरुवार** को मेयर मधु आजाद की अध्यक्षता में नगर निगम गुरुग्राम सदन की सामान्य बैठक हुई। स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में हुई इस बैठक में विभिन्न वार्डों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श उपरान्त उन्हें पारित किया गया। बैठक में सीवरेज, स्ट्रीट लाइट्स, सड़कों और पार्कों में व्याप्त समस्याओं पर पार्षदों का जोर रहा।

बैठक में मेयर मधु आजाद ने कहा कि नगर निगम आमजन को सुविधाएं प्रदान करने वाली बॉडी है। हमारा फोकस यही होता है कि गुरुग्राम के नागरिकों को बेहतर मुलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन से जुड़ी शिकायतों का समाधान तत्परता से करें, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि निगम पार्षद जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं तथा वे आमजन से जुड़े मुद्दे अधिकारियों के समक्ष रखते हैं। पार्षदों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेकर कार्रवाई की जाए।

नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने कहा कि निगम क्षेत्र में रेहड़ी-पटरी की समस्या के समाधान के लिए योजना तैयार की गई है। इसके तहत इन्हें नजदीकी वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाएगा। वेंडिंग जोन से बाहर जो भी रेहडियां होंगी, उन्हें जब्त कर लिया जाएगा। पानी का दुरूपयोग करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। स्ट्रीट लाईट के बारे में उन्होंने कहा कि इस दिशा में भी बेहतर कार्य किया जा रहा है।

### बैठक में पार्षदों ने अनेक मुद्दों को उठाया

**निगम** पार्षद मिथलेश बरवाल ने वार्ड-1 से संबंधित लंबित विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करवाने व विकास कार्यों से संबंधित लंबित फाईलों को शीघ्र अतिशीघ्र पास करवाने, निगम पार्षद शकुंतला यादव ने धर्म कॉलोनी, ओम विहार, नोबल एन्कलेव, सतगुरू फार्म, एकता एन्कलेव व पालम विहार एक्सटेंशन में सफाई कर्मचारी लगाने व पालम विहार में स्ट्रीट लाईट पोल लगवाने, निगम पार्षद रविन्द्र यादव ने वार्ड-2 से रेहड़ी हटवाने एवं गांव के रास्तों को कब्जा मुक्त करवाने तथा सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, निगम पार्षद विरेन्द्रराज यादव ने ओल्ड दिल्ली रोड़ पर स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज निर्माण, निगम पार्षद अनूप सिंह ने सुखराली जोहड़ का नाम सुखराम भांबू लेक करने व सामुदायिक केन्द्र सेक्टर-14 में नियमित कर्मचारी की नियुक्ति करने, निगम पार्षद शीतल बागड़ी ने पंजीरी प्लांट में सामुदायिक केन्द्र, अंडरग्राऊंड पार्किंग, लाईब्रेरी, म्यूजियम व छठ पूजन घाट निर्माण तथा वार्ड के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव रखा। वार्ड में कुत्ते, बंदर की समस्या का शीघ्र समाधान करवाने, निगम पार्षद मधु बत्रा ने अर्जुन नगर की गली नंबर-5, 6 व 12 और मदनपुरी की गली नंबर-11 में पानी की लाईन डलवाने, अर्जुन नगर में पानी का ट्यूबवैल लगाने, निगम पार्षद कपिल दुआ ने राजीव कॉलोनी में शेष बचे क्षेत्र को नियमित करवाने एवं रेवेन्यू रास्तों को बनवाने तथा बेरीवाला बाग में एक सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करवाने का प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा।

# नगर परिषद के सफाई कर्मी शहर में कम निजी सेवा में अधिक तैनात

### रसूखदार लोगों के यहां तैनाती के चलते शहर में सफाई व्यवस्था चौपट हुई

### तैनाती से नप को छह दर्जन कर्मियों का करना पड़ रहा लाखों रुपये माह का

एन. रोहिल्ला। सोहना

**नगर** परिषद के सफाई कर्मचारी शहर में कम आशाओं और अन्य विभागों के कार्यालयों में अधिक तैनात किए हुए हैं। 30 से 40 फीसदी सफाई कर्मी शहर की सफाई करने में कम लगे हैं। जिससे शहर में सफाई व्यवस्था चौपट होकर रह गई है।

इसे नगर परिषद के अधिकारियों की मनमानी कहें अथवा लापरवाही। परिषद में नियुक्त सफ ाई कर्मचारियों को सुपरमैनों की सेवा में तैनात कर दिया है। जिनकी संख्या करीब 6 दर्जन है। ऐसे कर्मचारियों के वेतन का भुगतान परिषद विभाग कर रहा है। जिसके कारण लाखों रुपये माह का दुरुपयोग हो रहा है। सूत्र बताते है कि इसके अलावा परिषद अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों व निजी सम्बन्धियों को भी नियुक्त किया हुआ है। ऐसे सफाई कर्मियों को वेतन देने के समय में ही बुलाया जाता है। या फिर परिषद अधिकारी अपने वाहन साफ करवाने से लेकर निजी कार्यों में लगाए रखते है। अधिकारी सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात कर्मचारी को मनमर्जी न मानने वाले को सजा देने के तौर पर दूसरे विभाग में भेज देते हैं।

मालूम रहे कि शहर में सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से चौपट है। जगह-जगह गन्दगी के ढेर लगे हुए हैं। जिससे कस्बे के बाजारों में दुर्गंध व बदबू रहती है। परिषद सफाई व्यवस्था पर हर माह करीब 50 लाख रुपये खर्च कर रही है। जिसमे डोर टू डोर योजनाए स्थायी कर्मचारीए ठेकेदार कर्मचारी, पालिका रोल कर्मचारी शामिल हैं। किंतु सफाई फिर भी जीरो है। परिषद में कुल 185 सफाई कर्मचारी नियुक्त हैं। जिनमें स्थायी 10, पालिका रोल पर 122 व ठेकेदार के तहत 53 कर्मचारी तैनात हैं। वहीं हैरत की बात है कि परिषद अधिकारियों ने सभी नियमों को ताक पर रखा हुआ है।

> **इन स्थानों पर है सफाई कर्मियों की तैनाती**
>
> **नगर** परिषद के करीब 6 दर्जन कर्मचारी तहसील, विधायक निवास, विधायक आफि स, पूर्व विधायक, नूह विधायक, पुलिस चौकी, पुलिस थाना, अस्पताल, अरावली आदि में नियुक्त हैं। जिनपर लाखों रुपये के वेतन का भार परिषद उठा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम विवि में चलाया गया हिंदी हस्ताक्षर अभियान



विजेता छात्र को पुरस्कृत करते कुलपति।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में गुरुवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सात दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन हिंदी हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय में इंजीनियर दिवस भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जीयू के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रिकर्सन गेम्स, लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए। इस अवसर पर गुरुग्राम कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि व रेसोमेटा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक मोहित कादयान ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन हिंदी हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार ने स्वयं हिंदी में हस्ताक्षर कर सभी को हिंदी में हस्ताक्षर करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षकों,कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने हिंदी में अपने हस्ताक्षर कर स्वयं को गौरवमय अनुभव किया व हिंदी भाषा को पूर्ण सम्मान व स्नेह देने का आश्वासन भी दिया। इंजीनियर दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विवि के 120 छात्रों ने पूरे उत्साह से भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जतिन विजयी रहा। रिकर्सन गेम्स में प्रकृति ने पहला, नितिन ने दूसरा, लक्ष्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लोगो डिजाइनिंग में विनीत की टीम ने बाजी मारी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी। इंजीनियर दिवस मनाने का महत्व बताते हुए कहा कि इंजीनियर दिवस प्रत्येक वर्ष भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है।

### पांच लाख ठगी मामले की जांच सीआईए को सौंपी

**सोहना।** जीजा-साले से नौकरी लगाने की एवज में हुई पांच लाख रुपये की ठगी मामले की जांच अब अपराध शाखा पांच पुलिस करेगी। सोहना सदर थाना पुलिस जांच फाइल को उच्चाधिकारियों के आदेश पर तीन दिन पहले अपराध शाखा पांच पुलिस को दे दी गई है। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेश पर दर्ज नौकरी की एवज में पांच लाख रुपये ठगी मामले की जांच अब अपराध शाखा पांच पुलिस करेगी। सोहना निवासी अनिल सैनी ने दमदमा निवासी रघुराज व दिल्ली मयूर विहार निवासी आकिब और पन्नालाल के खिलाफ-ग्रीवेंस कमेटी में नौकरी के नाम पर पांच लाख रुपये ठगने की शिकायत की थी। सोहना सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी थी। सदर थाना पुलिस ने तुरन्त प्रभाव से दमदमा निवासी रघुराज को नोटिस जारी करते हुए हाजिर होने को कहा गया था लेकिन उच्चाधिकारियों ने जांच को सितम्बर को अपराध शाखा पांच को जांच करने के आदेश जारी कर दिए। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि जांच फाइल सीआईए पांच को सौंप दी है।

### पिकअप चालक की पिटाई कर गंभीर हालत में सड़क पर फेंका

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर गांव धुनेला के पास बुधवार-गुरुवार की माध्यरात्रि पिकअप को रुकवा उसके चालक को युवकों ने लात घूसों से पीट-पीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। चालक की पिटाई करने वाले युवक अपने आपको-गोरक्षक दल का सदस्य बता रहे थे। पिकअप में जांच करने पर सैंकड़ों किलोग्राम ऊंट का मांस भरा हुआ था। बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि गुरुग्राम से जिला नूंह के गांव घासेड़ा पिकअप में ऊंट का मांस भरकर ले जा रहे चालक आरिफ को धुनेला के पास युवकों ने रुकवा लिया। युवक ने पिकअप में गो का मांस भरा होने की आशंका में रुकवाया था। जिसके चालक को पिटते-पिटते गंभीर रुप से घायल किया। रात में गश्त कर रही ईवीआर टीम ने भोंडसी थाना को पिकअप के पास गंभीर हालत में पड़े चालक की सूचना दी। मौके पर पहुंचा एएसआई सत्यवेन्द्र ने थाना प्रभारी को बताया कि पिकअप चालक की पिटाई करने वाले युवकों में से एक अपना नाम श्रीकांत बता रहा था। जिसके नंबर पर फोन करके मौके पर बुलाया तो उसने गुरुवार की सुबह लिखित में पिकअप चालक के खिलाफ शिकायत देने की बात कहते हुए फोन काट दिया। एएसआई ने बताया कि पीकअप में भरा मीट की जांच करने पर ऊंट का पाया गया। जिसे चालक आरिफ जिला नूंह के गांव घासेड़ा में लेकर जा रहा था।

### जमीन विवाद में एसडीएम कार्यालय में अपील कर सकते हैं ग्रामीण

**सोहना।** खंड की ग्राम पंचायतों में जमीन से संबंधित मालिकाना हक को लेकर किसी भी प्रकार की त्रुटियों को सही कराने के लिए अपील ग्रामीण अब तहसील व एसडीएम कार्यालय में दर्ज करा सकेंगे। जिसकी सुनवाई जल्द से जल्द की जाएगी। पिछले करीब एक साल तक चला खंड की ग्राम पंचायतों में लाल डोरा के अंदर रहने वाले परिवारों को मालकाना हक देने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। मालकाना अधिकारी देने से पूर्व पंचायत विभाग द्वारा अपनाई गई सभी प्रकार की नियम प्रणाली के तहत ग्रामीणों को मालिकाना हक दे दिया है, लेकिन ग्रामीण को मालिकाना हक के दौरान हुई कार्रवाई में किसी भी प्रकार की कमी या त्रुटि को दूर करने के लिए अब तहसीलदार या एसडीएम के पास अपनी अपील करनी होगी। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी परमेन्द्र सिंह ने बताया कि लाल डोरा के अंदर रहने वाले सभी ग्रामीणों को उनका सर्वे के अनुसार जमीन का मालिक बना दिया है। लेकिन अब सभी पंचायतों में गए का नियम लागू हो चुका है। जिसके तहत किसी भी प्रकार गलतियों के सुधारीकरण के लिए राजस्व विभाग या एसडीएम कार्यालय में याचिका दायर करनी होगी।

# एनसीआर मीडिया के सहयोग से दौलताबाद स्कूल को मिली कुर्सियां



गुरुग्राम के गांव दौलताबाद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के लिए कुर्सियां सौंपते एनसीआर मीडिया क्लब के सदस्य।

### प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी केके गांधी का रहा विशेष सहयोग

**गुरुग्राम।** जिले के गांव दौलताबाद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के लिए काफी समय से कुर्सियों की किल्लत थी, जिसे गुरुवार को एनसीआर मीडिया क्लब ने प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी केके गांधी के सहयोग से दूर कर दिया। विद्यालय को 20 कुर्सियां दी गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजय मेहरा, इंद्रजीत, दिनेश समेत कई पत्रकार, कैमरामैन मौजूद रहे।

दौलताबाद गांव के स्कूल में शिक्षकों के लिए कुर्सियां नहीं थी। एनसीआर मीडिया क्लब को यह जानकारी मिली। क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा व अन्य सदस्यों ने स्कूल का सहयोग करने का निर्णय लिया। क्लब की ओर से इस नेक कार्य में प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी केके गांधी का सहयोग लिया गया। गुरुवार को शिक्षकों के लिए 20 कुर्सियां दी गई। स्कूल में नई कुर्सियों को देखकर स्टाफ की भी खुशी का ठिकाना नहीं था। इस अवसर स्कूल की प्राचार्या अंजू परूथी ने कहा कि स्कूल में बिना कुर्सियों के स्टाफ को बहुत दिक्कत हो रही थी। वे धन्यवादी हैं एनसीआर मीडिया क्लब और उद्योगपति केके गांधी की, जिन्होंने इस कार्य के लिए पहल की और यहां कुर्सियां दी। उन्होंने कहा कि एनसीआर मीडिया क्लब ने पत्रकारिता के साथ-साथ समाजसेवा का जो बीड़ा उठा रखा है, वह काबिले तारीफ है।

एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा ने कहा कि क्लब पत्रकारों के हितों के साथ सामाजिक दायित्वों की भी पूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि दान देने की परम्परा हमारी संस्कृति से जुड़ी है। पहले लोग कुएं खुदवाते थे, बावड़ी, धर्मशालाएं बनवाते थे। स्वयंसेवी संस्थाओं को यह जिम्मेदारी उठानी चाहिए। गांव, कस्बा, कालोनी आदि में रहने वाले लोग ऐसी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करके अपने क्षेत्र के शिक्षा के मंदिरों में सुधार करवा सकते हैं। वहां हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित है। अमित नेहरा ने इस योगदान के लिए केके गांधी व सभी सदस्यों का आभार जताया है।

## पिकअप की टक्कर से घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

**सोहना।** गुरूग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर रिठौज मोड़ के निकट पिकअप की टक्कर बाइक सवार महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। एक युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दमतोड़ तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

उत्तर प्रदेश के मूल निवासी राहुल ने भोंडसी पुलिस को बताया कि वह हाल में भौंडसी के सती मंदिर के पास रह रहा है। 12 सितम्बर को वह अपने दोस्त दिनेश और जानकार महिला राधा को बाइक पर बैठा सोहना आ रहा थे। जैसे ही वह रिठौज मोड़ के निकट पहुंचा। सामने से तेज रफ्तार से आई पिकअप चालक ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी।

# विधायक सिंगला ने बैठक में ही निपटायीं व्यापारियों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुग्राम उद्योग विहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसोसिएशन ने अपनी सभी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।

विधायक सुधीर सिंगला ने मौके पर मौजूद नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस से संबंधित सभी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। कुछ समस्याओं के समाधान के लिए समय सीमा तय की गई। इस प्रयास से उद्योग विहार के व्यापारियों में खुशी दिखी। सभी ने विधायक सुधीर सिंगला के प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर एसोसिएशन के एपी जैन, अनीमेश





गुरुग्राम उद्योग विहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ बैठक में समस्याएं सुनते विधायक सुधीर सिंगला।

सक्सेना, बलराज तलवार, परमांनद शर्मा, सीएम विंडो के सदस्य अमित गोयल के अलावा नगर निगम गुरुग्राम और यातायात पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बोलते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी क्षेत्र में कोई भी समस्या हो, उनका निदान प्राथमिकता होनी चाहिए। व्यापारी वर्ग देश-प्रदेश को राजस्व देता है। हरियाणाभर में सबसे अधिक गुरुग्राम में राजस्व सरकार के खजाने में जाता है। ऐसे में जरूरी है कि यहां के व्यापारियों, उद्योगपतियों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के दिए टैक्स से ही विकास के कार्यों को गति मिलती है। अगर जनता को सुविधाएं नहीं मिलती हैं तो यह ठीक नहीं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन की तरफ से आने वाली समस्याओं को अपने स्तर पर त्वरित निपटाएं, ताकि जनता को भटकना ना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से हर विभाग में कार्यों में पारदर्शिता लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके सकारात्मक परिणाम भी आए हैं। जहां कहीं कमी है, उसे भी लगातार दुरुस्त किया जा रहा है।

# हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब का नवीन गोयल ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### बुके देकर हरियाणा की धरती पर किया आमंत्रित

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के नवनियुक्त प्रभारी एवं आसाम के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब से गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शिष्टाचार भेंट की और उनका स्वागत किया। साथ ही उन्हें गुरु द्रोण नगरी गुरुग्राम में आने का भी आग्रह किया।

गुरुवार को नवीन गोयल हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब से दिल्ली में मिले। उन्हें हरियाणा प्रभारी का दायित्व मिलने की बधाई दी। नवीन गोयल ने कहा कि श्री देब के हरियाणा प्रभारी के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी और अधिक मजबूत होगी। जिस तरह से उन्होंने अपने प्रदेश में पार्टी को मजबूती दी है, वह सब जानते हैं। जमीनी स्तर के नेता वे हैं। राजनीति में आकर उन्होंने जनसेवा का बीड़ा उठाया। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें सदा अहम पदों पर बिठाया और उनकी राजनीतिक सूझ-बूझ का लाभ भी मिला। अब उन्हें हरियाणा का नया



भाजपा हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब का स्वागत करते नवीन गोयल।

दायित्व दिया गया है। निश्चित ही उनके यहां काम करने से पार्टी का जनाधार और अधिक बढ़ेगा। श्री गोयल ने हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब को हरियाणा में जल्द आने का निमंत्रण भी दिया। नवीन गोयल ने कहा कि उन्हें प्रभारी बनाकर हरियाणा की टीम को और अधिक मजबूत नेतृत्व पार्टी ने दिया है। पहले से यहां प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ओमप्रकाश धनखड़ बूथ स्तर से ही पार्टी की मजबूती बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनके द्वारा हाल ही में पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा पैदा की गई। श्री गोयल ने कहा कि भाजपा में हर कार्यकर्ता, हर नेता को उचित सम्मान मिलता है। भाजपा में काम करने वाला हर कार्यकर्ता अहम होता है।

# पांच साल में बिजली चोरों पर 172.45 करोड़ ठोंका जुर्माना

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### 5000 हजार से अधिक स्थानों पर की गई छापेमारी

### 18175 उपभोक्ताओं पर दर्ज कराई एफआईआर

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में बिजली चोरों की भी संख्या कम नहीं है। यह खुलासा हुआ है बिजली निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से। पिछले पांच साल में बिजली निगम ने गुरुग्राम जिला में 50 हजार से अधिक स्थानों पर छापेमारी करके बिजली चोरों से 172 करोड़ 45 लाख 82 हजार रुपये जुर्माना वसूला। इसके साथ ही 18175 उपभोक्ताओं पर एफआईआर दर्ज कराई गई।

जिला में बिजली निगम द्वारा बिजली चोरी पर अंकुश लगाने व गत पांच सालों में बिजली चोरों से सख्ती से निपटा गया। चाहे निजी मकान हों या फिर सरकारी कालोनियां, हर जगह बिजली निगम की टीमों ने दबे पांच धावा बोलकर वहां से बिजली चोरी पकड़ी। यहां सर्किलवार बिजली चोरी पकड़ने के अभियान चलाए गए। वर्तमान वित्त वर्ष 2022-23 में जुलाई माह तक सर्किल वन में 1291 स्थानों पर छापेमारी के दौरान 740 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। इन उपभोक्ताओं पर 7 करोड़ 60 लाख 91 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इस दौरान बिजली निगम द्वारा 721 उपभोक्ताओं के खिलाफएफआईआर भी दर्ज करवाई। सर्किल-टू में इस वर्ष बिजली निगम की संयुक्त जांच टीम द्वारा 2071 उपभोक्ताओं के मीटर चेक किए गए, जिसमें से 819 बिजली उपभोक्ता चोरी करते हुए पकड़े गए। इनमें से 815 के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई। इसके साथ ही 6 करोड़ 52 लाख 72 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

### सर्किल-वन में 4737 स्थानों पर छापेमारी

**इस** तरह वर्ष 2021-22 में सर्किल-वन में 4737 स्थानों पर छापेमारी के दौरान 2621 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पाए गए। इन पर 20 करोड़ 6 लाख 62 हजार रुपये जुर्माना लगाने



के साथ ही 1801 उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई गई। इसी वर्ष में ही बिजली निगम के सर्किल टू में 7083 स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान 3195 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़कर 25 करोड़ 61 लाख 73 हजार का जुर्माना लगाया गया। इनमें से 3139 उपभोक्ताओं पर एफआईआर दर्ज कराई गई।

### वर्ष 2019-20 में भी खूब चोरी की गई बिजली

**वर्ष** 2019-20 में सर्किल वन में 11 करोड़ 29 लाख 73 हजार व सर्किल-टू में 9 करोड़ 14 लाख 66 हजार की बिजली चोरी पकड़ी गयी और सर्किल वन में 7 करोड़ 43 लाख 95 हजार व सर्किल-टू में 7 करोड़ 53 लाख 44 हजार का जुर्माना जुर्माना वसूला गया है।

इस वर्ष बिजली निगम की संयुक्त टीम द्वारा सर्किल वन में 4876 व सर्किल टू में 4790 उपभोक्ताओं के मीटर को चेक किया गया, जिसमें से सर्किल वन में 1722 व सर्किल टू में 1043 बिजली उपभोक्ता चोरी करते हुए पकड़े गए। इनमें से दोनों सर्किल को मिलाकर 2090 उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं।

### वर्ष 2018-19 में में बिजली चोरी के हाल

**वर्ष** 2018-19 में सर्किल वन में 7 करोड़ 79 लाख 50 हजार व सर्किल-टू में 17 करोड़ 29 लाख 64 हजार रुपये की बिजली चोरी पकड़ी गई। इसी वर्ष बिजली निगम की संयुक्त टीम द्वारा दोनों सर्किल में 7735 उपभोक्ताओं के मीटर चेक किए गए, जिसमें से 2701 बिजली उपभोक्ता चोरी करते हुए पकड़े गए। इनके खिलाफ 2354 एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं।

### वर्ष 2017-18 में 3130 पर हुई एफआईआर

**वर्ष** 2017-18 में सर्किल वन में 9 करोड़ 57 लाख 81 हजार व सर्किल टू में 18 करोड़ 53 लाख 69 हजार की बिजली चोरी पकड़ी गई। 2017-18 में ही बिजली निगम की संयुक्त टीम द्वारा सर्किल-वन में 2218 व सर्किल-टू में 6534 उपभोक्ताओं के मीटर चेक किए, जिसमें से सर्किल वन में 1667 व सर्किल-टू में 2414 बिजली उपभोक्ता चोरी करते हुए पकड़े गए। इनके खिलाफ 3130 एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं।

# स्मूल 1, 2, 3... रियाज सीजन 2 के विजेताओं ने 'साथ हो तेरा' में गायन प्रतिभा की शक्ति दिखाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली-भारत** की पहली डिजिटल-ओनली म्यूजिकल रियलिटी प्रतियोगिता स्मूल 1, 2, 3... रियाज सीजन 2 की अपार सफलता के बाद, इस शो ने इस सीजन के मेंटर्स और विजेताओं का बहुप्रतीक्षित ओरिजनल म्यूजिक वीडियो रिलीज किया है। 6 महीनों के इस सफर के अंत में प्रस्तुत 'साथ हो तेरा' शीर्षक के इस म्यूजिक वीडियो में सभी विजेता और उनके तीन मेंटर, अमाल मलिक, लीसा मिश्रा और आस्था गिल दिखाई दे रहे हैं स्मूल 123... रियाज में सबसे लोकप्रिय सेलिब्रिटीज को एक ऐसे अद्वितीय शो को होस्ट करने के लिए बुलाया जाता है, जो देश में संगीत प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बन जाता है। डिजिटल-ओनली सिंगिंग रियलिटी शो बनाने का कल्पनाशील विचार और मेंटर्स एवं विजेताओं के साथ अंतिम वीडियो बनाने का प्रयास एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। स्मूल 123... रियाज़ सीज़न 2 लाखों प्रशंसकों ने देखा, जो इसकी अपार सफलता का प्रमाण है। स्मूल 1, 2, 3... की शुरुआत से ही यह पूरे देश में एक सांस्कृतिक आयोजन के रूप में स्थापित हो गया। इसके दूसरे सीजन के विजेता पूरे भारत में इसकी लोकप्रियता को प्रतिबिंबित करते हैं। इस सीजन के विजेताओं में चेन्नई, कोलकाता, शिवपुरी (मध्य प्रदेश), गाजियाबाद, अहमदाबाद, पंजाब, नई दिल्ली, नागपुर, मुरैना (मध्य प्रदेश), बरेली, संबलपुर (उड़ीसा), औरंगाबाद, शियोराफुली (पश्चिम बंगाल), ठाणे, मैसूर (कर्नाटक), भुवनेश्वर (उड़ीसा), मुंबई, और बोकारो (झारखंड) से आई प्रतिभाएं शामिल हैं। इस शो ने केवल एक फोन, इंटरनेट, और गाने की कला के साथ युवा प्रतिभाशाली परफॉर्मर्स को संगीत प्रेमियों से जुड़ने और भाईचारे का भाव विकसित करने में समर्थ बनाया। इस डिजिटल-ओनली फॉर्मेट की खूबी यह है कि इसने हर आयुवर्ग के लोगों को अपने घरों से ही अपनी स्टार-पॉवर को खोजने में समर्थ बनाया। इस म्यूजिक वीडियो के लिए उत्साहित, बॉलिवुड सिंगर-कंपोज़र, और शो के मेंटर, अमाल मलिक ने कहा, ''साथ हो तेरा हमारे प्यार का फल है, इस गीत में दोस्ती का खूबसूरत संदेश समाहित है, जो बताता है कि यदि आपके दोस्त आपके साथ हैं, तो आपका रास्ता कोई नहीं रोक सकता। लीसा, आस्था और मुझे विजेताओं के साथ मिलकर यह गाना बनाने में बहुत मजा आया। इन विजेताओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, वो न केवल जीत, बल्कि इस गीत के साथ अपनी सफलता का सफर शुरू करने के भी काबिल थे।''

अपना अनुभव साझा करते हुए शो की मेंटर और लोकप्रिय गायिका आस्था गिल ने कहा, ''साथ हो तेरा का अर्थ मुझे अपने परिवार से मिले प्यार और अपनी टीम के सहयोग का प्रतीक है क्योंकि उनके बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती। काश मुझे भी इस शो के जैसा मंच और अवसर मिल पाता, जो इन विजेताओं को 'साथ हो तेरा' के साथ मिला है। प्रतियोगियों द्वारा बनाए गए म्यूज़िक की क्वालिटी सर्वश्रेष्ठ स्तर की थी।'' तारीफन गाने के रिप्राईज़ वर्ज़न के लिए मशहूर, मेंटर लीसा मिश्रा ने कहा, ''हमने पहले सीजन की शूटिंग महामारी के दौरान की थी।

# दवा, जांच का सामान है नहीं, दिखा रहे अस्पताल की सुंदरता

**बीके सिविल अस्पताल में दवा और खास जांच के सामान पर नहीं दे रहे ध्यान**





अपातकालीन कक्ष के बाहर रखे टूटे पहिए वाला स्ट्रेचर। अपातकालीन कक्ष में बिछी हुई एक रंग की चादरें। सिविल अस्पताल के डॉ. राजेश धीमान से जानकारी लेते जांच करने आई टीम के डॉ. अक्षय जैन।

कविता। फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल में कायाकल्प की टीम को दौरे के दौरान सुंदरता दिखाने के लिए बिस्तरों पर एक ही रंग की चादरों से लेकर अपातकालीन कक्ष के बाहर स्ट्रेचर तक रखवा दिए, लेकिन इन सबके बीच अस्पताल प्रबंधन ने दवाओं और जांच के सामान की तरफ ध्यान ही नहीं दिया। ऐसे में मरीज परेशान होते नजर आए, जिसे देखने वाला को नहीं था। जिससे मरीजों ने मजबूरन बाहर के मेडिकल स्टोरों से दवाईयां खरीदीं।

**टूटे पहिए, बंद पंखे :** अस्पताल प्रबंधन ने टीम को दिखाने के लिए स्ट्रेचर तो लगवा कर बैडशीट भी बिछवा दी, लेकिन अपातकालीन कक्ष के बाहर रखे चार स्ट्रेचरों में दो के पहिये टूटे हुए थे, उस ओर ध्यान नहीं दिया। अपातकालीन कक्ष में पंखे तो लगे थे, लेकिन वहां लगाए गए वॉलफैन पूरी तरह से बंद पड़े थे। बिस्तरों पर चादरें तक एक ही रंग की बिछी हुई नजर आई। जबकि रोजाना यहां बिस्तर पर चादरें गंदी व विभिन्न रंगों की होती है।

**दवाओं और जांच का अभाव:** अस्पताल में सुंदरता तो अस्पताल प्रबंधन ने टीम को मौके पर दिखा दी, लेकिन अस्पताल में दवाओं और जांच के सामान के विषय में कुछ नहीं बताया। जिले का सिविल अस्पताल होने के बाद भी यहां करीब 40 प्रतिशत दवाईयों का अभाव है, डॉक्टर द्वारा लिखी जाने वाली आठ दवाओं में मरीजों को दो से तीन तरह की दवाईयां ही मिल रही है।

हैरान की बात यह है कि यहां दस्त से लेकर सिर दर्द समेत कई अन्य तरह की दवाईयां समाप्त हैं। वहीं अपातकालीन कक्ष की बात करें तो यहां ट्रॉमाडोल, बुखार व दौरे के दौरान काम आने वाले इंजेक्शन समेत कई तरह के जीवनरक्षक इंजेक्शन समाप्त हैं। रैबीज के इंजेक्शन अस्पताल में पिछले तीन माह से समाप्त हैं। वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो दवा के संग अब अस्पताल में जांच का सामान समाप्त होने के कारण मरीजों की जांच तक नहीं की जा रही है। अस्पताल में आने वाले मरीजों को सीबीसी व अन्य रोजाना होने वाली जांच तक बाहर से करवानी पड़ रही है। जहां दो दिन में सामान आने की बात कही गई थी अब प्रयोगशाला में सोमवार तक ही सामान आने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में मरीजों को बाहर से जांच करवानी पड़ेगी।

## कायाकल्प की टीम ने किया अस्पताल का दौरा

**फरीदाबाद।** पलवल से आई कायाकल्प की टीम ने बीके सिविल अस्पताल का दौरा किया। टीम के सदस्यों में डॉ. अजय माम एमएस पलवल, डॉ. अक्षय जैन क्वालिटी के नोडल अफिसर, डॉ. अंजली शर्मा समेत कुल तीन सदस्य मौजूद थे। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अपातकालीन कक्ष से लेकर ओपीडी तथा वार्डों को सुंदर दिखाने का काम किया। जिसके तहत अस्पताल प्रबंधन के द्वारा की गई व्यवस्थाएं टीम के सदस्यों को काफी पसंद आई। अपातकालीन कक्ष के बाहर स्ट्रेचर पर चादरें नजर आई। वहीं अस्पताल में मरीजों के लिए एक बार बिस्तरों पर लगी हुई नोटिस पटिका के मुताबिक बैडशीट बृहस्पतिवार को एक ही रंगों की सभी बिस्तरों पर बिछी हुई नजर आई। टीम के सभी सवालों के जबाब भी सदस्यों ने बाखूबी दिए। अस्पताल की साफ सफाई की व्यवस्था देखकर टीम के सदस्य खुश नजर आए।

# सात दिनों के भीतर कृषि भूमि का डाटा अपडेट करने के दिए आदेश

**कृषि विभाग के महानिदेशक डॉ हरदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जारी किए निर्देश**



कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा महानिदेशक डा. हरदीप सिंह को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए जानकारी देते डीसी विक्रम।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कृषि** एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के महानिदेशक डा. हरदीप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पंजीकृत किसानों के लैंड रिकॉर्ड का डेटा आगामी 7 दिनों के भीतर पोर्टल पर अपडेट करवाना सुनिश्चित करें।

वे बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में डा. हरदीप सिंह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लैंड रिकॉर्ड को पोर्टल पर अपडेट करने के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इसे लेकर गांव अनुसार शिविर लगाने के लिए अधिकारियों को कहा। इन शिविरों में पटवारियों के साथ डाटा एंट्री ऑपरेटरों को लगाया जाएगा। उन्होंने हल्का पटवारी के कार्यालय, तहसील व उप तहसीलों में इस योजना के तहत लैंड रिकॉर्ड अपडेट करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बारे में आवश्यकता नुसार जिला में अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने लैंड रिकॉर्ड का डेटा आगामी 7 दिनों में पूरा करने के लिए कहा।

उन्होंने इस अवधि के दौरान योजना के तहत किसी किसान का नया रजिस्ट्रेशन न करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि इस दौरान किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को काम करने में किसी प्रकार की समस्या आए तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला जरूर लाएं ताकि समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जा सके। उन्होंने बैठक में उपस्थित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को योजना के तहत ई-केवाईसी अपडेट करवाने संबंधी निर्देश देते हुए कहा कि वे सीएससी केंद्र संचालकों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए केंद्रों के बाहर ऐसे किसानों की सूची चस्पा करवाना सुनिश्चित करें जिन्होंने अभी तक अपना ई-केवाईसी अपडेट नहीं करवाया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बारे में गांवों में मुनादी करवाना भी सुनिश्चित करें, किसानों को इस दौरान यह जानकारी अवश्य दी जाए कि उन्हें अपना ईकेवाईसी अपडेट करवाना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें इस योजना के तहत 12वीं किस्त का लाभ नहीं मिलेगा। वीसी में उपस्थित डीसी विक्रम ने वीसी उपरांत जिला के किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि जिला में जिन किसानों ने अभी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अभी तक अपना ई-केवाईसी अपडेट नहीं करवाया है, वे जल्द से जल्द इसे अपडेट करवा लें अन्यथा उन्हें इस योजना के तहत 12वीं किश्त रिलीज नहीं की जाएगी। डीसी ने बताया कि जिला के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि स्कीम के तहत सालाना 6,000 रुपए दिए जाते हैं। इसका भुगतान 2000-2000 रुपये की तीन किस्तों में किया जाता है। ये पैसा सरकार द्वारा सीधा किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा अभी तक इस योजना के तहत 11 किस्त जारी की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया अगर आपके खाते में अभी तक पीएम किसान योजना की 11 वीं किश्त का पैसा नहीं आया है, तो आपको केंद्र सरकार की वेबसाइट- pmkisan.gov.in पर अपनी डिटेल्स चेक कर लेनी चाहिए।

# मारपीट में घायल हुए व्यक्ति की हुई मौत



गांव मुजेडी में शोकाकुल मृतक के परिजन। इनसेट में मृतक जिले सिंह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सगे भाई, उसके बेटों और पत्नी पर हत्या करने का आरोप**

**मुजेड़ी** गांव में नाली के पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद में घायल व्यक्ति की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस झगड़े में मृतक सहित पांच लोग घायल हुए थे। हत्या का आरोप सगे भाई व उसके दो बेटों और पत्नी पर लगा है। पुलिस ने दर्ज मामले में हत्या किए जाने की धाराएं और जोड़ दी हैं।

पुलिस के मुताबिक मुजेड़ी गांव निवासी जिले सिंह और नंदे सगे भाई हैं। 12 सितंबर को जिले सिंह के छोटे बेटे दिनेश की नाली के पानी को निकासी को लेकर अपने चाचा नंदे उर्फ निन्दर से कहासुनी हुई थी। जिले सिंह ने इस मामले चाचा-भतीजे के बीच सुलहनामा भी करा दिया। आरोप है कि तभी नंदे के बेटे भूदेव ने तैश में आकर दिनेश को बाद में देख लेने की धमकी दी। बुधवार को जिले सिंह अपने घर पर मौजूद था। घर में जिले सिंह के अलावा उनका बेटा महेश कुमार, दिनेश और दोनों भाइयों की पत्नी मौजूद थीं। आरोप है कि तभी नंदे अपने तीनों बेटों भूदेव, नवीन, राहुल व पत्नी राजेश लाठी-डंडे लेकर गाली गलौज करते जिले सिंह के घर में घुस आए। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर जिले सिंह के परिवार पर हमला कर दिया था।

# एचडीएफसी का क्लिक-2 प्रोटेक्ट सुपर हुआ लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने एक विशेष टर्म इंश्योरेंस प्लान- क्लिक-2 प्रोटेक्ट सुपर लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य आपकी सुरक्षा जरूरतों के अनुसार कस्टमाइजेशन को सक्षम बनाना है। इस योजना के तहत आपको केवल उन लाभों/योजना विकल्पों के लिए भुगतान करना होगा, जिन्हें आपने चुना है।

क्लिक-2 प्रोटेक्ट सुपर, मूल रूप से एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, शुद्ध जोखिम प्रीमियम / बचत जीवन बीमा योजना है, जो आपको निश्चिंतता और स्वतंत्रता की वास्तविक भावना देने के साथ ही जीवन कवर में बदलाव करने, पॉलिसी टर्म में बढ़ोतरी करने, आकस्मिक मृत्यु और लाइलाज बीमारी के लिए कवरेज प्राप्त करने जैसी कई सुविधाएं प्रदान करती है।

लाइफ यह विकल्प आपको चुनी गई कवरेज अवधि के लिए जीवन बीमा प्रदान करता है, जो आपके प्रियजनों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह स्मार्ट प्लान विकल्प, लाइलाज बीमारी (टर्मिनल इलनेस) कवर के इनबिल्ट-बेनिफिट की सुविधा से लैस है और आपकी अनुपस्थिति में आपके परिवार के लिए वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए आपको कवर राशि में बढ़त करने की अनुमति भी प्रदान करता है।

**इस विकल्प के प्रमुख लाभों में शामिल हैं:** मृत्यु लाभ को 200 प्रतिशत तक बढ़ाने की सुविधा, गंभीर बीमारी के निदान पर प्रीमियम की छूट, जीवनसाथी के लिए, अतिरिक्त कवर चुनने का विकल्प, प्रीमियम की वापसी की सुविधा, पॉलिसी रद्द करते समय स्मार्ट एग्जिट विकल्प के माध्यम से भुगतान किए गए मूल प्रीमियम को वापस पाने का विकल्प, 80 वर्ष की आयु तक लाइलाज बीमारी के निदान पर मृत्यु लाभ में तेजी, कुल और स्थायी विकलांगता पर प्रीमियम की छूट, किश्तों में मृत्यु लाभ प्राप्त करने का विकल्प।

प्रोडक्ट लॉन्च के बारे में बात करते हुए, श्रीनिवासन पार्थसारथी-चीफ एक्चुअरी, एचडीएफसी लाइफ ने कहा, हर व्यक्ति के लिए टर्म इंश्योरेंस जरूरी है। एक अग्रणी जीवन बीमाकर्ता के रूप में, हम यही प्रयास करते हैं कि भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को निरंतर रूप से समझ सकें।

# डेविटा, हेलमैन और रोसेनबर्ग की पुस्तक का विमोचन




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** में न केवल कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, बल्कि 60 प्रतिशत से अधिक कैंसर का पता बहुत देर से चलता है, जिससे मृत्यु दर बढ़ जाती है। राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी), दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट और गायनेकोलॉजिकल एंड जेनिटोयूरिनरी रेडिएशन ऑन्कोलॉजी चीफ डॉ. स्वरूपा मित्रा ने कहा कि खराब जीवनशैली, मोटापा, तंबाकू और शराब के सेवन में वृद्धि के अलावा शहरी क्षेत्रों में प्रदूषण में वृद्धि कैंसर के मामले बढ़ने के कुछ अहम कारण हैं।

डॉ. मित्रा ने कहा, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) का अनुमान है कि अगले पांच वर्षों में भारत में कैंसर के मामलों में 12 प्रतिशत की वृद्धि होगी। भारतीयों में स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और मुंह का कैंसर सर्वाधिक होने वाले कैंसर में शुमार हैं। भारत और दक्षिण एशियाई क्षेत्र में इन कैंसर की रोकथाम और जल्द जांच के बारे में जागरूकता पैदा करने की तत्काल आवश्यकता है।

वह डेविटा, हेलमैन और रोसेनबर्ग की पुस्तक 'कैंसर: प्रिंसिपल्स एंड प्रैक्टिस ऑफ ऑन्कोलॉजी' की पहली दक्षिण एशियाई रिव्यू के विमोचन के अवसर पर बोल रही थीं। इसे दुनिया में कैंसर की सबसे प्रशंसित आधिकारिक पुस्तक माना जाता है। डॉ. स्वरूपा मित्रा द्वारा संपादित, वोल्टर्स क्लूवर द्वारा प्रकाशित दक्षिण एशियाई रिव्यू को यहां की स्थानीय परिस्थितियों और दक्षिण एशिया में कैंसर की अहम चिकित्सा पद्धतियों के अनुरूप तैयार किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. हर्षवर्धन, संसद सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, कैंसर मैनेजमेंट एक कठिन काम है। ऑन्कोलॉजिस्ट को कई स्तरों पर इस रोग का इलाज करना होता है। पुस्तक का पहला दक्षिण एशियाई संस्करण तैयार करने में बहुत प्रयास किया गया है। इसका श्रेयस्कर पक्ष यह है कि इसे उन दो वर्षों में तैयार किया गया, जब कोविड का प्रकोप था। डॉ. स्वरूपा मित्रा और उनकी टीम ने ऑन्कोलॉजिस्ट के रूप में नियमित कर्तव्यों के अलावा लगातार इस पर काम करना जारी रखा। डॉ. हर्षवर्धन ने भारत में कैंसर केयर में जीवनशैली और पोषण के महत्व पर जोर दिया।

# जेसी बोस में पूर्व छात्रों का 50 साल बाद हुआ पुनर्मिलन




**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, में 1974 बैच के पूर्व छात्रों का स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन कार्यक्रम आयोजन किया गया। तत्कालीन वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान से उत्तीर्ण 1970-1974 बैच के लगभग 50 पूर्व छात्रों ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के साथ 50 साल के शानदार संबंधों के पूरा होने का जश्न मनाया।

उल्लेखनीय है कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय वर्ष 1969 में एक डिप्लोमा इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में शुरू हुआ था। 1974 में डिप्लोमा इंजीनियर्स का दूसरा बैच संस्थान से उत्तीर्ण हुआ था। इंजीनियर दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं कॉर्पोरेट मामले प्रकोष्ठ द्वारा स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर और एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉक के अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने की। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो तोमर से भी मुलाकात की तथा विवि में चल रहे कार्यक्रमों, सुविधाओं तथा भावी योजनाओं की जानकारी ली। भूतपूर्व विद्यार्थियों में कई जाने माने उद्यमी तथा कारपोरेट जगत के बड़े पदाधिकारी शामिल थे। उन्होंने कुलपति के साथ अपने अनुभव साझे किये तथा विश्वविद्यालय को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# अवैध पार्किंग को लेकर पुलिस चौकी पर दिया धरना

**किसी भी सूरत में नहीं बनने दी जाएगी अवैध पार्किंग : धर्मबीर भड़ाना**



अवैध पार्किंग को लेकर पाली पुलिस चौकी के सामने धरने पर बैठे ग्रामीण।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वीरवार** को पाली के ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर पाली पुलिस चौकी के सामने धरना प्रदर्शन किया। आपको बता दे कि करीब 6 महीना पहले आम आदमी पार्टी ने अवैध पार्किंग का एक मुद्दा उठाया था उस समय पुलिस द्वारा ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया गया था की अब यहां कोई अवैध पार्किंग नहीं होगी परंतु अब 6 महिने बाद यह मुद्दा फिर गरमा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पाली पुलिस चौकी के सामने प्रदर्शन किया।

धर्मबीर भड़ाना ने पाली पुलिस चौकी इंचार्ज पर पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए कहा कि यह जमीन वन विभाग कि है और नगर निगम ने इस पर गैरकानूनी तरीके से कब्जा कर रखा है जिसका केस हाइकोर्ट में चल रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ फरीदाबाद प्रशासन डीसी साहब और हरियाणा सरकार वन विभाग कि जमीन को खाली करा रही है वहीं दूसरी तरफ हमारे पाली चौकी इंचार्ज इस सब में मिलीभगत करके यह सब कार्य करा रहा है। भड़ाना ने कहा कि अब हम शांत नही रहेंगे जब तक यह अवैध पार्किंग यहा से हटाई नहीं जाती तब तक आम आदमी पार्टी इसी प्रकार प्रदर्शन करती रहेगी।

# बिमला हत्याकांड का हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव की टीम ने सूरजकुंड विमला हत्याकांड में फरार चल रहे 5 हजार के इनाम बदमाश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोप का नाम कपिल है आरोपी राजस्थान के अलवर जिले के गांव जाटूवाला बालावास का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से ओल्ड फरीदाबाद से थाना सूरजकुंड के हत्या कि मुकदमे में गिरफ्तार किया था। आरोपी ने हत्या की वारदात को 26 जून को अंजाम दिया था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि मृतका बिमला और आरोपी दोनों साथ में ही रहते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 फीसदी सीट बढ़ाने को विधायक को सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** युवा आगाज संगठन एवं कॉलेज छात्रों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज और फरीदाबाद के सभी सरकारी कॉलेजों में 20 फीसदी सीटें बढ़ाने की मांग की है। इस मांग को लेकर स्टूडेंट्स ने बल्लभगढ़ के विधायक कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, तिगांव विधायक राजेश नागर, फरीदाबाद उपायुक्त विक्रम, नेहरू कॉलेज प्रिंसिपल महेंद्र कुमार गुप्ता को सीट बढ़ाने के लिए छात्र ज्ञापन दे चुके हैं। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए आज युवा आगाज संगठन के द्वारा फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता को छात्रों ने ज्ञापन दिया इस दौरान छात्रों ने एडमिशन संबंधित समस्याओं को अवगत कराया। इस अवसर पर युवा आगाज संगठन के अध्यक्ष जसवंत पवार पवार ने विधायक नरेंद्र गुप्ता को जानकारी देते हुए बताया कि स्टूडेंट्स को एडमिशन में बहुत परेशानी आ रही है , पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में सीट फुल होने के कारण 70 से लेकर 80 परसेंट के छात्र और छात्राएं एडमिशन की लिए दर दर की ठोकरें खा रही हैं लेकिन फिर भी उनका एडमिशन नहीं हो पा रहा है जिसके कारण सभी छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को अंधकार में दिखाई दे रहा है। छात्रों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक नरेंद्र गुप्ता ने आश्वासन दिया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज मेरी विधानसभा में पडता है और कोई भी छात्र एडमिशन के बगैर नहीं रहेगा इसको लेकर मैं हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और शिक्षा मंत्री कुंवरपाल गुर्जर से बात करके फरीदाबाद के सरकारी और नेहरू कॉलेज में सीट बढ़ाने का काम करूंगा और सभी छात्रों को आश्वस्त किया कि जल्दी ही कॉलेजों में 20 परसेंट सीटें बढ़ जाएंगी। इस मौके पर जसवंत पवार, अजीत नंबरदार, शुभम पांडे, हिमांशु भट्ट, जाकिर, अरुण, गौतम नगर, राहुल पवार, सुनील सैनी, हर्ष चौधरी, भरत, खुशबू, नंदनी, कंचन यादव, प्रीति चौधरी मौजूद रहे।

### उद्योग प्रदर्शनी का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** मैगपाई टूरिस्ट रिसोर्ट में जेफ यूनिडो बीईई प्रोजेक्ट के तहत अद्वयोजित एक उद्योग प्रदर्शनी आयोजित की गई है। यह प्रदर्शनी 15 व 16 सितंबर को जारी रहेगा। इस से पहले इस तरह की प्रदर्शिनी थानगढ़, खुर्जा, जामनगर, पुणे, जालंधर एंड लुधियाना में आयोजित हो चुकी है। इन प्रदर्शनियों का मकसद स्थानीय मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्योगों में ऊर्जा दक्ष तकनिकी एवं नवीन ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देना है। भारत सरकार के बिजली मंत्रालय की ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) इसके प्रायोजक है। यह प्रदर्शनी मिक्स्ड इंजीनियरिंग क्लस्टर पर केंद्रित है। इस प्रदर्शनी की आयोजक नोएडा की एक मशहूर ऊर्जा सेवा प्रदान करने वाली कंपनी, ग्रीनट्री ग्लोबल है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन फरीदाबाद इंडस्ट्री एसोसिएशन के ऊर्जा समिति के अध्यक्ष जीसी नारंग ने किये। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती फरीदाबाद के अध्यक्ष रविभूषण खत्री विशिष्ट अतिथि थे। प्रदर्शनी में लगभग 70 एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हरेडा के प्रोजेक्ट अफसर रवि कांत शर्मा ने सरकारी नीतियों के बारे में जानकारी दी। ग्रीन टी ग्लोबल के वरिष्ठ सलाहकार प्रदीप कुमार ने ऊर्जा संरक्षण एवं तकनीकियों के विषय में जानकारी दी। इंडस्ट्री एक्सपर्ट डॉक्टर सीएस आजाद ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जा रही तकनीकियों के बारे में उपस्थित इंडस्ट्री के अतिथियों को निम्न तकनीकी को स्पष्ट किया। जिसमें वेरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव, सोलर पैनल, गैस बेस्ड जेनसेट, एनर्जी एफिसिएंट मोटर्स, एनर्जी एफिसिएंट फर्नांके और ऑटोमेशन शामिल रहे।

### बच्चे की सेहत पर ध्यान दें अभिभावक : नागर



**फरीदाबाद।** भाजपा विधायक राजेश नागर ने तिगांव के सरकारी अस्पताल में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए लगाए स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बच्चे भविष्य के भारत के कर्णधार हैं। अभिभावकों को बच्चों की सेहत का खास ख्याल रखना चाहिए। शिविर का उद्घाटन पहुंचे विधायक राजेश नागर का बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने जोरदार स्वागत किया। सरकोमा कैंसर केयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज नोएडा, फरीदाबाद स्वास्थ्य विभाग ने भरपूर सहयोग किया। इस शिविर में बच्चों में कैंसर, कॉर्डियोलॉजी, आई, डेंटल, ईएनटी, स्किन, जनरल फिजिशियन, डायटिशियन आदि रोगों की जांच कर निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। वहीं बच्चों की हाइट, वेट और हीमोग्लोबिन की भी जांच संपन्न हुई। शिविर में करीब 1200 बच्चों की जांच की गई। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमें बच्चों की सेहत का ख्याल अपनी सेहत से भी बढ़कर रखना होगा, तभी स्वस्थ भारत का निर्माण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने स्वास्थ्य को लेकर अनेक योजनाओं को संचालित किया हुआ है। जिससे कि हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य की पहुंच संभव हो पा रही है। इनमें आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना आदि प्रमुख रूप से लोगों को राहत देने का काम कर रही हैं।

### बकाया बिलों के भुगतान को ब्याज माफी योजना

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली के बकाया बिलों के भुगतान के लिए ब्याज माफी योजना शुरू की है। यह योजना शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सभी उपभोक्ता श्रेणियों के चालू व कटे हुए कनेक्शन के उपभोक्ताओं के लिए है। इस योजना का लाभ केवल वहीं उपभोक्ता उठा सकते है, जो 31 दिसंबर 2021 को डिफाल्टर थे तथा 15 सितंबर 2022 तक भी डिफाल्टर है। ब्याज माफी योजना 30 नवम्बर 2022 तक लागू रहेगी। उपायुक्त विक्रम ने बताया कि योजना व्यक्तिगत घरेलू शहरी तथा ग्रामीण कृषि उपभोक्ता और सरकारी, ग्राम पंचायत तथा नगर निगम से संबंधित बिजली के कनैक्शन उपभोक्ताओं के लिए है। योजना के तहत एकमुश्त भुगतान करने पर मूल राशि पर 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। एकमुश्त जमा करने में असमर्थ उपभोक्ता तीन किश्तों में बकाया राशी जमा करवा सकते है व 6 चालू बिलों के नियमित भुगतान के साथ किश्तों में जमा की गई अधिभार राशि माफ कर दी जाएगी अन्यथा ब्याज राशी को दोबारा बिल में जोड़ दिया जायेगा।

### कुष्ठ रोगी खोज अभियान 6 अक्टूबर से चलेगा : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम ने कहा कि कुष्ठ रोगियों (लेप्रोसी) की कुष्ठ रोगी खोज अभियान आगामी 6 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2022 तक चलेगा। अभियान में आशा वर्कर के साथ एक मेल वर्कर होगा जो कुष्ठ रोग की पहचान घर-घर जाकर करेंगे। जो भी व्यक्ति संदिग्ध निकलते हैं वह स्किन स्पेशलिस्ट तक पहुंच रहे हैं या नहीं इसकी पूरी जानकारी रखी जाए। उपायुक्त ने कहा कि आरबीएसके डॉक्टर की टीम स्कूलों व स्लम एरिया में जाकर टीवी, एचआईवी और लेप्रोसी के बारे में लोगों को बताए और जागरूक करें। पोलियो अभियान में जिस तरह का माइक्रोप्लान यूज किया जाता है उसी की तर्ज पर इसमें भी काम करें। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत ने कहा कि कुष्ठ रोग की पहचान बहुत ही आसान है त्वचा पर हल्के रंग के दाग धब्बे में सुखापन और सुन्नपन होना, हाथ पैरों में झुनझुनी चलना और शरीर में कमजोरी के कारण वस्तुओं को पकड़ने और उठाने में दिक्कत महसूस होना, कमजोर चेहरा, कान या शरीर के किसी भाग की त्वचा लाल और मोटी हो जाना, छोटी मोटी गांठ हो जाना कुष्ठ रोग की पहचान है। कुष्ठ रोग को पूर्ण रूप से एमडीटी द्वारा ठीक किया जा सकता है। इलाज के दौरान रोगी को बीच में दवाई नहीं छोड़नी चाहिए।

# गोवा में पालाबदल

## अक्षम कांग्रेस

**गोवा** में चले घटनाक्रम से स्पष्ट है कि कांग्रेस अभी अपने नेताओं का पलायन रोकने में अक्षम है। विडंबना है कि यह परिघटना कांग्रेस की जैसे पहचान बन गई है। एक ओर वरिष्ठ नेता राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' से 'भारत को एकसाथ लाने' का प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी अपनी पार्टी मुरझाती जा रही है। जैसे गुलाम नबी व कपिल सिब्बल जैसे वरिष्ठ नेताओं का पलायन काफी नहीं था, अब खबर आई है कि गोवा में उसके 11 विधायकों में से 8 सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। इनमें दिगंबर कामत व माइकेल लोबो जैसे वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं। इसका अर्थ है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के अब राज्य विधानसभा में केवल तीन विधायक बचेंगे। इस घटनाक्रम से राहुल गांधी व अन्य कांग्रेस नेताओं को चोट पहुंची होगी क्योंकि इससे भाजपा की यह मजाक और कष्टदायक हो गई है कि 'पहले अपनी पार्टी को जोड़ो।' कांग्रेस अक्सर भाजपा पर आरोप लगाती रही है कि वह राजनीतिक स्वार्थ के लिए गलत तरीके अपनाती है। भले ही यह सही हो, लेकिन यह भी तथ्य है कि भाजपा द्वारा ऐसी रणनीतियां अपनाने से स्पष्ट है कि वह लगातार सक्रिय रहती है और इस प्रकार वह देश में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली सबसे पुरानी लेकिन सुस्त पार्टी से अलग है। लगभग दो महीने पहले भाजपा ने कांग्रेस विधायकों को अपने पाले में लाने का प्रयास किया था, पर वह सफल नहीं हुई थी। स्पष्ट है कि कांग्रेस ने पालाबदल के उन प्रयासों से कोई सबक नहीं सीखा था जिससे लगता है कि पार्टी में राजनीतिक गतिशीलता का अभाव हो गया है।

ठीक-ठीक कहें तो देश की सबसे पुरानी पार्टी गतिशीलता भूल गई है।



अक्सर स्वयं को आदर्शवादी की तरह पेश करने वाले राहुल गांधी भले ही कांग्रेस के अन्य नेताओं की तरह भाजपा के 'षडयंत्रों' के खिलाफ भड़ास निकालते रहें, लेकिन यह तथ्य है कि पहले कांग्रेस ने ही 'पालाबदल' की शुरुआत की थी। 1960 व 1970 के दशक में कांग्रेस ने ही 'आया राम गया राम' की रणनीति शुरू की थी जिसका अर्थ विधि-निर्माताओं की खरीद-बिक्री थी। यह काम पहले राज्यों में शुरू हुआ और बाद में केन्द्र में। निर्वाचित नेता आर्थिक लाभ के लिए अपनी चेतना का व्यापार करते थे। इससे न केवल राजनीति पर दाग लगे, बल्कि जनता में भारी गुस्सा भी पैदा हुआ। उस समय राजनीतिक जीवन से यह गंदगी समाप्त करने पर काफी बहस हुई थी। इसका नतीजा 1985 में दलबदल विरोधी कानून के रूप में सामने आया था। दुर्भाग्य से यह इलाज बीमारी से बदतर साबित हुआ। राजनीति में भ्रष्टाचार रोकने या उस पर नियंत्रण लगाने के बजाय इसने उसे अनेक गुना बढ़ा दिया है। पहले पालाबदल अलग-अलग विधि-निर्माताओं की होती थी, पर अब यह थोक पालाबदल में परिवर्तित हो गई है। हमारे सामने कांग्रेस के लगभग तीन-चौथाई विधायकों का पालाबदल है जो अपनी धुर विरोधी भाजपा में शामिल हो गए हैं। कहीं ऐसा तो नहीं है कि समय बीतने के साथ कांग्रेस ने अपना दर्जा असली राजनीति से ऊपर उठा दिया है और वह नैतिक-राजनीति के प्रभामंडल में खो गई है? लेकिन शायद यह मामला नहीं है क्योंकि अभी कुछ साल पहले तक उसकी राजनीति का लक्ष्य राष्ट्रीय हितों के बजाय अपने हित थे। दूसरे शब्दों में यह दो नावों पर पैर रखने का बुरा नतीजा है। कांग्रेस अपने नेताओं को पार्टी छोड़ कर जाने से नहीं रोक पा रही है और वह अपने नेताओं की अक्षमता भी नहीं दूर कर पा रही है। वह भारतीय जनता पार्टी की 'चाणक्य नीति' के सामने लगातार विफल होती जा रही है।

# रूस के खिलाफ निष्प्रभावी प्रतिबंध

**यूरोपीय संघ व अन्य पश्चिमी देशों का विश्वास है कि प्रतिबंध सैनिक शक्ति का विकल्प हो सकते हैं, जबकि उनको इसका भारी आर्थिक खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



सात औद्योगिक देशों -जी: 7 के समूह को तेल व प्राकृतिक गैस-एनजी के मूल्यों में भारी वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है। यह उस व्यवस्था के कारण है जो उन्होंने इन उत्पादों की बिक्री से रूस को होने वाली आय पर विराम लगाने के लिए तैयार की थी। इनमें अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, कनाडा व जापान शामिल हैं। इसके कारण 4 सितंबर, 2022 को एनजी की कीमतें पिछले साल की तुलना में 400 प्रतिशत बढ़ गई हैं। इसके अगले ही दिन 'नार्ड स्ट्रीम' झटके के कारण इनकी कीमतों में 30 प्रतिशत और वृद्धि हो गई। बाल्टिक समुद्र के भीतर से 1200 किलोमीटर लंबी इस गैस पाइपलाइन से रूस से जर्मनी को गैस सप्लाई होती थी, लेकिन अब इसे अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही पिछले 6 महीने से अधिक समय से कच्चे तेल के दाम 100 डालर प्रति बैरल के आसपास बने हुए हैं।

जून, 2022 में जी-7 ने एक निश्चित स्तर तक रूसी तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाने की संभावना खोजी थी। अब उन्होंने एक स्पष्ट विचार सामने रखा है कि वे इसे कैसे करना चाहते हैं। इस वित्त वर्ष में जी-7 की अध्यक्षता कर रहे जर्मनी द्वारा जारी बयान के अनुसार समूह के वित्त मंत्रियों ने कहा, 'वे हमारे संयुक्त राजनीतिक इरादे की पुष्टि करते हैं जिसमें सेवाओं पर समग्र प्रतिबंध को अंतिम रूप देने व उसका क्रियान्यन शामिल है। इनसे रूस में उत्पादित कच्चे तेल व पेट्रोलियम उत्पादों के वैश्विक समुद्री परिवहन की सुविधा मिलती है। ये सेवायें केवल उसी स्थिति में जारी रखी जा सकती हैं जब तेल व पेट्रोलियम उत्पाद एक कीमत पर या उसके नीचे खरीदें जांए। इस मूल्य सीमा का निर्धारण देशों के व्यापक गठबंधन द्वारा तय किया जाएगा जो मूल्य सीमा का क्रियान्वयन करेंगे।'

इस बयान में मूल्य सीमा का कोई आंकड़ा नहीं दिया गया है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि जी-7 देश इस योजना को कब तक अंतिम रूप देंगे। इस समूह में भारत समेत यथासंभव अधिकाधिक देशों को शामिल किया जाएगा। इन देशों से मूल्य सीमा की डिजाइन के बारे में राय मांगी गई है। मूल्य सीमा का विचार आश्चर्यजनक है। इसे समझने के लिए वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में हमें रूस की स्थिति पर गौर करना होगा। रूस दुनिया में प्राकृतिक गैस-एनजी का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और उसका हिस्सा 10 प्रतिशत है। गैस के कुल वैश्विक निर्यात में उसका हिस्सा और अधिक 25 प्रतिशत है। जहां तक कच्चे तेल का सवाल है, रूस दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और कुल वैश्विक उत्पादन में उसका हिस्सा 12 प्रतिशत से अधिक है। वह सऊदी अरब के बाद दुनिया में सबसे बड़ा कच्चे तेल का निर्यातक है। रूसी गैस का अधिकांश हिस्सा यूरोपीय संघ-ईयू देशों को जाता है जो उससे अपनी कुल एनजी सप्लाई का 40 प्रतिशत लेते हैं।

ईयू देश अपनी कच्चे तेल की कुल आवश्यकता का लगभग 25 प्रतिशत रूस से खरीदते हैं। हालांकि, ये हिस्से प्रतिशत में पूरे समूह के लिए हैं, पर कुछ देशों की खरीद बहुत अधिक है जिनमें जर्मनी, नीदरलैंड व पोलैंड शामिल हैं। लेकिन अमेरिका के मामले में रूसी तेल पर निर्भरता बहुत कम केवल 2 प्रतिशत है। ईयू देशों की तेल व गैस आवश्यकता के लिए रूस पर भारी निर्भरता के इस परिदृश्य में इस तथ्य पर गौर करें कि अमेरिका के साथ ही इनके द्वारा लगाए आर्थिक व वित्तीय प्रतिबंधों के भयानक परिणाम निकले हैं। इनमें सप्लाई श्रृंखला का भौतिक रूप से बाधित होना तथा समुद्री परिवहन मार्गों में बाधा आना भी शामिल हैं। इसका अपरिहार्य नतीजा सप्लाई में कमी के रूप में हमारे सामने है और वह भी बहुत ऊंचे दामों पर ही उपलब्ध है।

ईयू समूह ने रूसी ऊर्जा पर अपनी निर्भरता घटाने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। उसकी योजना समुद्र के रास्ते से गुजरने वाले 90 प्रतिशत रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाना है जिसे 2022 के अंत तक प्रभावी बनाया जाएगा। इस समूह ने रूस से एनजी की खरीद में दो तिहाई कमी करने और उसके स्थान पर इस साल के अंत तक दूसरे देशों से एलएनजी सप्लाई की योजना बनाई है। इन कदमों का उद्देश्य विकल्प तथा सप्लाई के टिकाऊ स्रोत बनाना है। इससे वे रूसी आयातों से अपना जोखिम कम करना चाहते हैं। लेकिन इसका लाभ दीर्घकालीन व मध्यकालीन अवधि में ही हो सकता है। वर्तमान समय में इस समूह के लगभग सभी देश आसमान छूती कीमतें तथा उद्योगों, बिजनेसों, बिजली उत्पादन के खर्च, लगातार जारी मुद्रास्फीति के रूप में इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। ऊर्जा पर बेतहाशा खर्च से बचने के लिए वे अरबों डालर के सहायता पैकेज देने को मजबूर हैं। इसका बाकी दुनिया पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। उदाहरणार्थ, ईयू देशों द्वारा अब तक रूस से होने वाली सप्लाई में दो तिहाई कमी कर उसे अन्य स्रोतों से प्राप्त करने का अर्थ उनकी भारत समेत एशियाई देशों से प्रतियोगिता होगा। इसका अर्थ मध्य-पूर्व व अमेरिका से 100 बिलियन घन मीटर या 70 मिलियन टन एलएनजी होगी जो वैश्विक एलएनजी व्यापार का 18 प्रतिशत है।

इसका अर्थ है कि भारत को न केवल स्पाट बाजार से खरीद की बहुत भारी कीमत देनी होगी, बल्कि उसे दीर्घकालीन अनुबंधों के आधार पर होने वाली सप्लाई पर पड़ने वाले प्रभावों पर भी गौर करना पड़ेगा। रूस के खिलाफ लगाए बेलगाम प्रतिबंधों के रूप में अपने ही कार्यों का खामियाजा भुगतने वाले ईयू देश अब मूल्य सीमा निर्धारित कर सस्ती सप्लाई सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं जिसके नीचे वे रूस में उत्पादित तेल या एनजी नहीं खरीदेंगे। वैश्विक मांग-सप्लाई के मूलाधार उनके अत्यधिक खिलाफ हैं, पर उनको अनदेखा करते हुए वे चाहते हैं कि हर देश व खासकर रूस उनकी पसंद की कीमत पर सप्लाई करे।

यह स्थिति हास्यास्पद है। यह और भी मूर्खतापूर्ण है कि ईयू समूह के देशों का इरादा उन 'सेवा प्रदाताओं' का प्रयोग कर लाभ प्राप्त करना है जो समुद्री परिवहन में शामिल हैं। ईयू या ब्रिटेन द्वारा नियंत्रित या उनके स्वामित्व वाले निगम अपनी सरकारों के आदेश मानने पर मजबूर हैं। समूह का तर्क है कि सेवा प्रदाताओं को ये सेवायें तभी देनी चाहिए जब तेल व एनजी की सप्लाई मूल्य सीमा पर या उससे कम हो। इस तर्क के पीछे यह अनुमान है कि उत्पाद के स्वामी की तुलना में सेवा प्रदाता की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है। ईयू के रणनीतिकारों को लगता है कि उनको समुद्री परिवहन सेवायें बंद करने की धमकी देकर ऐसा करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। समूह ने अतीत में ऐसे प्रतिबंध लगाने के बाद हटाए भी हैं। लेकिन इसके बावजूद उसके सदस्यों को रूस से सप्लाई के लिए उसकी पसंद की कीमतें देनी पड़ी हैं।

देखना होगा कि इन कदमों का क्या प्रभाव पड़ता है। सेंटर फार रिसर्च आन एनर्जी एंड क्लीन एयर के अनुसार रूस को फरवरी से अगस्त, 2022 तक तेल, एनजी व कोयले की बिक्री से 158 बिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें से आधे से अधिक, यानी लगभग 85 बिलियन यूरो ईयू से प्राप्त हुआ। यूक्रेन पर हमले के पहले की अवधि की समान अवधि की तुलना में रूस के राजस्व में वृद्धि हुई, हालांकि उसके कुल आयात की मात्रा में 18 प्रतिशत की कमी आई।

इस पृष्ठभूमि में देखने पर पूरी तरह स्पष्ट होता है कि केवल मूल्य सीमा निर्धारित करने से व्यावहारिक रूप से तेल व गैस की कीमतों में कोई कमी आना असंभव है। लेकिन समस्या इस मामले में यूरोपीय संघ-ईयू व अमेरिका की सोच से निपटना है। अपने कष्ट कम करने के लिए उनको इस सोच से बाहर निकलना होगा। उनको रूस के खिलाफ लगे आर्थिक प्रतिबंध समाप्त करने चाहिए क्योंकि वे कभी सैनिक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं होंगे।

# परिवर्तनकारी हो सकती है राहुल की यात्रा

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है। वर्तमान समय में यह कांग्रेस के लिए परीक्षा का समय है। ऐसे में राहुल गांधी और कांग्रेस को यह मौका नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें जनता को समझाना होगा कि वे तथा कांग्रेस एक परिवर्तनकारी शक्ति हैं।

दुनिया भर में वर्तमान राजनेताओं के लिए छवि-निर्माण राजनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण उपकरण है, और इसमें भारत कोई अपवाद नहीं है। वे विशेष छवि-निर्माण कंपनियों को नियुक्त करते हैं, जो अपने ग्राहकों को बताती हैं कि क्या पहनना है, कैसे बोलना है, और सत्ता पर कब्जा करने के लिए किन मुद्दों पर उल्लेखनीय स्तर पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। पिछले एक दशक में, कई नेताओं ने इन कंपनियों को अपना सार्वजनिक व्यक्तित्व बनाने के लिए काम पर लगाया है। ऐसा करने वाले नेताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव, एमके स्टालिन (तमिलनाडु), ममता बनर्जी (पश्चिम बंगाल) और के चंद्रशेखर राव (तेलंगाना) शामिल हैं। जहां तक राजनीतिक यात्राओं का सवाल है, वे 1930 में महात्मा गांधी के दांडी मार्च के दिनों से ही होती रही हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की वर्तमान 'भारत जोड़ो' यात्रा ऐसा ही एक महत्वपूर्ण जन संपर्क अभियान है। एनटी रामाराव और लालकृष्ण आडवाणी जैसे अन्य लोगों ने 'रथ' या बसों पर इसी तरह की यात्राएं की थीं। कुछ अन्य नेताओं, जैसे कि विनोबा भावे, जनता पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर (1983), और आंध्र प्रदेश कांग्रेस के नेता वाईएस राजशेखर रेड्डी (2004) ने भी यात्राएं की हैं।

2004 से, जब राहुल ने पहली बार संसद सदस्य के रूप में राजनीति में प्रवेश किया, वह अपने लिए अलग-अलग छवियों को आजमा रहे हैं। हालांकि, अब तक उनके द्वारा किए प्रयासों को बहुत सफल नहीं कहा जा सकता है, पर राहुल अब एक नए व्यक्तित्व को चित्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। वह - जनता के आदमी और महिलाओं और युवाओं के नेता के रूप में - एक जमीनी नेता की भूमिका निभाते हुए, पीएम मोदी से देश को बचाने और उन्हें चुनौती देना चाहते हैं। यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा कि राहुल गांधी के इस प्रयास का चुनावी व राजनीतिक नतीजा कैसा होता है।

निकट अतीत की घटनाओं पर गौर करें तो सबसे पहले, राहुल ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए शासन (2004-14) के दौरान सीखने की प्रक्रिया में शामिल होने का दावा किया था। उन्होंने युवा कांग्रेस में फेरबदल किया, लेकिन इससे कोई खास प्रभाव पैदा कर पाने में असफल रहे। फिर उन्होंने खुद को, व्यवस्था को बदलने के लिए बेचैन, एक गुस्सैल युवक या एंग्री यंग मैन के रूप में तथा बाद में लोकतंत्र के नए विचारों वाले एक सुधारक के रूप में पेश किया। लेकिन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की दयनीय पराजय तथा विभिन्न राज्यों में 45 बार हारने के बाद, राहुल ने अगस्त 2019 में पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। लेकिन इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि वे तब से, रिमोट कंट्रोल के माध्यम से बिना किसी प्रमुख पद पर कांग्रेस पार्टी का पहले की तरह ही संचालन कर रहे हैं।

कहा जाता है कि राहुल गांधी इस व्यापक जन संपर्क कार्यक्रम के माध्यम से उन तबकों से जुड़ने की संभवत: आखिरी कोशिश कर रहे हैं, जो दूसरी पार्टियों में चले गए हैं। वे कांग्रेस के वे मतदाता तलाश रहे हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी कांग्रेस को वोट देते रहे हैं।

लेकिन वर्तमान स्थितियों पर गौर करें तो स्पष्ट है कि कांग्रेस पिछले लगभग दस साल से केन्द्र की सत्ता से बाहर है। अगला लोकसभा चुनाव सिर्फ दो साल दूर है। और अगर 2024 में भी कांग्रेस पार्टी हारती है तो कार्यकर्ता व जमीनी नेता और भी हतोत्साहित होंगे। भारत जोड़ो यात्रा का वर्तमान अभियान उन्हें अपनी छवि सुधारने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। स्वतंत्रता के बाद के भारत में जन संपर्क कार्यक्रम कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण शो की तरह रहा है। वर्तमान शो में भी पार्टी के सांसदों सहित कांग्रेस सदस्यों का एक बड़ा दल भाग ले रहा है जो अगले 150 दिनों में बारह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के माध्यम से 3,500 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। 200 से अधिक नागरिक समाज संगठन भी इस कदम का समर्थन करते हैं। कांग्रेस ने भारत यात्रा का नारा दिया है- 'मिले कदम, जुड़े वतन'।

कहा जाता है कि भारत जोड़ो यात्रा के अगले 150 दिनों के दौरान राहुल गांधी एक महान श्रोता बने रहेंगे। वे जनता की भावनायें और समस्यायें सुनने व समझने का प्रयास करेंगे। पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश कहते हैं, ''यह एक सार्वजनिक, खुली, पारदर्शी कवायद है।'' राहुल के पास यह दिखाने के लिए बहुत कम समय है कि उन्होंने अब तक क्या किया है। राहुल गांधी को अपने व्यक्तित्व को देश की जनता के सामने आकर्षक रूप से पेश करना है।

दूसरी ओर, भाजपा राहुल को बौद्धिक रूप से अपर्याप्त, भावनात्मक रूप से अस्थिर, संगठनात्मक रूप से अक्षम और काले धन को सफेद करने वाले के रूप में चित्रित करना चाहती है। इस प्रकार वर्तमान भारत जोड़ो यात्रा राहुल के लगभग दो दशक के राजनीतिक करियर का सबसे लंबा अभियान है। ईंधन की ऊंची कीमतों के विरोध में वह साइकिल से संसद पहुंचे हैं। राहुल के रणनीतिकारों ने उनके शारीरिक फिटनेस अभ्यास, उनके पाक कौशल और मछुआरों के साथ तैराकी की तस्वीरें जारी की हैं। लेकिन इस यात्रा की संभावित सफलता से जुड़ा सवाल यह है कि क्या राहुल भीड़ को वोटर बना सकते हैं? राहुल का दावा है कि वह 'भय, कट्टरता और पूर्वाग्रह की राजनीति' और 'आजीविका विनाश, बढ़ती बेरोजगारी और बढ़ती असमानताओं के अर्थशास्त्र' के विकल्प होंगे। वह चाहते हैं कि यात्रा उनके लिए एक तपस्या की तरह हो और वह देश को एकजुट करने के लिए 'लंबी लड़ाई' के लिए तैयार हों। हालांकि, इस दावे में कई किन्तु-परंतु हैं। क्या बिना छुट्टी लिए राहुल इस कठिन परीक्षा से गुजर पाएंगे? दूसरे, पांच महीनों के लंबे समय तक यात्रा के प्रति जनता की दिलचस्पी को बनाए रखना कठिन है। राहुल को खुद को और कांग्रेस को खबरों में बनाए रखने के लिए कुछ नया खोजना होगा। लगता है कि वह बिना चेहरा छुपाए आधा रास्ता भी नहीं पार कर पाएंगे। तीसरा, कांग्रेस में यात्रा के माध्यम से पैदा हुई यह गति 2024 के चुनावों तक बनी रहनी चाहिए। राहुल के सामने यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। चौथा, वह यात्रा की सफलता का आनंद तभी उठा सकते हैं, जब वह आगे बढ़कर नेतृत्व करें।

सोनिया गांधी ने मार्च को 'ऐतिहासिक अवसर' बताया। यह यात्रा भारतीय राजनीति के लिए एक 'परिवर्तनकारी क्षण' और पार्टी के कायाकल्प के लिए एक 'निर्णायक क्षण' हो सकती है। राहुल और पार्टी को यह मौका नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें जनता को समझा देना होगा कि वह ऐसा कर सकते हैं। वैसे जन संपर्क कार्यक्रम आम तौर पर राजनेताओं की मदद करते रहे हैं।

## आप की बात

### कांग्रेस की दशा

**कभी** सशक्त राष्ट्रव्यापी पार्टी रही कांग्रेस का हश्र दिन-ब-दिन खराब होता जा रहा है। उधर भारत जोड़ो यात्रा चल रही है और इधर खुद पार्टी ही जुड़ी हुई नहीं रह पा रही है। गोवा के 8 विधायकों का कांग्रेस छोड़कर जाना, गुलाम नबी आजाद द्वारा कांग्रेश छोड़ने से भी बड़ा झटका है। दरअसल सत्ता रूपी 'फेविकोल' के अभाव में पार्टी में अभी और भी बिखराव संभव है। क्योंकि हर नेता भविष्य में कैसे सत्ता मिलेगी उसका गणित लगाकर ही चलता है। अब नीति का शब्द तो कांग्रेस की डिक्शनरी से हट चुका है, अन्यथा वैधानिक शपथ के बाद अपने धर्म के नाम पर डबल शपथ लेने वाले विधायक यूं पार्टी नहीं छोड़ते। आगामी चुनावों में बीजेपी के सामने दूर दूर तक ना तो कोई सशक्त दल नजर आ रहा है , और ना ही कोई गठबंधन। और रहा सवाल कांग्रेस का तो, उसमें ऊपरी स्तर पर गांधी परिवार बना रहता है लेकिन इसके बावजूद भी उसके लिए सत्ता पाना आसान नहीं है और गाधी परिवार नहीं रहता है तब भी भारी गुटबंदी के चलते खुद कांग्रेसी ही कांग्रेस को हराने में लगे हुए हैं। देखना होगा कि गोवा की घटना का भारत जोड़ो यात्रा पर कोई असर पड़ता है या नहीं। कहीं गोवा जैसी और घटनायें न होने लगें।

–**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### बेगूसराय में शूटआउट

**आज** तक हमने अमेरिका के शहरों के शूटआउट घटनाक्रम के बारे में सुना और देखा था। मगर ऐसा ही घटनाक्रम बिहार के बेगूसराय में देखने को मिला है। बेगूसराय की राजमार्ग संख्या 31 एवं 28 पर दिनदहाड़े 30 किलोमीटर तक दो मोटरसाइकिल पर सवार, साइको कहे जाने वाले अपराधी प्रवृत्ति के चार लोगों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की गई जिसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई और 10 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताए जाते हैं। इस घटना के बाद से ही बिहार की राजनीति गरमा गई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है और बिहार के शासन व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं, जंगलराज की वापसी की बात कही जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटनाक्रम में पिछड़ों को ही निशाना बनाए जाने की बात कही है। निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो यह खुफिया तंत्र एवं पुलिस विभाग की निष्क्रियता और सर्विलांस के अभाव का ही परिणाम है कि 40 मिनट तक 30 किलोमीटर के दायरे में शूटआउट करने वाले बेरोक टोक फायरिंग करते रहे और निर्दोषों को निशाना बनाते रहे।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### बीसीसीआई पर फैसला

**बीसीसीआई** भले ही एक स्वायत्त संस्था है, मगर राजनीति से मुक्त नहीं। बीसीसीआई के पास अपार धन है, इसीलिए राजनीतिज्ञ खुद को इससे अलग नहीं कर सकते। प्रख्यात राजनीतिज्ञ अमित भाई शाह के पुत्र जय शाह इसके सचिव हैं। कहने को और लिखने के लिए ही यह सिर्फ एक खेल संस्था है, मगर असल में यह भी एक तरह से केंद्र सरकार के कैबिनेट की ही तरह है। जहां बिना क्रिकेट खेले शरद पवार, अनुराग ठाकुर, राजीव शुक्ला, स्वर्गीय अरुण जेटली एवं जय शाह जैसे लोग मुख्य पद को न सिर्फ प्राप्त करते हैं, बल्कि अब तो ये लोग अपने कार्यकाल को बढ़ाने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट से ले चुके हैं। वर्तमान अध्यक्ष सौरव गांगुली एवं सचिव जय शाह और तीन साल के लिए अपने पदों में बने रहेंगे। कौन ठीक है, कल को ये लोग एक और संसोधन ले कर आ जायेंगे कि अब इस पद को आजीवन कर दिया जाना चाहिए ताकि क्रिकेट के काम काज में, सत्ता परिवर्तन से कोई विपरीत असर न हो सके। यह सब क्रिकेट के भलाई के लिए नहीं, बल्कि खुद के विकास के लिए किया जा रहा है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पैरों** में छाले पड़ गए हैं, पर हम देश को एकजुट करने निकले हैं। हम किसी कीमत पर रुकेंगे नहीं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**हमारे** सैनिकों ने सितंबर में पूरब और दक्षिण में रूसी नियंत्रण से 6000 वर्ग किलोमीटर जमीन वापस छीन ली है।

– **वोलोदीमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**वे** धृणा के माध्यम से लोगों को जोड़ना चाहते हैं। उनकी पुरानी पीढ़ियों ने हमें रोकने के प्रयास किए हैं।

– **मनमोहन वैद्य**
आरएसएस महासचिव

# प्रधानों को केंद्र सरकार देगी कर्मयोगी पुरस्कार

## ● कर्मयोगी बने देश के प्रधान, स्मार्ट पंचायत सिर्फ शब्द नहीं बल्कि देश की आत्मा: गिरिराज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केंद्रीय** ग्रामीण विकास और पंचायती राजमंत्री गिरिराज सिंह ने इन्दिरा गांधी में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन के विजन को साकार करने के लिए ऐसे स्मार्ट गांव जो जमीनी स्तर पर सेवा और रोजगार देने के लिए स्वतंत्र हों उन्हें बढ़ावा दिया जाए।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानों को फंड से आगे सोचने की जरुरत है। देश के कर्मयोगी ग्राम प्रधानों को ग्रीन एनर्जी, बायोगैस, नेचुरल फार्मिंग अन्य तकनीक के माध्यम से ग्राम पंचायतो को स्मार्ट बनाने की आवश्यकता है। श्री सिंह ने कहा कि देश के प्रधानों को मध्य प्रदेश, केरल, चंडीगढ और कोयंबटूर के कर्मयोगी प्रधानों से सीख लेनी चाहिये जिन्होंने धन के अभाव और तमाम दिक्कतों के बावजूद तकनीक का प्रयोग कर अपने गांवो को सिर्फ स्मार्ट ही नहीं बनाया बल्कि राज्य सरकार से एग्रीमेंट कर बिजली बेंचकर व अन्य माध्यमों से गांव की आमदनी में सलाना 10 से 15 लाख रुपये की वृद्दि कर पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को शिक्षा युक्त, पोषण युक्त, ग्रीन एनर्जी युक्त और पूर्ण रोजगार पंचायत बनाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा ऐसे ग्राम प्रधानों को जो अपने गांवो को तकनीक का प्रयोग कर स्मार्ट बनायेंगे भारत सरकार उन्हें आनेवाले समय में कर्मयोगी पुरुस्कार देकर सम्मानित करेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्मार्ट पंचायत सिर्फ एक शब्द नही बल्कि देश की आत्मा है। स्मार्ट पंचायतों से ही प्रधानमंत्री का 5 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का सपना साकार होगा। देश तभी आगे बढेगा जब ग्राम पंचायतें मजबूत होगी जिससे भारत का एक्सपोर्ट बढेगा। ग्राम पंचायतो को नेचुरल फार्मिंग पर बल देने की आवश्यकता है। इससे देश के नागरिक अस्पतालों से दूर रहेंगे और कैंसर जैसी बीमारी में कमी आयेगी।

उन्होंने कहा कि फंड देने में केंद्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है पिछले पांच वर्षो में उतर प्रदेश को पचास हजार करोड़ रुपये का फंड दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर यह सपना साकार होता है और हर ग्राम पंचायत में प्लाजमा वाटर तकनीक आ जाती है तो देश को यूरिया आयात की आवश्यकता नहीं पडेगी। स्वयं सहायता समूह के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिलाओं के यह समूह जेंडर एम्प्लॉयमन्ट को बढावा देंगे जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। श्री सिंह ने कहा कि ग्राम सभाओं में लोग हिस्सा नहीं लेते इसके लिये आवश्यक है कि देश के कर्मयोगी प्रधान ग्रामवासियों को ये विश्वास दिलाये कि ये सभाये नागरिकों और देश के हित के लिये है।

प्रधानमंत्री का सपना है कि वर्ष 2070 तक भारत कार्बन तटस्थता को हासिल करें। इस लक्ष्य को हासिल करने में ग्राम पंचायतों की भूमिका काफी अहम रहेगी। केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने कहा कि स्मार्ट विलेज पंचायत ग्रामीण समुदायों का सशक्तिकरण, कोई भी पीछे न छूटे विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन से प्रधानों को हौंसला मिलेगा। फंड के अभाव में दम दिखाने की आवश्यकता है। हर ग्रामवासी को आदर्श बनाने की आवश्यकता है।

# मदरसे में पढ़ने वाले बच्चे के एक हाथ में कुरान, दूसरी में हो कम्प्यूटर: दिनेश शर्मा



## ● मदरसे का सर्वे करने का विरोध करने वालों के बच्चे नही पढ़ते है मदरसों में

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्व** डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग को सरकारी योजना का जितना लाभ पिछली सरकारों में मिला होगा उसका कई गुना अधिक लाभ भाजपा सरकार में दिया गया है। अल्पसंख्यक मोर्चा उप्र भाजपा द्वारा विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में आयोजित प्रदेश प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि मदरसों के सर्वे पर विरोधी दलों ने शोर शराबा कर दिया जब कि सर्वे से मुस्लिम छात्रों का ही हित है। क्योंकि वहां की न केवल शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा आधुनिक शिक्षा एकम्प्यूटर की शिक्षा बच्चों को मिल सकेगी और यदि अच्छी शिक्षा दी जा रही है तो अनुदान भी मिल सकता है। यह भी देखा जाएगा कि मदरसे की इमारत कैसी है वास्तव में मदरसे का पढ़ा बच्चा आगे इसलिए नही बढ़ पाता कि उसे अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान जैसे विषयों को नही पढ़ाया गया। डा शर्मा ने कहा कि सरकार मजहबी शिक्षा का विरोध नही कर रही है। वह चाहती है कि मदरसे में पढ़नेवाले विद्यार्थी के एक हाथ में यदि कुरान हो तो दूसरे हाथ में कम्प्यूटर हो। यह अल्पसंख्यक समाज को इसलिए बोलना चाहिए कि आज 16513 मदरसे उत्तर प्रदेश में हैं। इनमें से 558 को अनुदान मिल रहा है। 7442 मदरसों को सरकार ने आधुनिकीकृत योजना में लिया है। सरकार एनसीईआरटी की पुस्तके प्रकाशित कराकर उन्हें मदरसों में पढ़नेवालों बच्चों को देने की योजना बना रही है। सरकार वास्तव में मदरसों के सर्वे के माध्यम से अच्छी शिक्षा देने के द्वार खोल रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा ि क वे मदरसों के सर्वे में सहयोग कर अच्छे मदरसों की कमियों को सरकार से पूरा कराने का प्रयास करें। उनका कहना था कि जो लोग आज सर्वे की मुखालफत कर रहे हैं उनमें से किसी के बच्चे ने मदरसे में शिक्षा ग्रहण नही की है।वास्तव में इन नेताओं का मुसलमानों के बच्चों की चिंता नही है। ये चिंतित इस बात से हैं कि यदि मुस्लिम गरीब बच्चा शिक्षित हो गया तो वह विदेशों में पढ़ें उनके अपने बच्चों से मुकाबला करने लगेगा। उन्होंने अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारियों से कहा ि क वे लोगों को समझाएं कि भाजपा उनके हित में क्या कर रही है जिससे उनकी विचारधारा में परिवर्तन हो। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद विपक्ष की सरकारों में अल्पसंख्यक वर्ग को आश्वासन और नारे मिले हैं। उन्माद और दंगे मिलें हैं, भुखमरी मिली और एक प्रकार से कट्टरता का बहाना लेकर आपस में लड़ाने के उपाय मिले। डा शर्मा ने कहा कि धर्म के नाम पर मुस्लिम वर्ग को दूसरे वर्ग से अलग करने का षड़यन्त्र विपक्षी दलों द्वारा समय-समय पर चुनावी लाभ के लिए चलता रहा है। मुसलमानों को बरगलाने का काम होता रहा। विरोधी दलों के नेता मुसलमानों को बरगलाने के लिए उनके कार्यक्रमों में शामिल होकर मन्दिर मस्जिद जैसे मुद्दों पर बरगलाते रहे। ऐसे में अल्पसंख्यक मोर्चे का काम, दायित्व बढ जाता है। इस अवसर पर मंत्री दानिश आजा, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कुवर बासित अली, प्रदेश उपाध्यक्ष फादर राकेश छतरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमील शम्सी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अफरोज आलम, प्रदेश मंत्रो जीशान खान आदि उपस्थित थे।

# निर्मला सीतारमन से मिले मंत्री नंदी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बुधवार को नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से भेंट की। मंत्री नन्दी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे चौमुखी विकास पर चर्चा की। निर्मला सीतारमन ने प्रदेश में बढ़ रही औद्योगिक सम्भावनाओं, तेजी से बन रहे एक्सप्रेसवे, एयरपोर्टों के निर्माण व विकास परियोजनाओं को लेकर प्रदेश सरकार के कार्यों की तारीफकी। मंत्री नन्दी ने केंद्रीय वित्त मंत्री को अवगत कराया कि मोदी-योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। साथ ही जनवरी 2023 में उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले ग्लोबल इनवेस्टर्स सम्मिट के आयोजन को लेकर चर्चा की। जिसमें करीब दस लाख करोड़ रूपए के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वित्त मंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। कहा कि जिस तरह ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 के जरिए उत्तर प्रदेश ने निवेश अर्जित कियाए उसी तरह ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट में भी बड़े पैमाने पर निवेश हो यही कामना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे एवं एयरपोर्ट के तीव्र विकास की सराहना की और कहा कि यह उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति की पहचान बन गये हैं।

# संगठन की ताकत की बदौलत विधानसभा व लोकसभा चुनाव में मिली सफलता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि संगठन की ताकत की बदौलत जिस तरह विगत विधानसभा व लोकसभा चुनावों में भाजपा को सफलता मिली, उससे सपा समेत विपक्षी दल धराशाई हो गए हैं। चुनावों में जनता द्वारा लगातार नकारे जाने के बाद सपा विधानसभा घेराव का ड्रामा कर रही है। उचित यह होता कि सपा नेता अपना सवाल विधानसभा में उठाते तब भाजपा सरकार को भी अपना पक्ष मजबूती से रखने का मौका मिलता।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष गुरूवार को बस्ती के अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षागृह में बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इसके पूर्व गुरुवार को गोरखपुर क्षेत्र के दौरे के क्रम में पहली बार बस्ती में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष का क्षेत्रीय अध्यक्ष एमएलसी डा धर्मेंद्र सिंह व जिलाध्यक्ष महेश शुक्ला के नेतृत्व में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। भूपेन्द्र सिंह ने बैठक के दौरान पीएम मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी की जयंती दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा, आगामी निकाय चुनाव और स्नातक विधान परिषद सदस्य चुनाव की दृष्टि गत चर्चा की। निकाय चुनाव को



लेकर संगठन स्तर पर प्राथमिक तैयारी शुरू करने पर जोर देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने और सपा के जन विरोधी मंसूबे को धूल चटाने के लिए संगठन के तपस्वी कार्यकर्ताओं को तैयार रहना चाहिए। कहा कि गोरखपुर क्षेत्र में भाजपा का सशक्त संगठन है। यहां पार्टी के लिए अनुकूल माहौल है। जरूरत है कि कार्यकर्ता अपनी भूमिका के अनुकूल कार्य करें। बस्ती पहुंचने के बाद सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षागृह में बस्तीए सिद्धार्थनगर व संत कबीर नगर की संगठनात्मक बैठक की। इस बैठक में जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिले के पदाधिकारीए क्षेत्र के पदाधिकारी, निकाय चुनाव के लिए पार्टी की तरफ से बनाए गए संयोजक शामिल हुए। इसके उपरांत तीनों जिलों के जनप्रतिनिधियों से भी प्रदेश अध्यक्ष ने भेंट की। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष महेश शुक्ला ने किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाएंगे छह पर्यटन स्थल

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश की विशालता, समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए प्रदेश के छह पर्यटन स्थलों जैसे आगरा, कानपुर, झांसी, महोबा, गोरखपुर एवं कुशीनगर को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने के प्रस्ताव तैयार कराए गए हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की प्रासाद स्कीम के तहत वाराणसी, मथुरा एवं अयोध्या के समेकित पर्यटन विकास के लिए नई परियोजनायें तैयार कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के साथ हाल में ही संपन्न बैठक में मथुरा, अयोध्या एवं प्रयागराज में माइस टूरिज्म के अंतर्गत कन्वेंशन सेंटर बनाने की सहमति प्रदान की गयी है। सिंह ने बताया कि मिनी प्रासाद स्कीम के तहत प्रदेश के महत्वपूर्ण डेस्टिनेशन गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा, नैमिषारण्य, मिर्जापुर, बटेश्वर, संकिसा, कौशाम्बी, चित्रकूट, श्रावस्ती एवं कपिलवस्तु में मूलभूत सुविधाओं का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है।

# खीरी की घटना हाथरस की बेटी हत्याकांड की जघन्य पुनरावृत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में दलित वंचित वर्ग की बहन बेटियों पर और गरीब पर पुलिस अत्याचार थम नहीं रहा है। भाजपा सरकार में महिलाओं और बेटियों के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटनाओं की बाढ़ आ गई है। पुलिस निर्दोषों को झूठे मामलों में फंसाकर पीट-पीटकर हत्या कर रही है जबकि आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले बेखौफ हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की पुलिस भ्रष्ट और संवेदनहीन हो गई है। निघासन पुलिस थाना क्षेत्र में दो दलित बहनों की हत्या और उसके बाद पुलिस पर पिता का ये आरोप बेहद गंभीर है कि बिना पंचनामा और सहमति के उनका पोस्टमार्टम किया गया। लखीमपुर में किसानों के बाद दलितों की हत्या 'हाथरस की बेटी' हत्याकांड की जघन्य पुनरावृत्ति है। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ में अनुसूचित जाति की बच्ची से दुष्कर्म अत्यन्त विचलित करने वाली घटना है, भाजपा सरकार में एक और हिरासत में मौत हुई। गोंडा के नवाबगंज थाने पुलिस ने देवनारायण यादव नाम के युवक की हिरासत के दौरान पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आखिर और कितने निर्दोषों की इस तरह हत्या करेंगी भाजपा सरकार की पुलिस।

# लखीमपुर की घटना सरकार के कानून व्यवस्था की पोल खोलने वाली: मायावती



**लखनऊ।** लखीमपुर में दो सगी बहनों की लाश पेड़ से लटकी पाये जाने के बाद विपक्ष सत्तापक्ष पर हमलावर होने लगा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए योगी सरकार पर निशाना साधा है। गुरुवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि लखीमपुर खीरी में मां के सामने दो दलित बेटियों का अपहरण और दुष्कर्म के बाद उनके शव पेड़ से लटकाने की हृदय विदारक घटना सर्वत्र चर्चाओं में है, क्योंकि ऐसी दुखद और शर्मनाक घटनाओं की जितनी भी निन्दा की जाए वह कम। यूपी में अपराधी बेखौफ हैं क्योंकि सरकार की प्राथमिकताएं गलत है। हालांकि उन्होंने आगे अपने ट्वीट में कहा कि यह घटना यूपी में कानून.व्यवस्था और महिला सुरक्षा आदि के मामले में सरकार के दावों की जबर्दस्त पोल खोलती है। हाथरस सहित ऐसे जघन्य अपराधों के मामलों में ज्यादातर लीपापोती होने से ही अपराधी बेखौफ हैं। यूपी सरकार अपनी नीति, कार्यप्रणाली और प्राथमिकताओं में आवश्यक सुधार करें।

# खीरी घटना के विरोध में कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर किया प्रदर्शन

## ● पार्टी नेताओं ने पीड़ित परिजनों से भेंटकर पूरी सहायता का भरोसा दिलाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखीमपुर** खीरी में दो दलित बहनों की बलात्कार के बाद हत्या किए जाने की जघन्य घटना के विरोध में कांग्रेस ने लखनऊ में कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नेताओं ने पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय देने की मांग की। वहीं कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी के निर्देश पर कांग्रेस नेताओं ने लखीमपुर खीरी जाकर पीड़ित परिजनों से भेंट कर उन्हें पूरी सहायता देने का भरोसा दिलाया। प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक व प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि लखीमपुर में जिस तरह का जघन्य अपराध हुआ उससे प्रदेश की कानून व्यवस्था की सच्चाई उजागर होती है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। प्रियंका गांधी के निर्देश पर पूर्व विधायक और प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष सतीश अजमानी के साथ कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित दलित परिवार से मुलाकात की। और कांग्रेस की ओर से न्याय दिलाने से लेकर सभी तरह की मदद का भरोसा दिया। जघन्य घटना के विरोध में कांग्रेसजनों ने कैण्डल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया और दलित परिवार की बेटियों के साथ हुए बलात्कार के बाद नृशंस हत्याकांड के लिए भाजपा आदित्यानाथ सरकार को जिम्मेदार ठहराया और भारतीय जनता पार्टी की दलित विरोधी मानसिकता को घटना का जिम्मेदार ठहराया।

# ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई: केशव

## ● 17 से 19 तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा मनरेगा कर्मियों का प्रशिक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य की पहल व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग में प्रशिक्षित मानव श्रृंखला तैयार करने के लिए मनरेगा के संचालन से जुड़े चुनिंदा लोगों को (ट्रेनर) को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। तीन दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 से 19 सितंबर तक इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को गांवों के विकास से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी दिये जाने के साथ ही उन्हें सही मायने में ूियान्वित करने एवं पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए गहनता से जानकारी दी जायेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई हैं। वहां पर समस्त जन कल्याण से सम्बंधित योजनाओं को बनाना। क्रियान्वयन और अनुश्रवण किया जाना जरूरी है ताकि गांव व गरीबों को सभी मूलभूत व बुनियादी सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध करायी जा सकें। मौर्य ने कहा कि गांवों के विकास के बगैर देश का विकास सम्भव नहीं है इसी के दृष्टिगत वर्तमान सरकार गांवों के विकास पर पूरा जोर दे रही है इसमें ग्राम्य विकास विभाग की विशेष व महत्वपूर्ण भूमिका है।

# संसदीय समिति की रिपोर्ट से भी हुई कोरोना से बड़े स्तर पर मौतें होने की पुष्टि: कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि 'केन्द्रीय संसदीय समिति' की रिपोर्ट मेरे दावे की पुष्टि करती है कि कोराना महामारी के दौरान बड़े स्तर पर देश में लोगों की जानें गयी हैं। केन्द्रीय संसदीय समिति की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि वैश्विक महामारी कोविड-9 की 'दूसरी लहर' में 'बड़े पैमाने' पर देश में मौते हुई हैं और यह भी कहा है कि यदि 'मोदी सरकार' समय रहते आवश्यक कदम उठाती तो लोगों की जाने बचाई जा सकती थी। रिपोर्ट में कहा गया है लेकिन केन्द्र सरकार हालात की गम्भीरता को नहीं समझ सकी, जिसका परिणाम यह हुआ कि देश में लाखों लोगों की जाने असमय कोरोना महामारी में अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी, बेड की कमी, आवश्यकतानुसार दवाएं उपलब्ध न होने, आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के ध्वस्त होने, ऑक्सीजन एवं दवाओं की कालाबाजारी जैसे हालात की वजह से लोगों की जाने चली गयी और सरकार दावा करती रही की कोरोना महामारी की दूसरी लहर के समय न तो दवाओं की कमी थी न ऑक्सीजन सिलेण्डर की कमी रही और न ही अन्य आवश्यक सेवाओं की कमी हुई।

# चीनी मिलें फार्म मशीनरी बैंक स्थापित कर उपलब्ध कराएं कृषि यंत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**गन्ना** एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की चीनी मिलों को सहूलियत प्रदान करने एवं मशीनरीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के समस्त निजी सहकारी एवं निगम की चीनी मिल में गन्ना किसानों के उपयोगार्थ फार्म मशीनरी बैंक स्थापित करते हुए समस्त जिलों में निशुल्क/सब्सिडी पर कृषि यंत्र एवं मशीनरी कृषकों को उपलब्ध कराई जाए। किसानों के फसलों के बुवाई कटाई करने में काफ ी मेहनत एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह सभी कार्य आधुनिक कृषि यंत्रों की सहायता से काफी सरल हो जायेंगे। इसके साथ ही कृषि कार्य के लिए किसानों को 5 लाख रुपए तक अनुदान प्रदान किया जाय जिसकी अदायगी 2 वर्ष तक ब्याज रहित हो एवं कटौती गन्ना मूल्य भुगतान से की जाए। चौधरी बृहस्पतिवार को गन्ना संस्थान में प्रदेश के समस्त चीनी मिलों के प्रधान प्रबन्धकों, यूनिट हेड के साथ चीनी मिलों द्वारा कृषकों को वितरित किये जा रहे कृषि यंत्रों पर अनुदान के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चीनी मिलें प्रदेश के किसानों के गन्ना खेती के लिए उपयोगी यंत्र उपलब्ध करा उन्हें अधिक से लाभ पहुंचाएं।

चीनी मिलों द्वारा गन्ना खेती के लिए उपयोगी यंत्र 47 प्रकार के कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। जिनमें किसानों को दराती से लेकर ट्रेक्टर तक मशीनरी एवं कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव चीनी एवं गन्ना विकास विभाग संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि मवाना, राणा, आईपीएल, डालमिया, बलरामपुर, डीसीएम श्रीराम, त्रिवेणी, बिड़ला, धामपुर समूहों द्वारा तथा अगवानपुर, पीलीभीत, सेवरही एकल मिलों द्वारा कृषि यंत्रों के वितरण पर मिल की ओर से अनुदान भी दिया जा रहा है। निगम क्षेत्र की चीनी मिलों द्वारा भी कृषि यंत्रों के वितरण पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अन्य चीनी मिल समूहों एवं मिलों द्वारा चीनी मिल के माध्यम से कृषकों को यंत्रों की उपलब्धता लोन पर करायी जा रही है अथवा मिल द्वारा बुआई के समय बुआई कार्य के लिए नि:शुल्क दिया जाता जाता है और बुआई कार्य संपन्न होने के उपरान्त वापस ले लिया जाता है। भूसरेड्डी ने बताया कि इस वर्ष निजी चीनी मिल समूहों द्वारा कुल 348.67 लाख एवं निगम क्षेत्र की चीनी मिल द्वारा कुल 40.13 लाख का अनुदान दिया जा चुका है।

# लखनऊ में 28 को होगा सपा का राज्य सम्मेलन

**लखनऊ।** सपा का राज्य सम्मेलन 28 सितम्बर को तथा राष्ट्रीय सम्मेलन 29 सितम्बर को लखनऊ में होगा। देश-प्रदेश की राजनीतिक-आर्थिक स्थिति पर प्रस्ताव पारित करने के अतिरिक्त सम्मेलन में समाजवादी पार्टी की अपनी भूमिका की दिशा भी सुनिश्चित होगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उक्त घोषणा करते हुए कहा कि जिस तरह से भाजपा ने राजनीतिक एवं आर्थिक संकट पैदा किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ खिलवाड़ किया है उससे निपटने के लिए इन सम्मेलनों में पार्टी की कारगर भूमिका के बारे में चर्चा होगी। सन् 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में पार्टी की रणनीति पर भी गहन चर्चा होगी। सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष का भी निर्वाचन होगा। ज्ञातव्य है कि इन दिनों समाजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है। जुलाई से प्रारंभ सदस्यता अभियान में बहुत बड़ी तादाद में लोग सदस्य बन रहे हैं। पार्टी के सक्रिय सदस्यों से ही सम्मेलन के प्रतिनिधि चुने जाएगा। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के संगठनात्मक चुनावों को संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव को सौपी गई है।

### घरौनी के लिए 74 हजार गांवों का ड्रोन सर्वे पूरा

# ग्रामीण आवास प्रमाण पत्र तैयार करने में देश में सबसे आगे है उप्र

## ● अगले साल अक्टूबर तक सभी ढाई करोड़ परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र देने का है लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजस्व** विवाद के स्थायी समाधान और ग्रामीण परिवारों को उनके घर का कानूनी मालिकाना हक दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई भारत सरकार की प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में तेजी से मूर्त रूप ले रही है। बीते जून माह तक लगभग 35 लाख परिवारों को ग्रामीण परिवार प्रमाण पत्र घरौनी वितरित की जा चुकी है। वहीं अब तक 22 जिलों के 74 हजार से अधिक गांवों का ड्रोन सर्वे पूरा कर लिया गया है। जालौन शत प्रतिशत घरौनी तैयार करने का खिताब पहले ही अपने नाम कर चुका है। अक्टूबर 2023 तक प्रदेश सरकार ने सभी एक लाख दस हजार राजस्व गांवों के ढाई करोड़ ग्रामीण परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल 2020 को ग्रामीण परिवार प्रमाण पत्र घरौनी के नाम से प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाने वाली इस योजना के क्रियान्वयन पर खासा जोर है। राजस्व विभाग इसको अमलीजामा पहनाने में तेजी से जुटा है। योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। बीते 25 जून तक 3469879 परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किया जा चुका है। जून के बाद 241415 नये घरौनी प्रमाण पत्र तैयार किये जा चुके हैं। इस प्रकार अबतक 25824 गावों के 3711294 ग्रामीण आवास प्रमाण पत्र तैयार किए जा चुके हैं। वहीं अन्य जिलों के ड्रोन सर्वे लगातार जारी है। अब तक 22 जिलों के 74657 गांवों में सर्वे की प्रक्रिया पूरी कर घरौनी तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने 25 जून को 11 लाख परिवारों को डिजिटली रूप से घरौनी का वितरण करते हुए ऐलान किया था कि अक्टूबर 23 तक प्रदेश के सभी एक लाख दस हजार से अधिक राजस्व गांवों के ढाई लाख परिवारों को घरौनी उपलब्ध करा दी जाएगी। घरौनी ड्रोन सर्वे, पैमाइश और गांवों की खुली बैठक में शिकायतों के निस्तारण के बाद तैयार होगा लिहाजा आवासीय भूमि के विवाद का समाधान होगा। इस प्रमाण के जरिये ग्रामीण भी शहरों की भांति अपने मकान पर बैंक से ऋ ण लेकर अपना रोजगार और व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। मकान बेंच और खरीद भी सकते हैं। वहीं घरौनी तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान 31 मई 22 तक निर्विवाद वरासत के आये 3331417 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 16 सितंबर, 2022



हर खतरे से निपटने के लिए चौकन्ना रहा प्रशासन

# रेउसा में हिन्दू महापंचायत टली बजरंगदल नाराज, कहा छल हुआ

● कुसमौरा में होना था आयोजन, रखी गई थी पूरी मुस्तैदी

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**सीतापुर के** रेउसा थाना इलाके के कुसमौरा में आयोजित हिंदू महापंचायत स्थगित जरूर हो गई है, लेकिन इसे लेकर फिर से आंदोलन के आसार बनते जा रहे है। दरअसल आयोजको का कहना है कि प्रशासन ने उनको गुमराह किया है और अगर यह सच साबित हुआ तो संगठन फिर से धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। बता दें कि कुसमौरा बाजार में गुरूवार को हिन्दू महापंचायत का कार्यक्रम तय था, कार्यक्रम में साध्वी प्राची और संत सिरोमणि त्यागी महाराज को भी शामिल होना था, लेकिन हिन्दू महापंचायत स्थगित होने के बाद उनका कार्यक्रम भी टल गया। विवादित भूमि कुर्क किए जाने व अन्य मांगो को पूरा किए जाने के आश्वासन पर हिन्दू महापंचायत स्थगित कर दी गई थी, लेकिन इसके पीछे प्रशासन पर छल करने का आरोप बजरंग दल के प्रखंड संयोजक संदीप अवस्थी ने लगाया है। उधर कुसमौरा बाजार में हिन्दू महापंचायत स्थगित होने के बाद प्रसिद्ध त्यागी बाबा के आश्रम पर हरिहरपुर में गुरूवार को ही भंडारे का आयोजन किया गया। बता दें रेउसा थाना क्षेत्र कुसमौरा गांव में एक समुदाय के स्वामित्व व कब्जेदारी के विवाद में हिन्दूवादी संगठन बजरंग दल ने वहां पर हिन्दू महापंचायत आयोजित करने का ऐलान किया था। हिन्दू महापंचायत की खबर जब प्रशासन तक पहुंची तो विवादित भूमि को कुर्क करने के साथ अन्य मांगो को पूरा किए जाने का आश्वासन देकर प्रशासन ने हिन्दू महापंचायत स्थगित करा दी। हिन्दू महापचांयत आयोजन के दृष्टिगत सुरक्षा व शान्ति व्यवस्था को लेकर पहले से ही भारी पुलिस बल मौजूद है, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वहां पीएसी बल के साथ ही रेउसा के अलावा थाना सकरन, बिसवां, पिसावां, सदरपुर, तंबौर सहित अन्य थानों की पुलिस मौजूद रही। सुबह से हो रही बारिश के बावजूद आसपास के गांव हरिहरपुर कुसमौरा आदि गांवो के रास्तों पर बैरीकेटिंग की गई। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा. राजीव दीक्षित, एसडीएम बिसवां पीएल मौर्या, सीओ बिसवां अभिषेक प्रताप अजेय, तहसीलदार अविचल प्रताप सिंह सहित कई थानों की फोर्स मौजूद रही। आयोजको द्वारा प्रशासन पर छल करने का आरोप लगाए जाने के बावत तहसीलदार बिसवां अविचल प्रताप सिंह ने बताया कि संगठन पदाधिकारी ठीक तरह से समझ नहीं पाए थे, अब ऐसी कोई बात नहीं है।

# पत्नी की स्मृति में सीतापुर के प्राथमिक विद्यालय को लिया गोद

● ऐलिया के प्राथमिक विद्यालय तिहार में शुरू होगी स्मार्ट क्लास

●कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसए अजीत कुमार ने किया अनावरण

संवाददाता। सीतापुर

**ब्लाक ऐलिया** क्षेत्र का प्राथमिक विद्यालय तिहार में स्मार्ट क्लास का अनावरण हुआ तो बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। मुख्य अतिथि बीएसए अजीत कुमार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। उन्होंने कार्यक्रम आयोजक प्रेमशंकर प्रजापति की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा इस विद्यालय को गोद लिया गया है, जो शिक्षा विभाग के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय में स्व. श्रीमती मुन्नी देवी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर मनमोहा। कार्यक्रम आयोजक प्रेमशंकर प्रजापति ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में स्टेट बैंक के पूर्व चीफ मैनेजर एस.सी. लाल, जमील अहमद, अनिल चौधरी आदि ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर हौंसला बढ़ाया। कम्पोजिट स्कूल सिकटिहा के प्रधानाध्यापक प्रवीण विश्वकर्मा, शिक्षक विक्रमजीत, सुदीप कुमार पांडेय, राजेन्द्र सिंह, श्रवण कुमार वर्मा, विजय शुक्ला, विजय गौतम, अनुपम मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, प्रेमशंकर मिश्रा, हेमेन्द्र कुमार प्रजापति, प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू, नवनीत प्रजापति, रम्मू मिश्र, घनश्याम मिश्र, प्रदीप मिश्र, उमाशंकर मिश्र, रिजवान, रमाकान्त, रमेश कुमार सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### हिन्दी दिवस सम्पन्न

**संडीला (हरदोई)।** साहित्यिक संस्था बज्म ए सालार के तत्वाधान में हिन्दी दिवस मनाया गया। इस हिन्दी दिवस के कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिरिक्त मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी ने सरस्वती वंदना और शायर दावर रजा ने नात पढकर की। इसी अवसर पर उन्होंने कहा कि हिन्दी के बिना उर्दू और उर्दू के बिना हिन्दी को समझना कठिन है। इसी अवसर पर अधिवक्ता एवं समाजसेवी अभिषेक दीक्षित, मो0 आलम खां एडवोकेट ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि फरीदउद्दीन अहमद, अमीर खुसरो, कबीर और रहीम के दोहों का वर्णन करते हुए कहा कि हिन्दुस्तान की सरजमीन पर तमाम लोगों ने साहित्य सेवा की है। संडीला ही धरती पर भी कौमी एकता की बेहतरीन मिसाल मिलती रही है। इस अवसर पर शायर डा जुबैर सिद्दीकी, शमीम संदीलवी, आलोक अस्थाना, हसनैन संडीलवी, दावर रजा, मो जमाल, नाचीज संदीलवी आदि ने भी अपनी काव्य रचनायें प्रस्तुत की।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**संडीला (हरदोई)।** एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अर्न्तगत् ग्राम गाजीउद्दीन नगर निवासी बाइस वर्षीय अंकित दिल्ली में रहकर काम करता था तथा लगभग दस दिन पहले घर वापस लौटा वह रात के समय खाना खाकर बाहर कमरे में सो गया। सुबह उसका शव पेड़ के सहारे लटकता हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुसि मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### आईआर इंटर कालेज ने जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता जीती



**संडीला (हरदोई)।** आईआर इंटर कालेज की कबड्डी टीम ने जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता जीत ली है। भगवंतनगर इंटर कालेज में 13 सितम्बर से चल रही कबड्डी प्रतियोगिता सीनियर वर्ग(बालक) के फाइनल में आईआर इंटर कालेज का मुकाबला देवी दयाल इंटर कालेज सुभानखेड़ा से हुआ। दोनों टीमों ने कांटे का खेल दिखाया लेकिन विजयश्री आईआर इंटर कालेज को मिली। आईआर इंटर कालेज की टीम ने सुभानखेड़ा की टीम को 47कृ45 से हराकर वियजश्री प्राप्त की। कालेज की टीम की शानदार सफलता पर प्रबंधक बेगम इशरत रसूल, प्रधानाचार्य डा ओमप्रकाश सिंह, शिक्षक नेता आशीष सिंह, यशवंत सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टीम प्रभारी सम्राट अशोक तथा पीटीआई रामदयाल एवं टीम के सदस्यों को बधाई दी।

### आनलाइन ट्रेडिंग पर अंकुश की मांग, सौंपा गया ज्ञापन



**संडीला (हरदोई)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, कंछल गुट ने आनलाइन टेडिंग पर तत्काल पर रोक लगाने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में नगर के व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल जिसमें व्यापारी नेता गयाधर तिवारी, रितेश मेहरोत्रा,चरन सिंह, ओमनाथ गुप्ता, संगीत सोनी, मुकेश गुप्ता, संजय गुप्ता, दिनेश कश्यप, महेन्द्र कुमार गुप्ता, अतुल जायसवाल आदि शामिल रहें, एसडीएम डी पी सिंह से भेंट की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की कि आनलाइन ट्रेडिंग से देश के सात करोड़ से अधिक व्यापारियों का व्यापार नष्ट होने की कगार पर पहुंच गया है। ज्ञापन में मांग की गयी है कि जो भी आनलाइन टेऊडिंग चल रही उस पर जीएसटी के अलावा बीस प्रतिशत विकास कर लागू किया जाये तथा एफडीआई पर अंकुश लगाया जाये।

# एसबीसए ने निपुण भारत अभियान का दिलाया प्रशिक्षण



संवाददाता। सीतापुर

**निपुण भारत** कार्यक्रम को लेकर बीआरसी गोंदलामऊ में चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ खण्ड शिक्षाधिकारी पुष्पराज सिंह ने किया। बीईओ ने कहा कि ब्लाक के सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षामित्रों को कक्षा 5 तक के बच्चों को लिखने-पढ़ने और संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता हांसिल कराने के उद्देश्य से निपुण भारत अभियान भारत सरकार की ओर से चलाया जा रहा है। इस मौके पर आरपी अविनेश कुमार, अवनीश मिश्रा, ललित कुमार, रतनदीप अवस्थी, लाइक अहमद, बीआरसी स्टाफ में लेखाकार पवन सिंह, पवन त्रिपाठी, अतुल सिंह, सुधीर कुमार सहित शिक्षक संघ के अजय सिंह, लवलेश प्रताप सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, हरीश सिंह, पंकज सिंह सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

## हिन्दू महापंचायत हुई स्थगित खैराबाद पहुंची साध्वी प्राची

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** नगर खैराबाद में गुरूवार को साध्वी प्राची पहुंची। उन्होंने कमाल सरांय उदासीन संगति आश्रम पहुंचकर महंत बजरंग मुनिदास से मुलाकात की और उनसे स्वास्थ्य की जानकारी ली। भाजपा नेत्री साध्वी प्राची ने भुइंया ताली तीर्थ पर जाकर कराए जा रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया। इसके बाद मछरेहटा मार्ग स्थित शान्तिनगर पहुंचकर समाजसेवी अभिषेक गुप्ता व वहां के वाशिंदों से मिलकर जनसमस्याओं को भी सुना। आपको बता दें कि साध्वी प्राची को थाना रेउसा क्षेत्र के कुसमौरा में आयोजित हिन्दू महापंचायत में शामिल होना था, लेकिन प्रशासन की तरफ से महापंचायत के आयोजको को दिए गए आश्वासन के बाद महापंचायत स्थगित कर दी गई। इसके बाद वह रेउसा न जाकर खैराबाद जा पहुंची।

इस अवसर भाजपा नामित सभासद बाबूराम जोशी, अंकित गुप्ता, नीरज गंगवार, गौरव गुप्ता, हिमांशू यज्ञसैनी, सभासद आलोक बाजपेयी सहित कई लोग मौजूद रहे। उनके आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन पहले से ही सतर्क था।

# निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर नगर** पालिका में इस बार खिलेगा कमल-आकाश अग्रवाल बजरंगी शहर के बड़ी लाइन के निकट एक होटल में भारतीय जनता पार्टी की सांगठनिक बैठक जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा और नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल बजरंगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक मे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद मंडल प्रभारी राजेश्वर रस्तोगी स्थानीय निकाय चुनाव संयोजक विश्राम सागर राठौर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने विस्तृत रूप से बैठक के एजेंडे पर उपस्थित मंडल के सभी पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, वार्ड अध्यक्ष, वार्ड महामंत्री, तथा नगर मंडल के सभी मोर्चों के अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया।जिसमे स्थानीय निकाय चुनाव की रणनीति और 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवारा में प्रत्येक दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई।मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा की पिछला चुनाव भी आप सब की ताकत पर जीता और इस निकाय चुनाव मे सब मिलकर जीत हासिल करेंगे। सेवा पखवारा मे किस दिन कौन सा कार्यक्रम होगा और किस तरह उसको मनाया जाएगा विस्तृत जानकारी दी।17 सितम्बर प्रधानमंत्री जी के जन्म जयंती पर रक्तदान कैंप,18 सितंबर स्वास्थ्य परीक्षण,19 सितंबर भारत सरकार और प्रधानमंत्री के कार्यों की प्रदर्शनी ।20 और 21 सितंबर स्वच्छता दिवस ।22 सितंबर जल ही जीवन है ।23 सितंबर लोकल फॉर वोकल ।24 सितंबर दिव्यांग दिवस ।25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती ।26 सितंबर एक भारत श्रेष्ठ भारत ।27 सितंबर सद्भावना दिवस के रूप में। 28 सितंबर प्रबुद्ध सम्मेलन ।29 सितंबर बूस्टर डोज लगवाने के लिए प्रेरणा। 30 सितंबर 2025 तक छय रोग से मुक्ति के लिए क्षय रोगियों को गोद लेना ।1 अक्टूबर वृहत वृक्षारोपण और 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती खादी और स्वदेशी के प्रयोग की प्रेरणा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल बजरंगी ने सीतापुर नगर मंडल की कार्य योजना प्रस्तुत की सभी आए हुए कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने सीतापुर नगर की इस सफल बैठक के लिए नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी को साधुवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन शक्ति केंद्र संयोजक कैंटोनमेंट झनकार नाथ शुक्ला ने किया।

# मेडिकल कालेज में नर्सिंग पाठ्यक्रम का संचालन गौरव की बात:डा. द्विजेंद्र नाथ

## बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालन हेतु कार्य विभाजन मीटिंग में मंत्रणा स्किल लैब के लिये 1800 वर्ग फीट का एरिया किया चिन्हित

**उरई ( जालौन )।** बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम के सफल संचालन हेतु तथा तय एजेंडा बिन्दुओं के आधार पर राजकीय मेडिकल कालेज उरई के समस्त सीनियर नर्सिंग स्टाफएवं उपचारिकाओं का संवेदीकरण एवं कार्य विभाजन हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी नवीनतम शासनादेशों एवं दिशा निर्देशों की जानकारी दी गयी। विशेषकर प्रदेश की नर्सों को स्किल बिल्डिंग के लिए एवं प्रशिक्षण लैब स्थापित करनें के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसका नाम प्रोग्राम स्टडी सेंटर रखा गया है। प्रोग्राम स्टडी सेंटर के लिए 1896 वर्ग फीट का एक हॉल चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही स्किल लैब के लिए 1800 वर्ग फीट का एक एरिया चिन्हित किया गया है। इस बैठक का आयोजन डा. शैलेन्द्र प्रताप (सहायक आचार्य, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग) के संयोजन से किया गया। बैठक का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य डा. द्विजेंद्रनाथ ने कहा कि बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम का संचालन बहुत की गौरव की बात है। उत्तर प्रदेश की अपेक्षाओं के अनुरूप नर्सिंग सेवाओं की कमी को दूर करनें के लिए इस कोर्स का संचालन किया गया है। समस्त नर्सिंग स्टाफका आवाह्न करते हुए कहा कि यहां पर प्रशिक्षण के लिए प्रवेश पाने वाली छात्राओं को उच्च कोटि का ज्ञान प्रदान करके अपनी संस्था का नाम रोशन करनें का यह सुनहरा अवसर है। यद्यपि इस संस्था को चलानें के लिए विभिन्न प्रकार के शिक्षकों के पद, प्रशासनिक पद एवं कार्मिकों के पदों पर शासन द्वारा तैनाती की जायेगी लेकिन जबतक भर्ती नहीं की जाती है तब तक प्रशिक्षण प्रदान करनें के लिए संस्था में उपलब्ध बीएससी नर्सिंग एवं एमएससी नर्सिंग पास नर्सिंग स्टाफ की सेवायें ली जायेंगी जिसके लिए उन्हें चिकित्सकीय संस्थान के एक बड़े लक्ष्य को पूरा करनें के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। इस बैठक में बड़ी संख्या में प्रोन्नति प्राप्त तीस (30) से अधिक सीनियर नर्सिंग स्टाफ एवं बीएससी नर्सिंग तथा एमएससी नर्सिंग पास उपचारिकायें उपस्थित थीं। सभी उपस्थित सीनियर नर्सिंग स्टाफ एवं उपचारिकाओं नें एक स्वर में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम के सफल संचालन हेतु योगदान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डा. प्रशांत निरंजन (चिकित्सा अधीक्षक), सुश्री सुमन दुबे (कार्यवाहक मैट्रन), सुश्री आरती सैनी (नर्सिंग सिस्टर), सुश्री अंजना (नर्सिंग सिस्टर), सुश्री संगीता (नर्सिंग सिस्टर), सुश्री सुमन (नर्सिंग सिस्टर) के साथ ही सुश्री नीरजा सिंह (स्टाफ नर्स), सुश्री ज्योति विश्वास (स्टाफनर्स), सुश्री रीता (स्टाफ नर्स), सुश्री पूजा मिश्रा (स्टाफ नर्स), सुश्री ऋतु भाटी (स्टाफ नर्स) एवं समस्त अन्य सीनियर नर्सिंग स्टाफएवं उपचारिकायें उपस्थित रहीं।

**शांतिधाम खर्रा में ब्राह्मणों द्वारा कराया जा रहा तर्पण श्राद्धः** जालौन (उरई)। रामराजा सरकार शांति धाम खर्रा में बुंदेलखंड की समस्त अतृप्त आत्माओं की शांति के लिए जलदान एवं मानव समृद्धि के लिए विश्वदेव यज्ञ अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। पितृ पक्ष में भारी वर्षा के बीच श्रद्धा से तर्पण श्राद्ध एवं पिंडदान भविष्यपुराण के कथा के बीच मंत्रमुग्ध श्रोतागण शोभन सरकार ग्राम खर्रा में अपने भक्तों सहित पधारे। इस दौरान ठाकुर सोबरन सिंह शेखपुरा ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। कहा कि अपने जीवनकाल में पितृ पक्ष में ऐसा तर्पण वह पहली बार देख रहे हैं। इस दौरान जलवृष्टि को देखकर ऐसा लग रहा है कि आत्माओं को शांति मिल रही है। पितृ पक्ष में होने वाली वर्षा किसानों के लिए हितकारी है।

# अनूसूचित वर्ग की बेटियों की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार को न्याय मिले:वैशाली



**लखीमपुर-खीरी।** महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए काम करने वाली सामाजिक संस्था करुणा फाउंडेशन के अध्यक्ष वैशाली तथा मेडिकल की अंतिम वर्ष की छात्रा ने कहा कि पिछले दिनों से अनुसूचित वर्ग की बेटियों पर लगातार अत्याचार बढ़ रहे हैं। रेप, हत्याओं की घटनाएं बढ़ीं। यह एक सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। वैशाली ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने कानून तो बहुत बनाए हैं लेकिन समाज में इन कानूनों का सख्ती से पालन न होने के कारण और महिला सशक्तिकरण की जो भी योजनाएं सरकार चला रही है उनका प्रचार प्रसार न होने से ऐसी घटनाएं बढ़ना स्वाभाविक है। सरकार और जिला प्रशासन को ऐसी घटनाओं को रोकने तथा बेटियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय और राज्य महिला आयोगए मानवाधिकार आयोगए को अपने अधिकारों के तहत कार्यवाही कर ऐसी जघन्न अपराधों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

समाज में ऐसी बढ़ती घटनाओं से बेटियों में असुरक्षा की भावनाएं भी आना स्वाभाविक हो जाता है। करूणा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष चंदन लाल घटना की जानकारी मिलते ही पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर मृत बेटियों के पिता रामपाल से मिलकर घटना की जानकारी ली तथा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारियों से भी जानकारी दी। वैशाली ने कहा कि करूणा फाउंडेशन संस्था पीड़ित परिवार के साथ है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

## पूर्व सांसद ने जताई नाराजगी

**लखीमपुर-खीरी।** निघासन की घटना पर पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री जफर अली नकवी ने कहा कि जैसा कि आप देख रहें है कि भाजपा सरकार आने के बाद से प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। आए दिन हमको प्रदेश में नित नए अपराध देखने को मिल रहें है। कभी किसानों कभी व्यापारी और कभी महिलाओं पर अत्याचार के नए नए दृश्य देखने को मिल रहे है। भाजपा सरकार में अपराधी भयमुक्त होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा घटना निघासन क्षेत्र की है जहां 2 सगी दलित बहनों के शव खेत मे पेड़ से लटकते हुए पाए गए। परिवारीजन हत्या की आशंका जताते हुए न्याय की गुहार लगा रहा है परंतु इस तानाशाही सरकार में आमजनो के साथ इंसाफ होगा उसकी उम्मीद ना के बराबर है। मैं इस अत्यंत जघन्य घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं और अपराधियों को जल्द से जल्द सजा तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा व न्याय दिलाने की माँग करता हूं।

# पेज एक का शेष

## सामयिक, क्षेत्रीय...

आपसी सहयोग के लिए कई निर्णय लिए जाने की भी संभावना है। उन्होंने कहा कि वह समरकंद में राष्ट्रपति मिर्जियोयेव से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं। वह राष्ट्रपति मिर्जियोयेव की 2018 की भारत यात्रा को याद करते हैं। उन्होंने 2019 में वाइब्रेंट गुजरात समिट में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में भी शिरकत की थी। इसके अलावा, मैं शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले कुछ अन्य नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें करूंगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक में कार्यक्रम का विवरण देते हुए क्वात्रा ने कहा कि भारत को सामयिक मुद्दों, व्यापार, संपर्क और क्षेत्रीय सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री की उज़्बेक राष्ट्रपति और कुछ अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। पाकिस्तान द्वारा विभिन्न आतंकी समूहों का समर्थन जारी रखने के बारे में पूछे जाने पर क्वात्रा ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद से निपटने के तरीकों के बारे में एससीओ में गहरी समझ है। एससीओ के सदस्य देश रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान हैं। आठ देशों के प्रभावशाली समूह का शिखर सम्मेलन यूक्रेन पर रूसी आक्रमण और ताइवान जलडमरूमध्य में चीन के आक्रामक सैन्य रुख दिखाने के कारण बड़े पैमाने पर बढ़ती भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच हो रहा है। एससीओ पर चीन के बढ़ते प्रभाव पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर क्वात्रा ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया।

## आप, तृणमूल...

दोपहर में कुछ और बालेंगी। इसी प्रकार आप संयोजक अरविंद केजरीवाल भाजपा की बी टीम हैं। स्पष्ट है कि कोई अन्य राजनीतिक दल या नेता भाजपा के सामने नहीं है। इसलिए ईडी का निशाना राहुल गांधी पर रहता है। आक्रामक तेवर में दिखे जयराम ने कहा कि हम ऐसा नहीं होने देंगे। हम कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेंगे और यदि विपक्षी एकता की जरूरत है, तो हम निश्चित रूप से इस दिशा में काम करेंगे, लेकिन हम उन दलों के साथ विपक्षी एकता का दिखावा नहीं कर सकते, जो कांग्रेस को कमजोर करने की मंशा रखते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सीपीएम का कांग्रेस के बारे में एक नजरिया हो सकता है, लेकिन केरल के संदर्भ में सीपीएम और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। राष्ट्रीय स्तर पर यदि सीपीएम कांग्रेस का समर्थन करना चाहती है, तो उनका स्वागत है। याद कीजिए 1989 में सीपीएम और भाजपा ने मिलकर वीपी सिंह सरकार को समर्थन दिया था।

## यूक्रेन से...

की पढ़ाई पूरी न कर पाने वाले विद्यार्थियों को सहायता और सहयोग के लिए एनएमसी ने विदेश मंत्रालय के परामर्श से छह सितंबर को एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है, जिसमें संकेत दिया गया है कि आयोग यूक्रेन की मूल संस्था की अनुमति से अन्य देशों में अपने शेष पाठ्यक्रमों को पूरा करने वाले विद्यार्थियों के प्रमाणपत्र को स्वीकार करेगा।

## दलित बहनों...

दोनों के शव उनके घर से करीब एक किलोमीटर दूर पेड़ पर फांसी पर लटकते पाए गए। विपक्ष ने कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य की भाजपा नीत सरकार की आलोचना की है। इस बीच, निघासन मामले में मृत लड़कियों के रिश्तेदारों ने पीड़ितों के अंतिम संस्कार से पहले परिवार के एक सदस्य के लिए सरकारी नौकरी, पर्याप्त मुआवजा और सभी छह आरोपियों को मौत की सजा देने की मांग की। लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने संवाददाताओं को बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार लड़कियां बुधवार दोपहर दो आरोपियों जुनैद और सोहेल के साथ घर से निकली थीं। लड़की की मां ने पहले आरोप लगाया था कि उनका अपहरण किया गया था। एसपी ने कहाकि जुनैद और सोहेल ने लड़कियों के साथ बलात्कार करने के बाद उनका गला घोंटने का जुर्म कुबूल किया है। दोनों इन दो बहनों के साथ रिश्ते में थे। वे लड़कियां शादी की जिद कर रही थीं, जिसके बाद उनका गला घोंट दिया गया। गिरफ्तार किए गए अन्य लोगों की पहचान हफीजुर्हमान, करीमुद्दीन, आरिफ और छोटू गौतम के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि जुनैद को सुबह करीब साढ़े आठ बजे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया और उसके पास से एक मोटरसाइकिल, देसी पिस्टल और कारतूस बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार उसने सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 302 (हत्या), 323 (जानबूझकर पहुंचाना), 376 (बलात्कार) और 452 (चोट, हमला या गलत तरीके से रोकना) तथा पोक्सो अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है। उसके अनुसार एससीएसटी अधिनियम के प्रावधानों को भी प्राथमिकी में शामिल किया गया है। दोनों लड़कियों के शव जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह और पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन तथा अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में उनके घर के नजदीक एक खेत में दफन कर दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार को कुल 16 लाख 50 हजार रुपए का मुआवजा दिलाने के लिए जरूरी कार्यवाही की जा रही है तथा राज्य सरकार पीड़ित परिवार को रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत मिलने वाले लाभ भी उपलब्ध कराएगी।

## सीबीआई ने...

मंत्रालय ने मामला सीबीआई को भेज दिया था। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) से मामले की छानबीन सीबीआई से कराने को कहा था। सीबीआई डीओपीटी के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करती है। तैंतालीस वर्षीय फोगाट को 22-23 अगस्त की दरम्यानी रात को गोवा के एक अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया था। इसे पहले वह अंजुना बीच इलाके में एक रेस्तरां में पार्टी कर रही थी। पूर्व टिक टोक स्टार और रियलिटी टीवी शो "बिग बॉस" की प्रतियोगी रही फोगाट घटना से एक दिन पहले अपने दो पुरुष सहयोगियों - सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह के साथ गोवा पहुंची थी। उनकी मौत के बाद सामने आए रेस्तरों के सीसीटीवी फुटेज में वह सांगवान के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। सहयोगी को कथित तौर पर उन्हें पानी पीने के लिए मजबूर करते हुए भी देखा जा सकता है जिसे वह तुरंत थूक देती हैं। एक अन्य वीडियो में फोगाट को उनके सहयोगी रेस्तरां से बाहर ले जाते हुए दिख रहे हैं।

## दिल्ली पुलिस...

बातें बताई थीं, जिन्हें स्पष्ट करने के लिए नोरा फतेही और अन्य दोनों से भी पूछताछ की गई। सुकेश ने नोरा के जीजा के जरिए ही उन्हें बीएमडब्ल्यू कार गिफ्ट की थी, जिसकी कीमत करीब 65 लाख रुपए थी। पूछताछ में नोरा ने बताया कि वह सुकेश से कभी नहीं मिलीं। उनकी केवल वाट्सऐप पर ही बात होती थी। अधिकारी ने कहा कि कुछ ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब चाहिए, इसलिए उनसे आगे की पूछताछ की जा सकती है। ईरानी के बयानों में कुछ विरोधाभास है। इसलिए, यह अहम है कि वह ईरानी और नोरा दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करें। इसके अलावा, ईरानी पर (चंद्रशेखर से फतेही का परिचय कराने में) महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संदेह है, इसलिए आवश्यक है कि उन सवालों को पूछे जिनका जवाब नहीं मिला है और सच्चाई सामने लेकर आएं। पिंकी ईरानी दोपहर करीब 12.20 बजे मंदिर मार्ग स्थित ईओडब्ल्यू के कार्यालय पहुंची थी।

## जानलेवा हमले...

है। यही नहीं पुतिन के आने जाने के बारे में सूचना के लीक होने के बाद उनके कई बॉडीगार्ड को हटा दिया गया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2017 में सार्वजनिक रूप से खुलासा किया कि वह कम से कम पांच हत्या के प्रयासों से बच चुके हैं।

## शीर्ष अदालत...

दलील दी कि हिजाब पहनना किसी की गरिमा, निजता और इच्छा का मामला है। उन्होंने कहा, एक तरफ मेरा शिक्षा का अधिकार, स्कूल जाने का अधिकार, दूसरों के साथ समावेशी शिक्षा पाने का अधिकार है। दूसरी तरफ मेरा दूसरा अधिकार है, जो निजता, गरिमा और इच्छा का अधिकार है। आलम ने कहा कि सरकारी आदेश (जीओ) द्वारा शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध का प्रभाव यह है कि मैं तुम्हें शिक्षा दूंगा, तुम मुझे निजता का अधिकार दो, इसे समर्पित करो। क्या राज्य ऐसा कर सकता है? जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य एक सरकारी आदेश जारी करके यह नहीं कह सकता कि कोई व्यक्ति स्कूल के दरवाजे पर निजता के अधिकार को समर्पित कर दे। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुझाव दिया कि मामले को संविधान पीठ के पास भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हिजाब पहनना इस बात की अभिव्यक्ति है कि आप क्या हैं, आप कौन हैं, आप कहां से हैं...। सिब्बल ने कहा कि सवाल यह है कि जब महिला को सार्वजनिक स्थान पर हिजाब पहनने का अधिकार है तो क्या स्कूल में प्रवेश करने पर उसका अधिकार समाप्त हो जाता है।

## बंगाल एससएससी घोटाला

# दिल्ली व कोलकाता में छह स्थानों पर सीबीआई ने मारे छापे

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) घोटाले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को दिल्ली और कोलकाता में दो सॉफ्टवेयर कंपनी के परिसरों में छह स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोप है कि शिक्षकों की नियुक्ति में उम्मीदवारों के रिकॉर्ड में हेराफेरी की गई और इसमें कंपनी की भूमिका सवालों के घेरे में है। अधिकारियों ने बताया कि एनडी इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और एनवाईएसए कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालयों के साथ-साथ उनके मालिकों नीलाद्रि दास एवं पुनीत कुमार के आवासीय परिसरों पर छापे मारे गए। सीबीआई के अनुसार आरोप है कि ए दोनों कंपनी ओएमआर शीट के मूल्यांकन में शामिल थीं। एक अधिकारी ने कहा कि सीबीआई ने 18 मई को पश्चिम बंगाल के तत्कालीन शिक्षा राज्य मंत्री परेश चंद्र अधिकारी और उनकी पुत्री अंकिता अधिकारी के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज की थी। अदालत ने राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त एक स्कूल में मंत्री की पुत्री की शिक्षिका के रूप में कथित तौर पर अवैध नियुक्ति के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था।

आरोप है कि सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा के नतीजों में हेराफेरी की गई ताकि योग्य उम्मीदवारों को मेधा सूची में अंकिता को शामिल किया जा सके। अंकिता के साथ ही अधिकारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 120 बी के अलावा भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सीबीआई ऐसे कई मामलों की जांच कर रही है जिनमें पश्चिम बंगाल एसएससी की सिफारिशों के बाद स्कूलों में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कथित तौर पर अवैध रूप से नियुक्त किया गया था।

## शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

**कोलकाता।** सीबीआई ने सरकारी स्कूलों में ग्रुप-सी भर्ती घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। गांगुली को सीबीआई के कोलकाता स्थित कार्यालय तलब किया गया था और पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं करने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। मामले में नाम आने के कुछ दिन बाद गांगुली को पद से हटा दिया गया था। 20 मई को सीबीआई ने गांगुली समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। उनके खिलाफ आपराधिक साजिश रचकर पश्चिम बंगाल के विभिन्न स्कूलों में ग्रुप-सी कर्मचारी पदों पर गैर-सूचीबद्ध उम्मीदवारों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया, स्कूल सेवा आयोग नियम, 2009 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए उपरोक्त व्यक्तियों ने 18 मई, 2019 को समिति की समाप्ति के बाद ग्रुप-सी की रिक्तियों को लेकर अनधिकृत तरीके से काम किया। अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों ने क्षेत्रीय आयोगों के फर्जी मेमो जारी करके और ऐसे आयोगों के अध्यक्षों के स्कैन किए गए हस्ताक्षरों का उपयोग असफल उम्मीदवारों की सिफारिशें कीं।

## दार्जिलिंग का चिड़ियाघर देश में सर्वश्रेष्ठ घोषित

**दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में स्थित पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क (पीएनएचजेडपी) को देश का सर्वश्रेष्ठ चिड़ियाघर घोषित किया गया है, जबकि कोलकाता के अलीपुर चिड़ियाघर को चौथा स्थान मिला है। बीते 10 सितंबर को भुवनेश्वर में चिड़ियाघर निदेशकों का सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस दौरान केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने देश भर के चिड़ियाघरों की रैंकिंग सूची जारी की। गौरतलब है कि देशभर में करीब 150 चिड़ियाघर हैं। सूची के अनुसार, चेन्नई के अरिग्नार अन्ना जूलॉजिकल पार्क ने दूसरा स्थान हासिल किया है जबकि कर्नाटक के मैसूर स्थित श्री चामराजेंद्र जूलॉजिकल गार्डन को तीसरा स्थान मिला है। दार्जिलिंग चिड़ियाघर के निदेशक बसवराज होलेयाची ने कहा, इस सम्मान से हम उत्साहित हैं। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने विभिन्न मापदंडों के आधार पर सभी चिड़ियाघरों का मूल्यांकन किया।



पितृपक्ष के अवसर पर गया के विष्णुपाद मंदिर अपने पितरों को पिण्डदान करते हुए लोग।

# कांग्रेस ने केजरीवाल पर निशाना साधा, सबसे बड़ा झूठा करार दिया

**अहमदाबाद।** गुजरात में इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधाते हुए आरोप लगाया कि यह सबसे भ्रष्ट पार्टी है और इसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल सबसे बड़े झूठे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता अजय कुमार ने विश्वास जताया कि कांग्रेस गुजरात विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी को को करारा जवाब देगी। प्रदेश में इस साल दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है। उन्होंने स्वीकार किया कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी को और अधिक आक्रामक होने की जरूरत है। कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, अब यह स्पष्ट हो गया है कि आप सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी टीम है। हाल ही में, दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार लगभग 3,000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में लिप्त पाई गई थी। केजरीवाल को सबसे बड़े झूठे और आप को सबसे भ्रष्ट पार्टी के रूप में बेनकाब किया जाना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, गुजरात में कांग्रेस निश्चित रूप से आप को करारा जवाब देगी। लोगों को हर समय बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। हम यह भी मानते हैं कि कांग्रेस को और अधिक आक्रामक होने की जरूरत है। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य कुमार ने आरोप लगाया कि आप का दिल्ली मॉडल भाजपा के गुजरात मॉडल की तरह खोखला है। उन्होंने केजरीवाल पर वास्तविक कारणों के बजाय विज्ञापन और प्रचार पर अधिक धन खर्च करने का आरोप लगाते हुए आप को अरविंद ऐड्वर्टाइज्मेन्ट पार्टी (अरविंद विज्ञापन पार्टी) और अरविंद एक्टर पार्टी (अरविंद अभिनेता पार्टी) करार दिया।

## पांच करोड़ रुपए की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से पांच करोड़ रुपए मूल्य की एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एसटीएफ ने बुधवार को मादक पदार्थ तस्कर को उत्तरी कोलकाता में दक्षिण सिंथी चौराहे के पास बी. टी. रोड से गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी रवि रॉय के पास से लगभग 1.011 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत पांच करोड़ रुपए बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा आरोपी रवि रॉय के पास से 1.70 लाख रुपए नकद जब्त किए गए। अधिकारी ने बताया कि हुगली जिले के कोननगर के निवासी, रॉय को मादक पदार्थों की बरामदगी के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी पर स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी एनडीपीएस की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

# पार्टी कहेगी तभी पद छोड़ूंगा, मुख्यमंत्री नीतीश मुझे बर्खास्त कर सकते है : कृषि मंत्री सुधाकर

**भाषा।** पटना

**बिहार** के कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनकी कथित अवज्ञा के लिए उन्हें बर्खास्त कर सकते हैं, लेकिन वह तब तक पद नहीं छोड़ेंगे जब तक कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का शीर्ष नेतृत्व ऐसा करने के लिए नहीं कहता। सुधाकर को एक महीने पहले ही शपथ दिलाई गई थी और उन्हें प्रमुख विभाग दिया गया था, लेकिन उन्होंने कैबिनेट की बैठक से बाहर होने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री को कृषि विभाग के सामने आने वाली समस्याओं को समझाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री कैबिनेट प्रमुख होने के नाते उनसा मिलना चाहते हैं और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करना चाहते हैं, तो वह निश्चित रूप से उनसे मिलेंगे। लेकिन यह भी कहा कि अभी तक उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय से बैठक के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है।

सुधाकर ने कहा, मैंने जो कहा है, मैं उस पर कायम हूं। मैंने अपने विभाग में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया है, मैं अब भी उस पर कायम हूं और मैं अपने बयान में संशोधन नहीं कर रहा हूं। लोगों ने मुझे चुना है और उनके लिए लड़ते रहेंगे। अब यह मुख्यमंत्री पर निर्भर करता है कि मेरी टिप्पणी सही है या गलत। उन्होंने कहा कि कैबिनेट का प्रमुख होने के नाते मुझे बर्खास्त करना या मुझे मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देने के लिए कहना उनका (मुख्यमंत्री) विशेषाधिकार है, लेकिन मैं अपनी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णय पर चलूंगा। सुधाकर ने स्पष्ट किया कि उनके मंत्री पद पर रहने या हटने के बारे में अंतिम निर्णय पार्टी (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा लिया जाएगा।

सिंह का यह बयान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बुधवार को संवाददाताओं को यह बताए जाने के एक दिन बाद आया है कि उन्होंने उनसे (सुधाकर) उनकी शिकायतों के बारे में पूछने की कोशिश की थी। मंगलवार को कैबिनेट बैठक के दौरान कृषि मंत्री द्वारा अपनाए गए रुख के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने बुधवार को कहा था, मैंने उनसे (सुधाकर) उनकी शिकायतों के बारे में जानने की कोशिश की थी। जवाब देने के बजाय वह बाहर निकल गए। सुधाकर ने कहा कि कैबिनेट बैठक के बाद भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि वास्तव में उन्होंने जो मुद्दे उठाए हैं, वे अकेले उनके विभाग से संबंधित नहीं हैं और इसे केवल मुख्यमंत्री ही सुलझा सकते हैं, क्योंकि वह बिहार विकास मिशन के अध्यक्ष हैं।

## ईडी ने कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख शिवकुमार को धनशोधन के मामले में तलब किया

**बेंगलुरु।** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख डी के शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में उन्हें पेश होने के लिए समन भेजे हैं। कांग्रेस नेता ने ईडी की इस कार्वाई को प्रताड़ना करार दिया और कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जारी रहने और राज्य विधानसभा का सत्र चलने के दौरान तलब किए जाने के वक्त पर भी प्रश्न उठाया। पूर्व मंत्री ने कहा कि वह सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह उनके संवैधानिक तथा राजनीतिक कार्तव्यों के निर्वहन में आड़े आ रहा है। शिवकुमार ने ट्वीट किया, भारत जोड़ो यात्रा तथा विधानसभा सत्र के मध्य में उन्होंने मुझे पेश होने के लिए फिर से ईडी का समन भेजा है। मैं सहयोग करने के लिए तैयार हूं लेकिन समन जारी करने का वक्त और मुझे जो प्रताड़ना दी जा रही है वह मेरे संवैधानिक और राजनीतिक कर्तव्यों के निर्वहन में आड़े आ रहा है। कांग्रेस महासचिव तथा कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस को जनता का जो अपार समर्थन मिल रहा है उसे देखते हुए केन्द्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार शिवकुमार को निशाना बनाने के लिए ईडी - भाजपा के निर्वाचन विभाग को ले आई है।

इस तरह की कायराना हरकत भ्रष्ट बोम्मई (मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई) सरकार को सत्ता से हटाने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगी। सुरजेवाला ने ट्वीट किया, मेकेदातु यात्रा, तीन अगस्त की रैली, 15 अगस्त का स्वतंत्रता मार्च, सरकार-नौकरी घोटाले का भंडाफोड़ तथा बेंगलुरु में बाढ़ की स्थिति से निपटने में नाकामी जैसे मुद्दों से मोदी सरकार घबरा गई है। अवैध बोम्मई सरकार कर्नाटक को लूट रही है। ईडी ने शिवकुमार को धनशोधन के एक मामले में तीन सितंबर 2019 को गिरफ्तार किया था, लेकिन उन्हें उसी वर्ष अक्टूबर में दिल्ली उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी थी।

## मिजोरम के मुख्यमंत्री ने मोदी से कहा, भारत को म्यांमा में शांति बहाली में अहम भूमिका निभानी चाहिए

**आइजोल।** मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा है कि भारत को उथल-पुथल का सामना कर रहे पड़ोसी देश म्यांमा में शांति बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात कर म्यांमा राजनीतिक संकट समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान जोरमथंगा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि भारत को म्यांमा में शांति बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार पड़ोसी देश में शांति बहाल करने के लिए प्रयास करेगी। म्यांमा की सेना ने पिछले साल फरवरी में लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित आंग सान सू ची की सरकार का तख्तापलट करके सत्ता पर नियंत्रण कर लिया था, जिसके बाद से म्यांमा के 30 हजार से अधिक लोग मिजोरम में शरण ले चुके हैं।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की एक लक्ष्मण रेखा होनी चाहिए: सतीश महाना

**लखनऊ।** उप्र विस के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र से जुड़े लोगों के प्रति समाज में जो वर्षो से एक नकारात्मक धारणा बनी हुई है उसे बदलने की जरूरत हैं। हमारे समाज में लोगों का यह मानना है कि इस क्षेत्र में अधिकतर लोग पढ़े लिखे नहीं होते हैं। राजनीति के क्षेत्र में आने वाले लोगों को सकारात्मक दृष्टि से नहीं देखा जाता है। इधर कुछ वर्षो से इस तरह की धारणा में बदलाव आया है। नई पीढ़ी समाज में फैली इस गलत धारणा को बदलने का काम कर रही है। महाना एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनीवर्सिटी कैम्पस के स्वामी विवेकानंद मंडप पुणे में भारतीय छात्र संसद फाउंडेशन एवं एमआईटी स्कूल आफ गवर्नमेंट पुणे द्वारा आयोजित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति छात्रों को सम्बोधित कर रहे थें।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देश में, प्रदेश में, समाज में यहां तक कि अपने परिवार में भी होती है। इसके विभिन्न



आयाम होते है पर इसकी भी एक लक्ष्मण रेखा होनी चाहिए। इस संवैधानिक अधिकार का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। महाना ने संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंतत्रा के अधिकार को मानव अधिकार की संज्ञा देते हुए कहा कि यह लोकतान्त्रिक जीवन का अभिन्न अंग है।

विस के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद उनकी हार्दिक इच्छा थी कि वह छात्र संसद में शामिल हों। उन्हें आज यह सुअवसर मिला है। इसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। विस अध्यक्ष महाना ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर अभिव्यक्ति की स्वंतत्रता का दुरूपयोग न हो इस पर आज विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पवित्र है परन्तु उसकी पवित्रता को बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सब पर है। छात्रों से कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत हमें इस बात का पूरा ख्याल रखना चाहिए कि सामाजिक समरसता और सौहार्द बिगड़ने न पाए। 15 से 17 सितम्बर तक पुणे में देश के विभिन्न राज्यों से 10 हजार छात्र अपनी तरह के इस मेगा वार्षिक छात्र सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

## गोवा: कांग्रेस विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावना

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कांग्रेस के आठ विधायकों के सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच बृहस्पतिवार की सुबह राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन पिल्लई से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा कि बुधवार के नाटकीय घटनाक्रम के बाद हुई इस बैठक का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। सावंत ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन (17 सितंबर) से संबंधित कार्यक्रमों पर चर्चा के लिए राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की। लेकिन भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगले कुछ दिन में मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है क्योंकि पार्टी पाला बदलने वाले कांग्रेस के कम से कम दो विधायकों को कैबिनेट में शामिल कर सकती है, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत शामिल हैं। कांग्रेस के आठ विधायकों के पाला बदलने के बाद 40 सदस्ईय विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या बढ़कर अब 28 हो गई है।

# मणिपुर के मुख्यमंत्री के समक्ष 13 उग्रवादियों ने समर्पण किया



**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह के सामने दो प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 13 उग्रवादियों ने बृहस्पतिवार को अपने हथियार डाल दिए। आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों में से 12 कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी-पीपुल्स वॉर ग्रुप (केसीपी-पीडब्ल्यूजी) से थे और एक कंगलेई यवोल कनबा लुपी (केवाईकेएल) से था। मुख्यमंत्री ने यहां प्रथम मणिपुर राइफल्स परिसर में घर वापसी समारोह के बाद सभी उग्रवादी संगठनों से बातचीत की मेज पर आने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मणिपुर में शांति कायम है और विभिन्न संगठनों के उग्रवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं सभी विद्रोही संगठनों से शांति वार्ता के लिए आने की अपील करता हूं। जैसा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है, आत्मसमर्पण करने पर एक भी गोली नहीं चलाई जाएगी और कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी। उग्रवादियों ने जो हथियार सौंपे उनमें दो एम79 ग्रेनेड लॉन्चर, 9एमएम की तीन पिस्तौल, दो डेटोनेटर और दो रेडियो सेट समेत अन्य चीज़ें शामिल थीं।

## गुजरात के पूर्व गृह मंत्री विपुल चौधरी को एसीबी ने हिरासत में लिया

**मेहसाणा।** गुजरात के पूर्व गृह मंत्री विपुल चौधरी को राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दूधसागर डेयरी में करीब 500 करोड़ रुपए की कथित अनियमितता के मामले में हिरासत में लिया है। चौधरी गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के पूर्व अध्यक्ष हैं। जीसीएमएमएफ के पास अमूल ब्रांड का स्वामित्व है। चौधरी मेहसाणा के दूधसागर डेयरी के भी प्रमुख रहे हैं। एसीबी के संयुक्त निदेशक मकरंद चौहान ने बुधवार को कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट शैलेश पारिख को भी मेहसाणा से बुधवार रात को हिरासत में लिया। दोनों को कोरोना वायरस की जांच कराने के बाद आधिकारिक तौर पर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसीबी की मेहसाणा इकाई ने दूधसागर डेयरी के प्रमुख रहने के दौरान 500 करोड़ रुपए की आर्थिक अनियमितता में शामिल होने के आरोप में बुधवार रात को चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

# विवि कानून संशोधन विधेयक में अनियमितताओं को वैध रूप देने की हुई कोशिश: आरिफ मोहम्मद खान

**कोट्टायम (केरल)।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह हाल में राज्य की विधानसभा द्वारा पारित विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी नहीं देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस विधेयक में अनियमितताओं को वैध रूप देने की कोशिश की गई है। इससे मुख्यमंत्री व उनके मंत्रियों के कर्मचारियों के अयोग्य रिश्तेदारों की नियुक्तियों का रास्ता साफ होगा। खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्हें रबड़ स्टैंप के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। राज्यपाल ने संकेत दिया कि वह विधानसभा द्वारा पारित लोक आयुक्त विधेयक के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अपनी मनमर्जी से फैसले नहीं ले सकता।

खान ने विश्वविद्यालय कानून विधेयक के बारे में कहा, मैं ऐसा तंत्र अपनाने की अनुमति नहीं दे सकता, जिसका उपयोग करके सत्ता में बैठे लोगों के अयोग्य व कम योग्य रिश्तेदारों, मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों के निजी कर्मचारियों के संबंधियों को विश्वविद्यालयों के पदों पर नियुक्त किया जा सके। हाल ही में, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के निजी सचिव की पत्नी को कन्नूर विश्वविद्यालय में मलयालम विभाग में नियुक्त करने के प्रयास पर विवाद खड़ा हो गया था। साक्षात्कार के चरण में उनका रिसर्च स्कोर सबसे कम था, लेकिन उन्हें चयन प्रक्रिया में प्रथम घोषित किया गया था। विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के सदस्यों के विरोध और बहिष्कार के बावजूद केरल विधानसभा ने 30 अगस्त को विवादित लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक और एक सितंबर को विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक पारित कर दिए थे। खान ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक के जरिए सरकार अनियमितताओं को वैध रूप देने का प्रयास कर रही है।

खान ने कहा, मैंने पहले कहा था कि मैं कुलाधिपति का अपना पद त्याग दूंगा। लेकिन आप सबकुछ करके यह चाहते हैं कि मैं उसपर हस्ताक्षर कर दूं। यह संभव नहीं है। इस विधेयक के जरिए वे अनियमितताओं को वैध रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने पहले था कि वह विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति का पद छोड़ने को तैयार हैं। खान ने कहा, लेकिन अगर मैं कुलाधिपति हूं, तो मुझे रबड़ स्टैंप के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मैं सभी को एक बात बिल्कुल स्पष्ट कर देता हूं। मैं रबर स्टैंप नहीं हूं। मैं अपने विवेक, अपने निर्णय, अपने दृष्टिकोण पर अमल करूंगा और फिर मैं संविधान, कानून और परंपरा के अनुसार फैसला करूंगा।

# केरल में थाने के रक्षक बने सांप

**इडुक्की (केरल)।** पुलिसकर्मी आमतौर पर समाज के प्रहरी माने जाते हैं, यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि केरल में सांप इन कानून का पालन कराने वालों के रक्षक के रूप में सामने आए हैं। रबर से बने ये सांप असली ना होकर, केवल उनके प्रतिरूप हैं। इडुक्की में जंगली इलाके के पुलिस थाने में बंदरों के खतरे से खुद को बचाने के लिए पुलिस विभाग को एक अनोखा विचार सूझा। पुलिसकर्मी केरल-तमिलनाडु सीमा पर स्थित कंबुमेट्टू पुलिस थाने के आसपास सांपों के प्रतिरूप (रबर से बना नकली सांप) का इस्तेमाल बंदरों को डराने के लिए करते हैं। यह तरकीब अब तक सफल रही है। चीन में निर्मित ये नकली सांप, असली सरीसृप से मिलते-जुलते हैं। नकली सांपों को विभिन्न स्थानों मसलन इमारत, जंगलों और पेड़ की शाखाओं आदि पर रखा गया है। पुलिसकर्मियों ने संपत्ति की रखवाली करने वाले एक स्थानीय पहरेदार की सलाह पर सांप की प्रतिकृतियों का इस्तेमाल किया, यह पहरेदार जंगली जानवरों को दूर रखने के लिए पहले से ही इस उपाय का




इस्तेमाल कर रहा था। कंबुमेट्टू के उपनिरीक्षक पी के लालभाई ने कहा कि रबर से बने नकली सांप जगह-जगह रखने का यह फायदा हुआ कि इन्हें देखने के बाद किसी भी बंदर ने पुलिस थाने के पास आने की हिम्मत नहीं दिखाई। बंदर गलती से इन प्रतिरूपों को असली सांप समझ लेते हैं। एक अन्य पुलिसकर्मी सुनीश ने कहा कि बंदर कुछ वर्षों से थाने में कई तरह की मुश्किलें खड़ी कर रहे थे। सुनीश ने पीटीआई-भाषा से कहा, पहले बंदर समूह में आया करते थे, थाना परिसर में घुसकर सब्जियों की क्यारी को नष्ट कर देते थे। लेकिन रबर के नकली सांपों को लगाने के बाद उनका आना उल्लेखनीय रूप से कम हो गया है।

## देश की सुरक्षा के लिए आत्म-निर्भरता बहुत जरूरी: जनरल पांडेय

**नागपुर।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्म-निर्भर बनने की जरूरत है और देश की सुरक्षा के लिए न तो बाहर से सेवाएं ली जा सकती हैं और ना ही दूसरों की कृपा पर निर्भर रहा जा सकता। उन्होंने आधुनिक प्रौद्योगिकीय क्षमताएं रखने की जरूरत बताते हुए कहा कि विरोधी और परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसियों ने और चीन के साथ देश की सीमाओं पर होने वाले घटनाक्रम ने हर समय आधुनिक, कुशल और प्रौद्योगिकी के लिहाज से सशक्त सशस्त्र बल तैयार रखने की जरूरत को रेखांकित किया है। विश्वेसरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी) नागपुर के 20वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर उसके छात्रों को अपने वीडियो संबोधन में जनरल पांडेय ने कहा कि भारत का सुरक्षा तंत्र विवादित सीमाओं की ऐतिहासिक चुनौतियों और साइबर, अंतरिक्ष तथा विद्युतचुंबकीय स्पेक्ट्रम के नए क्षेत्रों में उभरते खतरों के संयोजन से परिभाषित होता है।

# ईडब्ल्यूएस आरक्षण को चुनौती के लिए संसद में चर्चा नहीं होने के आधार को मानने से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को इस दलील को खारिज कर दिया कि संसद ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) को 10 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी 103वें संविधान संशोधन को बिना पर्याप्त चर्चा के पारित कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसके इस क्षेत्र में प्रवेश करने पर रोक है। शिक्षा और सरकारी नौकरियों में ईडब्ल्यूएस को आरक्षण देने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने दोहराया कि सरकारी नीतियों का लाभ लक्षित समूह तक पहुंचाने के लिए आर्थिक मानदंड तय करना वर्जित नहीं है बल्कि वर्गीकरण का एक मान्य आधार है। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, संविधान एक जीवंत और बदलाव वाला दस्तावेज है। हम पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी देखते हैं। हम गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले समूहों को भी देखते हैं। यह



बड़ा जन समुदाय है। आर्थिक आधार पर कोई सकारात्मक कार्वाई (सरकार द्वारा) क्यों नहीं हो सकती।

एक याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता के.एस. चौहान ने इस संदर्भ में पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण के भाषणों का जिक्र किया कि संसद में बिना चर्चा के विधेयक पारित हो रहे हैं। वकील ने कहा, हम लोकतंत्र हैं और लोकतंत्र चर्चा-परिचर्चा से चलता है। यह संविधान संशोधन आठ जनवरी को लोकसभा में और नौ जनवरी को राज्यसभा में पारित हुआ था। मुझे इस पर कोई चर्चा नहीं मिली। पीठ में न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति जे बी परदीवाला शामिल रहे।

# भारत की वृद्धि के सफर में अहम साझेदार होगा अमेरिकाः मोदी

भाषा। वाशिंगटन



**आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए भारतीय अमेरिकी समुदाय को दिया संदेश**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में भारत की वृद्धि के सफर में अमेरिका एक अहम साझेदार होगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिकी संसद परिसर में भारत की आजादी के 75वें वर्षगांठ का जश्न दोनों देशों के बीच मित्रता में मील का अहम पत्थर बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए यहां एकत्रित हुए भारतीय-अमेरिकी समुदाय को दिए एक संदेश में कहा भारत शब्द कई चीजें प्रदर्शित करता है- एक आधुनिक लोकतांत्रिक गणराज्य, एक विविधतापूर्ण देश, एक प्राचीन सभ्यता और एक सांस्कृतिक चेतना, जो भूगोल या समय द्वारा सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में अग्रणी योगदान दे रहे भारतीय समुदाय के लोग इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण हैं कि कैसे कोई एक ही समय में कई आयामों से गुजरकर भारत से जुड़ सकता है। उन्होंने कहा, चूंकि, भारत आगामी 25 वर्षों के लिए ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर रहा है, इसलिए अमेरिका इस यात्रा में एक अहम साझेदार होगा। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि यह जश्न हमारे दोनों देशों के बीच शानदार मित्रता में मील का एक अहम पत्थर बनेगा। मोदी ने अपने संदेश में कहा, भारत अपनी आजादी के 75 वर्षों का जश्न मना रहा है। यह आजादी एक विशिष्ट तरीके से हासिल की गई थी। लिहाजा भारत हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत हो सकता है, जो शांति एवं आजादी के आदर्शों से प्रेम करता है। उन्होंने भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस समुदाय ने भारतीय मूल्यों को आत्मसात करके उनकी सुगंध फैलाई है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे प्रवासी समुदाय के सदस्य, देश के लिए प्रशंसनीय राजदूत रहे हैं। उन्होंने सभी संस्कृतियों का सम्मान करने, मेल-जोल बढ़ाने और अपने विशिष्ट योगदानों से समाज को समृद्ध करने के भारतीय मूल्यों को आत्मसात करके उनकी सुगंध फैलाई है। गौरतलब है कि 75 भारतीय-अमेरिकी संगठन 1947 के बाद की भारत की यात्रा की ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए। इनमें यूएस इंडिया रिलेशनशिप काउंसिल, सेवा इंटरनेशनल, एकल विद्यालय फाउंडेशन, हिंदू स्वयंसेवक संघ, जीओपीआईओ सिलिकॉन वैली, यूएस इंडिया फ्रेंडशिप काउंसिल और सरदार पटेल फंड फॉर सनातन संस्कृति शामिल हैं।

## चीते भारत ले जाने के लिए नामीबिया पहुंचा विशेष बी747 विमान

भाषा। विंडहोक (नामीबिया)



**भारत के मध्य** प्रदेश में कुनो राष्ट्रीय उद्यान के लिए आठ चीते ले जाने के वास्ते एक विशेष बी747 विमान नामीबिया की राजधानी विंडहोक पहुंच गया है। भारत में 1950 के बाद से चीतों के विलुप्त होने के बाद उन्हें फिर से वहां भेजा जा रहा है। चीतों को ले जाने के लिए भेजे गए विमान में विशेष व्यवस्था की गई है। विंडहोक में भारतीय उच्चायोग ने बुधवार को ट्वीट किया, बाघ की भूमि भारत में सद्भावना राजदूतों को ले जाने के लिए वीरों की भूमि में एक विशेष विमान पहुंच गया है। चीतों के अंतर-महाद्वीपीय स्थानांतरण की परियोजना के तौर पर एक मालवाहक विमान से आठ चीते 17 सितंबर को राजस्थान के जयपुर ले जाए जाएंगे। इनमें पांच मादा और तीन नर चीते हैं। इसके बाद जयपुर से वे हेलीकॉप्टर से मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में अपने नए बसेरे कुनो राष्ट्रीय उद्यान ले जाए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपने जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में इन चीतों को छोड़ेंगे। चीतों को भारत ले जा रहे विमान में कुछ बदलाव किए गए हैं ताकि उसके मुख्य केबिन में पिंजरों को सुरक्षित रखा जाए लेकिन उड़ान के दौरान पशु चिकित्सक चीतों पर पूरी तरह नजर रख सकेंगे। विमान को एक चीते की तस्वीर के साथ पेंट किया गया है। यह विशाल विमान 16 घंटे तक उड़ान भरने में सक्षम है और इसलिए ईंधन भरवाने के लिए कहीं रुके बिना नामीबिया से सीधे भारत जा सकता है।

## स्वीडन की प्रधानमंत्री एंडरसन ने इस्तीफा दिया

कोपेनहेगन (डेनमार्क)। स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन ने बृहस्पतिवार को एक दक्षिणपंथी समूह के देश की संसद में सामान्य बहुमत हासिल करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एंडरसन ने स्वीडन की 349 सीटों वाली संसद रिक्सडैग के अध्यक्ष एंड्रियास नोरलेन से मुलाकात की और पद छोड़ने के बारे में उन्हें औपचारिक सूचना दी। नई सरकार बनने तक एंडरसन कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनी रहेंगी। अध्यक्ष नोरलेन ने एंडरसन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। नोरलेन ने कहा कि वह सप्ताहांत के बाद पार्टी नेताओं के साथ बातचीत शुरू करेंगे। उम्मीद की जाती है कि वह मध्य-दक्षिणपंथी मॉडरेट पार्टी के नेता उल्फ क्रिस्टर्सन से एक शासी गठबंधन बनाने की कोशिश करने के लिए कहेंगे। रविवार के आम चुनावों के बाद, दक्षिणपंथी ब्लॉक के पास 176 सीटें हैं, जबकि सोशल डेमोक्रेट्स यानी मध्य-वाम ब्लॉक के पास 173 सीटें हैं।

**सार्वजनिक सुचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री रोहित वार्ष्णेय पुत्र श्री सुभाष वार्ष्णेय, उक्त संपति प्रथम तल, छत रहित, क्षेत्रफल 93 वर्ग गज यानी 77.75 वर्ग मीटर, निर्मित सम्पति संख्या 1/3464, पुराना प्लाट न० 1413-5/58, खसरा न० 578 ग्राम सिकन्दरपुर, आबादी गली न० 4, राम नगर एक्सटैंशन, इलाका शाहदरा, दिल्ली . 110032 का बिक्री विलेख दिनांक 13.07.2022 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 5052 के द्वारा मालिक है! उपरोक्त संपति, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है! आगे सूचित हो की श्रीमती अमरजीत कौर, श्रीमती धनप्रीत कौर, श्रीमती कुलविंदर कौर, श्रीमती भूपिंदर कौर, श्रीमती राजविंदर कौर, श्री जगजीत सिंह, श्री हरविंदर सिंह व श्री बलविंदर सिंह के अलावा स्व० महंगा राम व स्व० महेन्दर कौर के अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नहीं है.

यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें! अगर कोई दावा नही आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नही है!

राघव तिवारी, (अभिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
MOB + 91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Mayapati is the owner of Built up Residential Property bearing No. F-174, A-32-A, area measuring 100 Sq. Yds., out of Khasra No. 73/7/1, Situated in the revenue estate of Village Nangloi Jat, abadi known as Laxmi Park, Nangloi, Delhi, by virtue of Sale Deed dated 07.03.2019, Doc. No. 1193. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan in the name of Ramesh from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

# आर्मीनिया-आजरबैजान में फिर से संघर्षविराम, दो दिन की जंग में 155 सैनिकों की मौत

भाषा।एरेवान(आर्मीनिया)

**आर्मीनिया और** आजरबैजान के बीच दो दिन चली लड़ाई में दोनों तरफ के 155 सैनिकों की मौत के बाद बृहस्पतिवार को संघर्षविराम फिर से बहाल हो गया। आर्मीनिया की सुरक्षा परिषद के सचिव आर्मेन ग्रिगोरियन ने युद्धविराम को लेकर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के प्रति धन्यवाद जताया। रूस की मध्यस्थता में मंगलवार को लागू युद्धविराम शीघ्र ही विफल हो गया था। आर्मीनिया के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि आजरबैजान के साथ सीमा पर स्थिति शांत है और संघर्षविराम उल्लंघन की कोई खबर नहीं है। आजरबैजान की सरकार की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। संघर्षविराम की घोषणा दो दिनों की भारी लड़ाई के बाद हुई, जिसे लगभग दो वर्षों में दोनों विरोधियों के बीच शत्रुता की सबसे बड़ी कार्वाई के रूप में चिह्नित किया गया। आर्मीनिया और आजरबैजान ने गोलाबारी के लिए एक-दूसरे पर दोषारोपण किया। आर्मीनियाई अधिकारियों ने बाकू पर अकारण हमले का आरोप लगाया, जबकि आजरबैजान के अधिकारियों ने कहा कि उनका देश आर्मीनियाई हमलों का जवाब दे रहा था। आर्मीनियाई प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान ने बुधवार को कहा कि मंगलवार तड़के शुरू हुई लड़ाई के बाद से उनके देश के 105 सैनिक मारे गए हैं, जबकि आजरबैजान ने कहा कि उसने 50 सैनिक खो दिए। पूर्व सोवियत देशों के बीच नागोर्नो-काराबाख पर कब्जे को लेकर दशकों से शत्रुता है।

# कार हादसे में घायल हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति

भाषा कीव

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की कार बृहस्पतिवार तड़के एक अन्य वाहन से उस समय टकरा गई, जब वह एक युद्ध क्षेत्र का दौरा करने के बाद राजधानी कीव लौट रहे थे। गनीमत है कि हादसे में उन्हें गंभीर चोटें नहीं आई। जेलेंस्की के प्रवक्ता सर्गी निकिफोरोव ने यह जानकारी दी। निकिफोरोव ने बताया कि जेलेंस्की खारकीव क्षेत्र से कीव वापस आ रहे थे, जहां वह रूसी बलों के कब्जे से छुड़ाए गए इजियम शहर में यूक्रेनी सैनिकों से मुलाकात करने पहुंचे थे। एक फेसबुक पोस्ट में निकिफोरोव ने कहा कि कीव में एक यात्री वाहन राष्ट्रपति के काफिले से टकरा गया। जेलेंस्की की चिकित्सा टीम ने यात्री वाहन के चालक को प्राथमिक उपचार दिया, जिसके बाद उसे एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। निकिफोरोव के मुताबिक, चिकित्सकीय टीम ने राष्ट्रपति की जांच की, जिन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि जेलेंस्की को किस तरह की चोटों का सामना करना पड़ा है। निकिफोरोव के अनुसार, हादसे की वजहों और परिस्थितियों की जांच की जा रही है। बुधवार रात युद्ध के दौरान लगातार दिया जा रहा जेलेंस्की का वीडियो संबोधन भी देरी से साझा किया गया।

## यूक्रेन के साथ युद्ध की पृष्ठभूमि में उज्बेकिस्तान में शी चिनफिंग, पुतिन ने की मुलाकात

**समरकंद (उज्बेकिस्तान)।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बृहस्पतिवार को मुलाकात कर दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में यूक्रेन के धीरे-धीरे मजबूत होने की पृष्ठभूमि में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई है। शांघाई को-ऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) की आठ देशों की बैठक से इतर उज्बेकिस्तान में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों की मुलाकात हुई। एससीओ का गठन अमेरिका के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर किया गया है जिसमें भारत, पाकिस्तान और मध्य एशिया में पूर्व सोवियत संघ के चार देश शामिल हैं। एससीओ की बैठक में यूक्रेन पर रूस के हमले के अलावा उज्बेकिस्तान के पड़ोसियों आर्मेनिया और आजरबैजान के बीच तनाव और तकनीक, सुरक्षा तथा सीमा के मुद्दों को लेकर चीन के साथ अमेरिका, यूरोप, जापान और भारत के संबंधों में आए तनाव पर भी चर्चा हुई। शी के साथ अपनी बैठक से पहले पुतिन ने कड़े शब्दों में अमेरिका की आलोचना करते हुए यूक्रेन मुद्दे को अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा अपना वैश्विक दबदबा बनाए रखने का खराब प्रयास बताया। रूस के राष्ट्रपति ने अपनी शुरूआती टिप्पणी में कहा, एकध्रुवीय विश्व बनाने के प्रयास ने हाल ही में बड़ा भद्दा रूप ले लिया है। दुनिया के ज्यादातर देशों को यह बिलकुल स्वीकार्य नहीं है।

## अमेरिकी सांसदों ने भारत के साथ मजबूत संबंधों का संकल्प लिया चीन को बड़ा खतरा बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष सांसदों ने कहा कि चीन द्वारा दुनिया के समक्ष पेश किए जा रहे बड़े खतरे को देखते हुए भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। कांग्रेस सदस्य एलेन गुडमैन लुरिया ने आजादी का अमृत महोत्सव के जश्न समारोह में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, मैंने सशस्त्र सेवा समिति में काम किया और वाकई यह समझती हूं कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते कितने अहम हैं।

**PUBLIC NOTICE**

KNOW ALL MEN THAT, I, Rajesh Jain, do hereby declare that I am the sole and exclusive owner in respect of property i.e. One Shop admeasuring 8' x 11' (10 sq. yds approx.), in the portion of property No. 1202, at Bahadurgarh Road, Delhi, I further declare that have lost / misplaced the original sale deed in respect of my said property i.e. Original Sale Deed dated 12/04/1988 executed by Sh. Prem Sagar in favour of Sh. Anand Parkash Jain, which is duly registered as Document No. 1876, registered on 12/04/1988, with Sub-Registrar-1, Delhi. If anyone finds the said document please contact the undersigned.

RAJESH JAIN
S/o Sh. Anand Parkash Jain
R/o BP-65, Club Road West, Shalimar Bagh, Delhi, Mob. : 9811087225

**PUBLIC NOTICE**

Be it known all general public that my client Mr Jitender Marwah s/o Chander Pal Singh having residence at - H-308 3rd Floor Vikaspuri Delhi 110018. That my client Mr. Jitender Marwah and Mr. Rakesh Marwah are the owner of the said property through Sale deed dated 23/10/2012.

Thereafter, Unfortunately, Mr. Amrit Sagar Sharma died leaving behind Mrs. Soma Devi, Mrs. Jeewan Lata Sharma, Mrs. Sawtantar Sharma, Mrs. Veena Sharma, Mrs. Anita Sharma, Mrs. Sunita Sharma and Mr. Sanjay Sharma as his legal heirs.

It is brought to your notice that, my client has not received SMC from the legal heirs mentioned above of the deceased Mr. Amrit Sagar.

If any person has any objection regarding the above mentioned property no H-308 3rd Floor Vikaspuri Delhi 110018 contact the undersigned within 07 dayfrom the date of publication.

Date : 16.09.2022
Place : Delhi

Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey, (Enr. No. D-200/2013) 501A, 5th Floor, Usha Kiran Bldg, Comm. Complex, Azadpur, Delhi-33 M. 9599801188.

**PUBLIC NOTICE**

It is publically notified that the MIG FLAT NO G 253B, SECTOR-22, NOIDA has been allotted in the name of COLONEL RAJIVE SOOD S/O BALRAJ SOOD R/O 183, GOKALPURI SHAHADRA DELHI, had sold the said flat, on the basis of GPA to the following persons:-

A GPA was executed in favour of DEVKI KARAN W/O KARAN SINGH R/O H-318, SECTOR-22, NOIDA which is duly registred in the office Sub Registrar Delhi vide Book No.4 Volume No. 21290 on pages 197 to 200 Document No. 9088 dated.15/04/2004 at and Agreement to Sell was not registered. So with the help of the notice it is informed the transfer of the above flat goes in favour of SUDHA SAROYA W/O SHRI GURNAM SINGH R/O H-20/488, KALI BARI MARG, TIRUPATI BALAJI MANDIR, GPO NEW DELHI-110001 if any one/above partners has/ have any objection he/she may submit his/her, objection in the Housing Department of Noida Authority along with sufficient proofs within 15 days of the publication this notice.

Signature

**Public Notice**

Be it know to all concerned that my client Mukesh Arora S/o Mahinder Lal R/o T-8, 1408, RPS Sawana, Sector – 88, Nahar Paar, Faridabad, Near Almolik Heights, Haryana, have disowned and disinherited their daughter Miss. Sazal Arora R/o 907, Skytech Magadh Apartment, Sector-3, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pardesh-201010 and, she has no claim or title to any of the properties possessed or belonging to my client, as the said properties are all my client self-acquired properties. My client daughter Miss Sazal Arora has no power or authority to incur any debts on the security of said properties and any person hereafter giving him any loan or advance shall be doing so entirely at his own risk and responsibility. My client nor his properties, shall in any way be responsible for such debts.

Advocate
Rachit Gupta

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that, **Harish Goel S/o Sh. Kasturi Lal Goel R/o C-476, Vikaspuri, New Delhi-110018 owner/purchaser of DDA SFS Flat No.72-A, On Ground Floor, Cat-II, Pocket-DG-II, Situated In VikasPuri, New Delhi-110018.** The original documents i.e. Demand-cum-allotment Letter, Possession Letter, NOC For Water and Electricity Connection, Site Possession Slip & Other Relevant Documents of the above said flat has been lost. An F.I.R./ NCR/LRNO.798367/2022 dated 15/09/2022 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact with above named person at above Address/Phone No.9811040523 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-SFS or Director(H)-SFS, D Block, Vikas Sadan, New Delhi

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार हरजीत सिंह और राहुल श्योर्न,मकान नं. ई-116,खसरा नं.1089एमआई,जनकपुरी कo्लोनी, गांव-पर्सोडा, परगना लोनी, तहसील और जिला। गाजियाबाद, उ.प्र को धनेश से खरीदने जा रहे है तथा डी एम आइ हाउसिंग फाइनान्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है. तथा धनेश के पास प्रoपर्टी से संबंधित कागजात, मूल 1. मेसर्स महालक्ष्मी लैंड एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट से मालिकाना अधिकार पत्र प्रवाह बिक्री विलेख के विक्रेता को दिनांक 23.08.1980 के पक्ष मे,2.लक्ष्मण के पक्ष मे बिक्री विलेख,3.सरोज सिंह के पक्ष में बिक्री विलेख, 4. शीला देवी द्वारा निष्पादित बिक्री विलेख का पंजीकरण विवरण,5.कमलेश के पक्ष में बिक्री विलेख। यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय अनिल कुमार और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न . पर इस प्रकाशन के 08दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॅगजो को वापस कर दे..

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही-७५. म. ९८९९०१३९१८

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सतविंद्र कौर, ने गांव जुल्फकरपुर गढ़ी, परगना और तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर (यू.पी.) में स्थित एक फ्रीहोल्ड आवासीय खाली प्लॉट, एरिया परिमाप 302.44 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 255 का हिस्सा, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 16.01.2014, पंजीकरण सं. 6413 उप रजिस्ट्रार नजीबाबाद जिला बिजनौर (यू.पी.) के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सतविंद्र कौर ने मेसर्स हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एचएचएफएल) से ऋण लेने के लिए संपर्क किया है और वे पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 07.05.2009 उक्त संपत्ति संबंध में श्री अरविंद कुमार अरोड़ा पुत्र स्वर्गीय श्री गोपाल कुमार अरोड़ा द्वारा निष्पादित रहीस अहमद पुत्र नसीम अहमद के पक्ष में, उप पंजीयक कार्यालय-नजीबाबाद जिला बिजनौर में विधिवत पंजीकृत दस्तावेज सं. 5249, खंड सं. 4120, बुक नं.1, पेज नं.37/48, दिनांक 07.05.2009, को खो दिया हैं श्री परमजीत सिंह और श्रीमती सतविंद्र कौर ने यूपी पुलिस को दिनांक 01.09.2022 को गढ़ी थाना नजीबाबाद में उक्त विक्रय विलेख के खो जाने की सूचना दी है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।


| | | |
|---|---|---|
| DL2CAD2422, | MH02PA8985, | DL4SAS1188, |
| DL2CK0811, | DL2FGY0060, | DBX3625, |
| DL2SE0053, | DL7SR4041, | DL6SR3532, |
| DB06288, | DL7SAQ1124, | DNI8094, |
| MP09MJ6659, | DL7SAM2410, | DBI7408, |
| HR26AK5698, | DL7SAQ4479, | DL8SAN0940, |
| UP32AJ9292, | DL7SAD4781, | DL5SC7744, |
| DL6SP6605, | DL2CV8008, | DL3SAS6403, |
| DL2CAC8291, | DL8CN7665, | DL6SZ7626, |
| DL8CNA0997, | DL6CE8567, | DL9SM6205, |
| HR10H3883, | DL4CAE4419, | DL8CL0951, |
| DL9CN3321, | DL4CAB4807, | DL6CD5673, |
| NOREG37, | DL2CAH6776, | HR70A9654, |
| DL8SN4166, | DL7CE6320, | DL3FZ0042, |
| DL8SU8357, | DL2CR3462, | DL4CNA0760, |
| DL5SW3327, | DL7CB4796, | DL1CL3255, |
| DL4SBD8780, | DL3CN5212, | DL2CAG1935, |
| DL8SK2427, | HR26AH1909, | DL7CD1437, |
| DL8SZ7591, | DL7CE6326, | DL2CM7194, |
| DL8SAD0558, | DNA1844, | DL7CF3902, |
| DL8SD7723, | DL2CW0633, | DL3CY9971, |
| DL8CN1572, | DL2CAD2875, | DL2CAF5726, |
| DL2CP0269, | DL6SE7767, | DL1CD4270, |
| MP21G0628, | DL6SA7656, | HR55T9249, |
| DL7CP0555, | DL4SAW0582, | DL7SAZ4013, |
| DL2CW8466, | DL6SV2259, | DL4ST0388, |
| DL1CM9771, | DL6SQ4450, | DL7SAU5513, |
| DL6CJ3962, | DL7SB8747, | DL7CF1769, |
| DL9C4009, | DL2SG9777, | DL7CA4375, |
| DL3CAJ9998, | DL6CH1574, | NOREG40, |
| DL9CJ1708, | DL3CAX4262, | DL8CNB3126, |
| PB10BY1942, | RJ19C1544, | HR26AJ0715, |
| HR24C1641, | DNU9291, | DL4CL2919, |
| DL6SR8285, | DL8SNB2256, | DL4CAB8829, |
| DL6SY3798, | DL4SAA6938, | DL8CK9750, |
| DL6ST5987, | DL6SK6927, | DL9CK3692, |
| DL6SY1006, | CG07G2519, | DL2CW3432, |
| KA03EP8292, | DL3SAP7953, | DL2CAH9315, |
| DL2CV9258, | DL1SQ2146, | NOREG41, |
| HR26X4947, | HR06L2419, | DL6CG6488, |
| DL8CM8567, | DL1SP2304, | DL13C2954, |
| DL4CAA7495, | DL8SS9120, | DL1CF2300, |
| DL8SAG5476, | DL8SW1895, | DL3CQ1971, |
| DL8SAE2579, | DL4SBE0443, | DL3CM1781, |
| DL7CE6811, | DL2SC9162, | HR37B0294, |
| DL7CC2624, | DL8SY3952, | DL7CH0243, |
| DL2CAF6299, | DL8SN3350, | DL9CN1181, |
| DL7CK2691, | DL8SF6574, | DL1VA6131, |
| DL13C3603, | DL3CM4197, | DL1LF7390, |
| UP81E3619, | DL7CG1861, | DL6SF0186, |
| DL1CX3766, | DL3CAQ5194, | DL6SM4316, |
| DL4CAA3894, | DL8SNB1963, | DL4SL0309, |
| HR26AE0345, | DL8SQ0403, | DL7SAB7775, |
| DL6CA0957, | DL4SAS8025, | DL3SS3684, |
| DL2CZ4550, | DL8SS3506, | DL6SM1857, |
| DL3CT3813, | HR51L4517, | DL6SE8988, |
| DL9CR2405, | DL3SS3240, | DL1SK3286, |
| DL7CF4036, | HR10K4763, | DL1SN1513, |
| DL6CB0155, | DL7SAR5721, | DL2CF4802, |
| AP10F143, | DL6SR7151, | DL3CAF7968, |
| DL3SA07795, | RJ145M5194, | DL8CB3803, |
| DL6SY1503, | DL7SAR1410, | HR13E0575, |
| NOREG39, | DL8SV1462, | DL8CL2515, |
| DL4CAV0582, | DL4SAL5691, | DL8CU1017, |
| DL4CAL3044, | DL6SX9802, | HR26BG2721, |
| DL4CAH1774, | DL8SAE6003, | HR51AP0660, |
| DL7SCA8943, | DL9CM2056, | MH04CD9234, |
| DL9CP2676, | DL4CG0353, | HR03L9933, |
| DL2FFK0072, | DL6C5069, | DL6CG2017, |
| HR26AE9925, | DL2CE2148, | DEY24, |
| DL6SB9604, | DL8CC3798, | DL4CAE5572, |
| DDJ4400, | DL4CAH3504, | DL9CK8886, |
| DL1CU6385, | DL6CG3988, | DL4CS7317, |
| DL3CM4997, | AP10P0630, | DL5CB9362, |
| DL8CN0811, | DL6CK5645, | DL4CS5329, |
| DL9CE5894, | DL2CV1678, | DL3CAU0968, |
| DAJ3523, | DL2CV4199, | DL9CK9165, |
| RJ17CA0062, | DL2CAA6380, | DL2CAG2137, |
| DL9CAA0672, | DL3SL3330, | DL3CAG9842, |
| DL4CS0826, | DL4SAH6767, | DL3CAW3527, |
| DL3CS4120, | DL3CAF9624, | DL2CAL5439, |
| DL9CF9167, | DL2CAF7730, | UP16AD1554, |
| DL2CAD1676, | DL6SK0585, | CHS06FBEA 24390 |
| DL3CAG6372, | DL8SAG0184, | |
| DL7CC7458, | DL8SAJ3972, | |

## घरेलू कोकिंग कोयले का उत्पादन बढ़ाने पर काम कर रही सरकारः इस्पात सचिव

**नई दिल्ली।** सरकार कोकिंग कोयले का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए काम कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि देश का वित्त वर्ष 2030-31 तक 30 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य है। इस्पात बनाने के लिए कोकिंग कोल एक आवश्यक कच्चा माल है। देश अपनी 85 प्रतिशत कोकिंग कोयले की जरूरत आयात से पूरा करता है। इस्पात सचिव संजय कुमार सिंह ने ई-मार्केटप्लेस एमजंक्शन द्वारा आयोजित भारतीय इस्पात बाजार सम्मेलन से इतर कहा कि सरकार ने कोकिंग कोयले पर शुल्क को हटाने का एक अहम फैसला लिया है। सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र (कोकिंग कोल) में हमेशा से कीमतों में वृद्धि का मुद्दा रहा है। हालांकि, हाल ही में कीमतों में कमी आई है। इसके समाधान के लिए हमारी जरूरत के हिसाब से कोकिंग कोयले का उत्पादन देश में ही होना चाहिए और उसके लिए कोयला मंत्रालय काम कर रहा है।

# फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर सात प्रतिशत किया

भाषा। नई दिल्ली



**पहले उसने वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था**

**फिच रेटिंग्स** ने चालू वित्त वर्ष (2022-23) के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर सात कर दिया है। पहले उसने वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। फिच रेटिंग्स ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति, उच्च मुद्रास्फीति और ऊंची ब्याज दरों के कारण देश की अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ेगी। रेटिंग एजेंसी ने बृहस्पतिवार को कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था, उच्च मुद्रास्फीति और सख्त मौद्रिक नीति की पृष्ठभूमि में अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ने का अंदेशा है। इससे पहले फिच रेटिंग्स ने जून में चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि 2023-24 में वृद्धि दर घटकर 6.7 प्रतिशत रह सकती है। पहले उसने अगले वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 13.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो जनवरी-मार्च तिमाही की 4.10 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कच्चे तेल के दाम कम होने से अगस्त में मुद्रास्फीति में नरमी आई है लेकिन खाद्य महंगाई दर चिंता का विषय बनी हुई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में 11 महीने के निचले स्तर 12.41 प्रतिशत पर आ गई है। वहीं खुदरा मुद्रास्फीति सात प्रतिशत पर है। हमारा अनुमान है कि रिजर्व बैंक ब्याज दरों में वृद्धि जारी रखेगा और साल खत्म होने तक रेपो दर 5.9 प्रतिशत पर होगी। केंद्रीय बैंक का ध्यान मुद्रास्फीति घटाने पर है लेकिन वह सोच-विचार कर इस बारे में निर्णय लेगा और यह मुद्रास्फीति तथा आर्थिक गतिविधियों की बदलती परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। अनुमान है कि नीतिगत दरें निकट भविष्य में उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएंगी और अगले पूरे वर्ष छह प्रतिशत पर रहेंगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि 2022 के अंत तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए का मूल्य 79 पर बना रहेगा और खुदरा मुद्रास्फीति करीब 6.2 प्रतिशत पर होगी। उसने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और मुद्रास्फीति विश्व अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचा रहे हैं।

## श्रीलंका को इस साल कर्ज देने में सबसे आगे रहा है भारतः रिपोर्ट

भाषा। कोलंबो

**भारत गहरे** राजनीतिक संकट एवं आर्थिक विपदा का सामना कर रहे श्रीलंका के लिए 2022 में सबसे बड़े कर्जदाता के रूप में उभरा है। साल के दौरान भारत ने अपने पड़ोसी देश को 37.7 करोड़ डॉलर का कर्ज दिया है। शोध संस्थान वेराइट रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) इस अवधि में श्रीलंका को 36 करोड़ डॉलर का कर्ज देकर दूसरा बड़ा कर्जदाता बना है। भारत और एडीबी दोनों ने मिलकर इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच श्रीलंका को आवंटित कुल कर्ज में 76 प्रतिशत का योगदान दिया है। साल के पहले चार महीनों में श्रीलंका को विभिन्न सरकारों एवं संस्थानों से कुल 96.8 करोड़ डॉलर का कर्ज आवंटित किया गया। इसमें 37.7 करोड़ डॉलर के साथ भारत सबसे आगे रहा है। श्रीलंका स्थित स्वतंत्र शोध संस्थान वेराइट रिसर्च ने कहा है कि श्रीलंका को कर्ज देने में एडीबी सबसे बड़ा बहुपक्षीय संस्थान रहा है।

# सेंसेक्स ने गंवाया शुरुआती लाभ

**413 अंक टूटकर 60,000 से नीचे फिसला**

भाषा। मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजारों में बृहस्पतिवार लगातार दूसरे दिन गिरावट का सिलसिला कायम रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 413 अंक टूटकर 60,000 अंक से नीचे आ गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका के बीच सूचना प्रौद्योगिकी और दवा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में मजबूती के साथ खुला और 60,676.12 अंक तक गया। हालांकि, शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद यह 412.96 अंक या 0.68 प्रतिशत लुढ़ककर 59,934.01 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 126.35 अंक यानी 0.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,877.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सबसे अधिक 3.13 प्रतिशत की गिरावट हुई। इन्फोसिस, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ मारुति, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर बढ़त में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आईटी और फार्मा शेयरों में बिकवाली से वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख को दरकिनार करते हुए घरेलू बाजारों ने अपने शुरुआती लाभ को गंवा दिया। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका के कारण सूचना प्रौद्योगिकी और दवा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई जिससे बाजार नीचे आया।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, बाजार के सभी क्षेत्रों में मिलाजुला असर देखा गया। एक तरफ वाहन और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में वृद्धि हुई जबकि सूचना प्रौद्योगिकी तथा स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों के शेयर नीचे आए। इसके अलावा व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.31 प्रतिशत चढ़ गया तथा स्मॉलकैप में भी 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त रही। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहे। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को मजबूती के साथ बंद हुए। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.04 प्रतिशत गिरकर 94.06 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को।,397.51 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**नाम परिवर्तन**

हम, मनोज कुमार और निभा कुमारी निवासी मकान न. 25-ए, रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी, एसपी मार्ग चाणक्यपुरी, नई दिल्ली घोषणा करते हैं कि दिनांक 01.10.2016 से हमारे बेटे कुमार अर्नव को सभी उद्देश्यों के लिए अर्नव साक्ष्य के रूप में जाना जाता है, हलफनामा संख्या IN-DL88304072879201U दिनांक 15.09.2022 के माध्यम से।

PD(90171)A

**CHANGE OF NAME**

I, Rajesh Kumar Sharma S/o Krishan Sharma Residing at 4664/21, First Floor, Ansari Road, Daryaganj, Central Delhi, Delhi-110002 have changed the name of my minor Daughter Nancy Alias Nancy Sharma Aged 14 years and she shall hereafter be known as Nancy Sharma.

PD(90172)A

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | सोनू कुमार (कर्जदार), शिव कुमार (जमानतदार) लैन नंबर LBNOD0002252451 | जी/यूएच-801, 8वीं मंज़िल, टावर-जी अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेट्टा, एनएच-24 गाजियाबाद- 201001 सुपर एरिया : 585 वर्ग फुट | रु. 19,92, 088.42/- (सितंबर 09, 2022 तक) | रु. 13,75,000/- / रु. 1,37,500/- | अक्टूबर 01, 2022 को दो.02:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | अक्टूबर 10, 2022 को दो. 12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 07, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005** में **अक्टूबर 07, 2022** तक **शाम 05.00 बजे** से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **अक्टूबर 07, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **अक्टूबर 07, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/ 7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : सितंबर 16, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# मऊ में मुख्तार पर आरोप तय

● असलहा आवंटन के मामले में गैंगेस्टर कोर्ट में हुए हाजिर ● पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी पर गिरोहबंदी के तहत चल रहा मामला ● कोर्ट के कटघरे में एक घंटे तक खड़े रहे

● सात वर्ष के बाद मऊ कोर्ट में माफिया की हुई पेशी ● चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा को लेकर किए गए थे पुख्ता इंतजाम ● गवाही के लिए कोर्ट में 30 सितम्बर की तिथि की गई निर्धारित





संवाददाता। मऊ

मऊ के पूर्व बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को सात साल के लम्बे अंतराल के उपरांत बांदा जेल से मऊ गैंगेस्टर कोर्ट में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेश किया गया। पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी द्वारा अपने लेटर पैड पर की गई असलहा के लाइसेंस की पैरवी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर एक व एमपीए एमएलए की विशेष अदालत न्यायाधीश दिनेश चौरसिया की कोर्ट में पूर्व विधायक समेत तीन आरोपियों की पेशी कराई गई। कोर्ट में एक घंटे तक कचहरी के कटघरे में मुख्तार खड़े रहे। इस दौरान असलहा लाइसेंस के मामले में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में उन पर आरोप तय किया गया। अब गवाही का सिलसिला शुरू होगा। इसके लिए 30 सितंबर की तिथि निर्धारित किया गया। मुख्तार की पेशी को देखते हुए एमपी.एमएलए कोर्ट व शहर के अन्य क्षेत्रों में भी सुरक्षा बल तैनात रहे। जबकि इससे पहले 28 मार्च को लखनऊ की अदालत में मुख्तार अंसारी की व्यक्तिगत पेशी हुई थी।अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नं एकध्एमपीएएमएलए की विशेष अदालत के न्यायाधीश दिनेश चौरसिया ने मुख्तार अंसारी को बांदा जेल से पेश किया गया। जबकि सलीम को बाराबंकी तथा अनवर सहजाद को गाजीपुर जेल से तलब करते हुए पेश किया गया। इस मामले के सभी आरोपियों पर गैंगस्टर का आरोप तय कर दिया। इस मामले में साक्ष्य हेतु अगली तारीख 30 सितम्बर के लिए तय कर दिया गया। मुख्तार अंसारी की पेशी को लेकर अदालत परिसर को पुलिस छावनी के रुप में तब्दील कर दिया गया था। नगर मजिस्ट्रेटए क्षेत्राधिकारीए एसडीएम भारी पुलिस फोर्स के तैनात रहे।आरोपियों की थाना दक्षिण टोला के फर्जी असलहा लाइसेंस मामले के आधार पर लगे गैंगस्टर मुकदमे में मुख्तार सहित तीन आरोपी को उनके जेल से व्यक्तिगत पेशी कराई गई। न्यायालय के आदेश पर आरोप बनाने के लिए आरोपी मुख्तार को बांदाए सलीम को बाराबंकी व अनवर सहजाद को गाजीपुर जेल से उचित सुरक्षा के बीच न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया और उनकाआरोप तय किया गया।

## परिसर में माफिया के करीबियों पर रही खुफिया नजर

चंद्रशेखर श्रीवास्तव। मऊ

कोर्ट में पेशी केदौरान पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के सहयोगियों पर उनके चेहते पर आपरेशन प्रहार के तहत खुफिया तंत्र द्वारा पैनी नजर रखा गया था। मुख्तार के पेशी की भनक लगते ही उनके सहयोगी व चहेते पास आने के लिये लालायित रहे। लेकिन कैमरे की लगातार चहलकदमी से पास जाने की कोई हिम्मत नहीं जुटा सका। कचहरी परिसर में ऐसे लोग अपने को कैमरे से बचाते रहे। सादेवेश में पुलिसकर्मी ऐसे लोगों पर नजर रखे रहे थे। मुख्तार अंसारी की कोर्ट में आने की जैसे ही लोगों को जानकारी हुई वह कोर्ट पहुंचने लगे। लेकिन पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को देखकर मुख्तार के चहते को पसीना आ गया। पुलिस लगातार परिसर में वीडियो रिकार्डिंग कर रही थी। कोई कैमरे में न आ जाये इसकी सबको चिंता सता रही थी। मेन गेट पर व कचहरी के सीढ़ियों तक मुख्तार के साथ सुरक्षा में लगे जवान तुस्तैद थे। किसी को भी पास जाने की इजाजत नहीं थी। भारी पुलिस फोर्स के पुलिस के उच्चाधिकारी पल.पल की गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर रखे रहे। पुलिस व खुफिया विभाग के आला अधिकारी सादे वर्दी में भी चप्पे.चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखे रहे।शस्त्र निरस्तीकरण का का क्या है पूरा मामला: मऊ । मुख्तार अंसारी के पेड पर शस्त्र की पैरवी कराकर इजराईल अंसारीए सलीम व अनवर सहजाद ने असलहा का लाइसेंस प्राप्त कर लिया था। लेकिन इनके नाम व पता गलत थे। पूरे मामले में पुलिस ने अपराध संख्या 55ध् 21 में गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया था। इनके असहलों का लाइसेंस निरस्त कराकर 19 जनवरी 20 को थाना पर जमा कर लिया गया था। इसी मामले में मुख्तार समेत चारों पर आरोप तय किया गया है।

## काशी में सघन पल्स पोलियो अभियान 18 से

वाराणसी। जिले में सघन पल्स पोलियो अभियान 18 सितम्बर से शुरू होगा। छह दिवसीय इस अभियान में साढ़े पांच लाख से अधिक नौनिहालों को 'दो बूंद जिंदगी की' दी जायेगी। इसके लिए रविवार 18 सितम्बर को बूथ दिवस का आयोजन होगा। इसमें जनपद के 1859 बूथों पर पोलियो की खुराक दी जायेगी। बूथ तक न पहुंच पाने वाले बच्चों के लिए 19 सितम्बर से घर-घर जाकर पोलियो की खुराक देने का काम होगा। इसके बाद भी अगर कोई बच्चा दवा पीने से वंचित रह गया होगा तो उसे 26 सितम्बर को भी पोलियो की खुराक दी जा सकेगी।सघन पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने गुरुवार को विकास भवन में जिला टास्क फोर्स की बैठक की। अभियान के लिए अबतक की गयी तैयारियों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लेने के साथ ही उन्होंने उन्हें आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक लेने से वंचित न रह जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने बताया कि वैसे तो भारत पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन कुछ देशों में पोलियो अभी भी है। लिहाजा इसके फिर से लौटने की आशंका बनी रहती है। इसी वजह से सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है ताकि किसी भी हालत में इसे अपने देश में पुन: न लौटने दिया जाये । उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि वे अपने शून्य से पांच साल तक के बच्चों को हरहाल में पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये।सीएमओ ने बताया कि इस बार जनपद के 5 लाख 68 हजार 511 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 18 सितंबर रविवार को बूथ दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें 1859 बूथों पर दवा पिलाई जाएगी। जो बच्चे बूथ दिवस पर दवा पीने से छूट जाएंगे उन्हें स्वास्थ्य विभाग की टीमें 19 से 23 सितंबर (सोमवार से शुक्रवार) तक घर-घर जाकर दवा पिलाने का काम करेगी। इसके बाद भी जो बच्चे छूट जाएंगे, उन्हें 26 सितंबर सोमवार को दवा पिलाई जाएगी।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने किया वृक्षारोपण व रक्तदान शिविर का आयोजन



वाराणसी। उ0प्र0 डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के बैनर तले 15 सितम्बर 2022 को मनीषी एवं हृदय सम्राट स्व0 आर के दत्त की स्मृति में हवन-पूजन, वृक्षारोपण, दरिद्रनारायण भोज एवं रक्तदान का कार्यक्रम उत्साह एवं मनोयोग के साथ गुरूवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने पुष्पाजंलि कर वृक्षारोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण करना तथा रक्तदान देना सबसे पुनीत कार्य है इससे बड़ा कोई दान ही नहीं हो सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कुमार जिला महासंघ ने तथा विशिष्ट अतिथि अधीक्षण अभियंता आदर्श कुमार गुप्ता रहे।

## जेईई एडवांस में फिटजी के छात्रों का दबदबा

वाराणसी। कामयाबियों का झंडा बुलंद करना फिट्जी के डीएनए में शुमार हो चुका है। जीत हासिल करने की अपनी मूल प्रवृति को आगे बढ़ाते हुए फिट्जी के छात्रों ने आज जेईई एडवांस, 2022 के लिए घोषित परिणामों में एक बार फिर अपना वर्चस्व स्थापित किया। फिट्जी जेईई एडवांस, 2022 में अपने छात्रों की शानदार कामयाबी की घोषणा करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जेईई एडवांस 2022 में अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) 11 हासिल करने वाले दीव्यांशु मालू फिट्जी के लिटिल जिनी एक वर्षीय फाउंडेशन प्रोग्राम उदय दो साल का क्लासरूम प्रोग्राम चार साल का क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र है। इन्होने जेईई एडवांस, 2022 में 360 में से कुल 285 अंक प्राप्त करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। दीव्यांशु ने अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीता है और केवीपीवाई फेलो भी हैं।

## त्यौहारों के साथ जश्न् मनाने के लिए तैयार

वाराणसी।भारतीय त्योहारों के इस अवसर पर लाखों कारीगरों अमेजन सहेली और विभिन्न प्रकार के लोगों को विशेष छूट का लाभ दिया जा रहा है जिसमें प्राइम मेंबर्स को अर्ली एक्सेस दिया गया है। कस्टमर लाखों लघु मध्यम बिजनेस (एसएमबी) के प्रोडक्ट के सबसे बड़े सलेक्शंन पर पहले कभी न देखी गई डील्स का आनंद ले सकते हैं। जीआईएफ2022 विभिन्न प्रोग्राम जैसे अमेज़ॅन लॉन्चपैड, अमेज़ॅन सहेली, अमेज़ॅन कारीगर के साथ-साथ सभी श्रेणियों में शीर्ष भारतीय और वैश्विक ब्रांडों के तहत अमेज़ॅन सेलर्स के प्रोडक्ट प्रदर्शित करेगा।ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 23 सितंबर 2022 के साथ जश्न् मनाने के लिए तैयार हो जाइए।

## सनातन धर्म को हमेशा महसूस होगी स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की कमी

वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय काशी घाट वॉक विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को तुलसीघाट पर गंगा जल में ब्रम्हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि दी गई. शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के कटआउट के सामने लोगों ने दीपदान कर उनके कार्यों को याद किया। ख्यात न्यूरोलॉजिस्ट प्रोफेसर विजयनाथ मिश्र ने कहा की ब्रम्हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी हमेशा काशी के बारे में सोचे और सनातन धर्म का पताका पूरे विश्व में फहराते रहे. स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी धर्म को लेकर हमेशा बेबाक थे और वह कई बड़े आंदोलन के हिस्सा रहे. उनकी कमी हमेशा सनातन धर्म को महसूस होती रहेगी. इस दौरान वाचस्पति उपाध्याय, शैलेश, अजय कृष्ण चतुर्वेदी, शिव विश्वकर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



## ग्लोबल बिज़नेस संचालन की 110वीं वर्षगांठ मनाई

लखनऊ। शार्प कॉर्पोरेशन ने अपनी 110 वीं वर्षगांठ मनाई वैश्विक बाजार और क्षेत्रों के लिए अपनी नई योजना को चिन्हित किया। 110वीं वर्षगांठ मनाने के लिए शार्प भारत के प्रमुख शहरों में श्कस्टमर कनेक्टश् रोड शो सहित कई पहल शुरू करेगा जो 15 सितंबर 2022 को कोलकाता से शुरू होगा। यह उत्सव एक साल तक सितंबर 2023 तक जारी रहेगा।शार्प बिजनेस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शिनजी मिनातोगावा ने 110वीं वर्षगांठ पर टिप्पणी करते हुए ने कहा शार्प में हमारे व्यापार की वृद्धि और सफलता ईमानदारी और रचनात्मकता के प्रमुख आदर्शों पर बनी है। पिछले कुछ वर्षों में हमने उच्चतम गुणवत्ता वाले उत्पादों और इंनोवेशन्स को वितरित करने के लिए खुद को समर्पित किया है जो लोगों के जीवन को समाधानों के साथ समृद्ध बनाते हैं। स्वास्थ्य मौज.मस्ती और सुविधा को एकीकृत करते है और कार्यस्थल पर बेहतर प्रोडक्टिविटी प्रदान करता है।

## ज़ी रिश्ते अवॉड्र्स के रेड कारपेट पर सितारों की महफिल

वाराणसी। ज़ी रिश्ते अवॉड्र्स के जरिए उन एक्टर्स, डायरेक्टर्स, प्रोड्यूसर्स, क्रिएटिव टीमों और टेक्नीशियनों का सम्मान करता है, जो सबका मनोरंजन करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। इस भव्य समारोह में दर्शकों और उनके पसंदीदा किरदारों के बीच गहरे रिश्तों का अभूतपूर्व जश्न मनाया जाएगा। ज़ी टीवी ज़ी रिश्ते अवॉड्र्स के साथ अपने 30 गौरवशाली वर्षों का जश्न भी बनाएगा। इस अवॉड्र्स शो का प्रसारण 9 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे से रात 11 बजे प्रसारित किया जाएगा।इस वार्षिक अवॉड्र्स समारोह में जाने-माने टेलीविजन सितारों ने साथ मिलकर इस शाम को यादगार बना दिया।

# पुलिस कस्टडी में युवक की मौत पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

### सड़क पर शव रखकर किया काटा हंगामा, तोड़े पुलिस वाहन व एंबुलेंस डीएम-एसपी की सूझबूझ से बड़ी घटना टली





गोंडा। पुलिस कस्टडी में हुई मौत के मामले में गुरुवार को आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने नवाबगंज कस्बे के कोल्ड स्टोर के पास पोस्टमार्टमोपरान्त मृत युवक का शव सड़क पर रखकर गोंडा-अयोध्या राजमार्ग अवरूद्ध कर जमकर हंगामा और उत्पात मचाया। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने एंबुलेंस सहित पुलिस की कई गाड़ियों में तोड़फोड़ करते हुए पुलिस के दो वाहन पलट दिये। हंगामा के दौरान कई पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई हैं। घटना की सूचना पर मौके पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे डीएम डॉ0 उज्ज्वल कुमार व एसपी आकाश तोमर ने बड़े ही सूझबूझ के साथ हालात पर काबू पाया। उन्होंने परिजनों को निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन देकर सड़क जाम हटवाते हुए शव को अंतिम संस्कार हेतु भेजवाया। ज्ञात हो कि थाना नवाबगंज क्षेत्र के जैतपुर माझा गांव में बीते 07 सितंबर की रात को एक झोलाछाप चिकित्सक राजेश चौहान की सोते समय गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक राजेश के परिजनों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को पुलिस ने इसी गांव के रहने वाले एक संविदा लाइनमैन देव नरायन उर्फ देवा को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। पुलिस के बुलावे पर लाइनमैन के परिजनों ने ग्राम प्रधान की मौजूदगी में खुद उसे नवाबगंज पुलिस के सुपुर्द किया था। करीब आधे घंटे बाद पुलिस के पूछताछ के दौरान देवनरायन की तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में पुलिसकर्मी उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस की तरफसे युवक के परिजनों को उसके बेहोश होने व उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराए जाने की सूचना दी गई। इस परिजन गांव के प्रधान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन वहां युवक का पता नहीं चल सका। करीब 2 घंटे बाद परिजनों को देवनरायन के मौत की जानकारी मिली। इससे आक्रोशित परिजनों ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा काटा और नवाबगंज पुलिस व एसओजी टीम पर देवनरायन की हत्या करने का आरोप लगाया है। एसपी आकाश तोमर के समझाने पर परिजन शांत हुए। वहीं जब गुरूवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन युवक का शव लेकर नबाबगंज पहुंचे तो ग्रामीणों ने सपा नेता सूरज सिंह समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू यादव सहित अन्य तमाम सपा नेताओं के साथ मिलकर अयोध्या-गोंडा राजमार्ग पर नवाबगंज के कोल्ड स्टोर के पास शव को सड़क पर रखकर जबरदस्त हंगामा किया। इस दौरान जमकर पथराव भी हुआ। पुलिस व एंबुलेंस सहित कई गाड़ियों में तोड़फोड़ करते हुए दो गाड़ियों को पलट दिया। आक्रोशित परिजन दोषी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ 50 लाख के मुआवजे की मांग कर रहे हैं। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी तरबगंज संसार सिंह राठी को आक्रोशित भीड़ ने खदेड़ दिया। जिसमे तीन पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई हैं। ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए कई थानो की पुलिस व पीएससी बल मौके पर बुला ली गई। जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार व पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाते हुए हालात पर काबू पाया। वहीं पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने फौरी तौर पर थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह एवं एसओजी प्रभारी अमित यादव को निलंबित कर दिया है।

### क्या बोले एसपी आकाश तोमर

**गोंडा। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि नवाबगंज थाने में हुई मौत मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर थानाध्यक्ष के विरुद्ध धारा 302 का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को मजिस्ट्रेट के समक्ष जो पंचनामा हुआ था, उसमें कोई भी चोट के निशान नहीं मिले थे। इसके साथ ही डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे उन कार्यवाही निश्चित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच के लिए लिखा जा रहा है। एनएचआरसी की गाइड लाइन के हिसाब से कार्यवाही की जाएगी। कोई भी दोषी व्यक्ति बच नहीं पाएगा। एसपी ने यह भी बताया कि नवाबगंज कस्बे में हिंसा करने वालों के खिलाफधारा 307, 332, 353 आईपीसी व 7 सीएलए अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संबंधित व्यक्तियों की गिरफ्तारी की जाएगी।**

## गुरुओं से सतत मिलती है प्रेरणाः उर्मिला

प्रयागराज। डीआईडी सुपर मॉम्स के पिछले दो सीज़न ने कुछ ऐसी बेमिसाल मांओं को सामने लाया। जिनकी डांसिंग स्किल्स यंग डांसर्स को भी मात दे सकती हैं। इन दोनों सीज़न्स को मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद अब ज़ी टीवी ने हाल ही में अपने पॉपुलर नॉन फिक्शन शो डीआईडी सुपर मॉम्स का तीसरा संस्करण लांच किया है। हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे प्रसारित किए जाने वाले इस नए सीज़न में रेमो डिसूज़ा भाग्यश्री दस्सानी और उर्मिला मातोंडकर जैसे जजों का एक शानदार पैनल है। जो इन टैलेंटेड मॉम्स के सफर के दौरान उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं और उनके डांस के सपनों को पूरा करने में उनकी मदद कर रहे हैं। इन सभी टैलेंटेड मांओं की जोरदार परफॉर्मेंस का मजा लेने के लिए देखिए डीआईडी सुपर मॉम्स हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे सिर्फ ज़ी टीवी पर। जहां हफ्ते दर हफ्ते सुपर मॉम्स ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया है। जहां पॉपुलर कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस इस शो की शोभा बढ़ाएंगे। जहां सभी सुपर मॉम्स अपने डांस गुरुओं से प्रेरणा लेती हैं।

# देव दीपावली व गंगा की महाआरती इस बार 7 नवंबर को

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी

**ज्योतिषविदों, काशी विद्वत परिषद के परामर्श के उपरान्त केन्द्रीय देव दीपावली महासमिति, गंगा सेवा निधि, गंगोत्री सेवा समिति, जय माँ गंगा सेवा समिति सहित अन्य समितियों में तैयारियां शुरु की, 8 नवम्बर को चन्द्रग्रहण होने के कारण सूतक काल प्रातः 8:10 बजे से प्रारम्भ हो रहा है और इसका मोक्ष सायं 6:19 बजे होगा, उसके बाद भी स्नान, ध्यान व दान होता रहता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पर ही आश्रय लेते हैं**



विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली व गंगा महाआरती महोत्सव इस वर्ष 7 नवम्बर 2022 को उत्साह के साथ मनायी जायेगी। उस दिन कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिवस का श्री गणेश अपरान्ह 3:54 बजे से हो रहा है, जो अगले दिन 8 नवम्बर, मंगलवार को अपरान्ह 3:53 बजे तक है उस दिन वैकुण्ठ चर्तुदशी का पर्व है, उसी दिन ज्ञानवापी स्थित मंदिर में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने वर्ष 1734 में बाबा विश्वनाथ की स्थापना की थी। प्रभु कृपा से उस दिन सोमवार का दिन भी है। अगले दिन 8 नवम्बर, मंगलवार को चन्द्रग्रहण है, उस काल में भोग आरती आदि सम्भव नहीं है अत: 7 नवम्बर को देव दीपावली व गंगा आरती महोत्सव मनाना शास्त्रोक्त है। उपरोक्त निर्णय काशी के धमाचायों, संत-महात्मा ज्योविषविदों, काशी विद्वत परिषद व अन्य विशिष्टजनों से विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। यह जानकारी केन्द्रीय देव दीपावली महासमिति के अध्यक्ष आचार्य वागीश दत्त मिश्र, गंगा सेवा निधि के मुख्य संरक्षक श्री श्याम लाल सिंह, गंगोत्री सेवा समिति के सचिव पं0 दिनेश शंकर दूबे, जय माँ गंगा सेवा समिति के श्रवण कुमार मिश्र ने संयुक्त रुप से गुरूवार को सायं पत्र प्रतिनिधियों से बातचीत में दी है। आचार्य वागीश दत्त मिश्र ने बताया कि चन्द्रग्रहण के दिन हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन माँ गंगा में गोता लगाते हैं। सुबह से अगले दिन तक हजारों लोग माँ गंगा के तट पर ही रहते हैं। उस दिन सूतक काल प्रात: 8:10 बजे से प्रारम्भ हो रहा है एवं इसका मोक्ष सायं 6:19 बजे हो रहा है, उसके बाद भी स्नान, ध्यान व दान होता रहता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पर ही आश्रय लेते है। शास्त्रानुसार ग्रहण काल में न तो आरती कर सकते है और ना ही भोग लगा सकते है। उन्होनें बताया है कि श्रद्धालुजनों की सुरक्षा हम सब के लिए सर्वोपरि है, जितना जरुरी देव दीपावली को उत्साह से मनाना है, उससे जरुरी इस महोत्सव व चन्द्रग्रहण में शामिल होने वाले भारतवासियों व विदेशी मेहमानों की सुरक्षा है इसलिए बाबा विश्वनाथ व माँ गंगा की असीम अनुकम्पा से यह मुहूर्त मिला है, ताकि संसार के प्रत्येक मानव की मंशा पूर्ण हो सके प्रभु की कृपा से कार्तिक पूर्णिमा व चन्द्रग्रहण के मुहूत का दिन अलग-अलग होने से श्रद्धालुजनों की सुरक्षा के लिए सेवा समितियों व प्रशासन को किसी तरह की कोई असुविधा नही होगी। उल्लेखनीय है कि कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली मनाने के लिए पूर्व से ही 7 किलोमीटर से लम्बी व 84 घाटों की धुलाई, सफाई का कार्य शुरु हो जाता है असंख्य दीपों की धुलाई कर व उसे सुखाकर उसमें बत्ती व सरसों का तेल डालकर घाटों पर तरह-तरह से सजाया जाता है जो सायं एक साथ संध्या बेला में प्रज्वलित किया जाता है और उसी दिन शुभ मुहूर्त में माँ गंगा की महाआरती होती है जिसका दर्शन पाने के लिए इन्सान तो क्या सभी देवी-देवता भी धरती पर अवतरित हो जाते हैं। ऐसी मनोहारी छवि को निहारने के लिए उस दिन पच्चीसों लाख लोग गंगा तट पर उमड़ पड़ते हैं। इसलिए देव दीपावली व चन्द्रग्रहण अच्छे से सम्पन्न हो जाए, प्रभु ने इसका प्रावधान किया है। सभी श्रद्धालुजन अपनी क्षमतानुसार अधिक से अधिक लोगों के संज्ञान में उपरोक्त जानकारी पहुंचाने की कृपा करें और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों कार्यक्रमों को अच्छे ढंग से सम्पन्न कराने में सहभागी बन स्वयं के जीवन को उल्लासमय बनायें यह कार्यक्रम हम सभी का है। पत्रकार वार्ता में बनारस होटल एसोशिएशन के अध्यक्ष गोकुल शर्मा, टूरिज्म वेलफेयर एसोशिएशन के अध्यक्ष राहुल मेहता, गंगा सेवा निधि के ट्रस्टी आशीष तिवारी, सचिव हनुमान यादव, काशी गंगा सेवा समिति के मनीष पाण्डेय आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# गायकवाड़ की शतकीय पारी से भारत ए का बड़ा स्कोर

● अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड ए के खिलाफ बनाए 293 रन

**भाषा।** बेंगलुरु



**रुतुराज गायकवाड़ की** 127 गेंदों में 108 रनों की शानदार पारी के दम पर भारत ए ने तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड ए के खिलाफ गुरुवार को यहां अपनी पहली पारी में 293 रन बनाए। गायकवाड़ ने अपनी पारी के दौरान 12 चौके और दो छक्के लगाए। भारत के लिए नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल चुके गायकवाड़ ने इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज उपेन्द्र यादव (76) के साथ पांचवें विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी की। उपेन्द्र ने 134 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के जड़े। इस साझेदारी के टूटने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई और पूरी टीम 86.4 ओवर में आउट हो गई। इसी समय अंपायरों ने दिन के खेल को समाप्त कर दिया। न्यूजीलैंड ए के लिए मैथ्यू फिशर ने 14 ओवर में 52 रन देकर चार विकेट लिए। जैकब डफी और जो वाकर ने दो-दो विकेट चटकाए। भारत ए के कप्तान प्रियांक पंचाल अपनी शानदार लय को इस मैच जारी नहीं रख सके और पांच रन बनाकर आउट हो गए। सलामी बल्लेबाजी में उनके जोड़ीदार अभिमन्यु ईश्वरन (38) भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में विफल रहे। सरफराज खान खाता खोले बगैर आउट हुए तो वही रजत पाटीदार ने 52 गेंद में 30 रन बनाए। तीन मैचों की श्रृंखला के पहले दो मैच ड्रॉ रहे है।

## भारत और पाकिस्तान के बीच विश्वकप मैच के सभी टिकट बिके : आईसीसी

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप मैच के सभी टिकट बिक गए हैं। टी20 विश्व कप 16 अक्टूबर से आस्ट्रेलिया में शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान का मुकाबला आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार इस प्रतियोगिता के लिए अभी तक पांच लाख से अधिक प्रशंसकों ने टिकट खरीदे हैं। इनमें भारत और पाकिस्तान का मैच भी शामिल है जिसके सभी टिकट बिक चुके हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार, खड़े होकर मैच देखने के लिए अतिरिक्त टिकटों की व्यवस्था की गई जो बिक्री के लिए रखे जाने के बाद मिनटों में ही बिक गए। इसमें कहा गया है, प्रतियोगिता से पहले आधिकारिक बिक्री केंद्र शुरू किया जाएगा, जहां प्रशंसक अंकित मूल्य पर टिकटों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। टी20 विश्व कप में 16 अंतरराष्ट्रीय टीमों के मैच देखने के लिए 82 विभिन्न देशों के प्रशंसकों ने टिकट खरीदे हैं। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2020 के बाद यह पहला अवसर होगा जबकि आईसीसी की किसी प्रतियोगिता में स्टेडियम खचाखच भरे होंगे। तब एमसीजी में खेले गए फाइनल मैच में 86,174 दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे।

# फेडरर पेशेवर टेनिस से संन्यास लेंगे

● अगले हफ्ते लंदन में लीवर कप उनका विदाई टूर्नामेंट होगा

**भाषा।** लंदन



**स्विट्जरलैंड** के टेनिस स्टार रोजर फेडरर ने गुरुवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की और कहा कि अगले हफ्ते लंदन में लीवर कप उनका विदाई टूर्नामेंट होगा। यह खबर अमेरिकी ओपन के समाप्त होने के बाद आई है जिसे 23 बार की मेजर चैम्पियन सेरेना विलियम्स के करियर का अंतिम टूर्नामेंट माना जा रहा है। अपने समय के दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के एक साथ खेल को अलविदा कहने से टेनिस में एक युग का समापन हो जाएगा। फेडरर ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए कहा, आप में से बहुत से लोग जानते हैं कि पिछले तीन वर्षों में मैंने चोट और सर्जरी के रूप में कई चुनौतियों का सामना किया है। मैंने पूर्ण रूप से खेल में लौटने के लिए कड़ी मेहनत की है। मैं हालांकि अपने शरीर की क्षमता और सीमा को भी जानता हूं। इसका स्पष्ट संदेश मुझे हाल ही में मिला। फेडरर ने 41 साल की उम्र में टेनिस को अलविदा कहने का फैसला किया। 20 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके फेडरर जुलाई 2021 में विम्बलडन में खेलने के बाद कोर्ट पर नहीं उतरे हैं।

इसके बाद उनके घुटने की कई सर्जरी हुई, इसे देखते हुए यह खबर हैरान करने वाली नहीं है। फेडरर इस साल जुलाई में आल इंग्लैंड क्लब में सेंटर कोर्ट के 100 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे और तब उन्होंने कहा था कि उन्हें एक और बार वहां खेलने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा था कि वह अक्टूबर में स्विस इंडोर में टूर्नामेंट में खेलेंगे। फेडरर ने ट्विटर पर पोस्ट किया कि अगले हफ्ते लंदन में लीवर कप उनका अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा। यह एक टीम स्पर्धा है जिसे उनकी प्रबंधन कंपनी आयोजित करती है। फेडरर का अंतिम मैच सात जुलाई 2021 में था, जब वह सेंटर कोर्ट पर विम्बलडन क्वार्टरफाइनल में हुबर्ट हुर्काज से हार गए थे। इसके तुरंत बाद फेडरर के दाहिने घुटने की सर्जरी हुई जो डेढ़ साल में उनके घुटने का तीसरा ऑपरेशन था। फेडरर की पत्नी मिर्का भी टेनिस खिलाड़ी रही है। दोनों पहली बार ओलंपिक में थे। इनके दो जुड़वां (चार) बच्चे है। दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में से एक फेडरर ने टूर स्तर के 103 खिताब जीते है। एकल मैचों में 1,251 जीत के साथ वह 1968 में शुरू हुए ओपन युग में जिमी कॉनर्स के बाद दूसरे स्थान पर हैं। फेडरर के रिकॉर्ड की लंबी फेहरिस्त में सबसे अधिक उम्र में एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना शामिल है। उन्होंने 2018 में 36 साल की उम्र में पहले स्थान पर वापसी की थी। फेडरर ने 2003 में विम्बलडन के तौर पर जब अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था तब पुरुषों में सबसे ज्यादा एकल ग्रैंड स्लैम का रिकॉर्ड पीट सैम्प्रास का था। उन्होंने 14 ऐसे खिताब जीते थे। फेडरर ने उनके रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए कुल 20 मेजर खिताब जीते। उन्होंने विंबलडन में आठ चैंपियनशिप, ऑस्ट्रेलियन ओपन में छह, अमेरिकी ओपन में पांच और फ्रेंच ओपन में एक चैंपियनशिप जीती। फ्रेंच ओपन में 2009 की जीत के साथ उन्होंने करियर ग्रैंड स्लैम को पूरा किया। फेडरर को उनके शानदार फोरहैंड सर्विस , फुटवर्क और आक्रामक खेल के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने से कम उम्र के शीर्ष खिलाड़ियों को भी कई बार कड़ी टक्कर दी। इसमें 36 वर्षीय नडाल और 35 वर्षीय जोकोविच के खिलाफ उन्होंने कई यादगार मैच खेले। इन दोनों खिलाड़ियों ने ग्रैंड स्लैम खिताब के मामले में हालांकि फेडरर को पीछे छोड़ दिया। नडाल 22 ग्रैंड स्लैम के साथ शीर्ष पर है जबकि जोकोविच के नाम 21 ऐसे खिताब है। फेडरर ने गुरुवार को कहा, मैं इतने सारे अविस्मरणीय मैच खेलने को लेकर खुद को भाग्यशाली समझता हूं।

## त्वेसा ने डी फ्रांस में शानदार आगाज किया

**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे लेडीज ओपन डी फ्रांस के शुरुआती दौर में गुरुवार को यहां तीन अंडर 68 का शानदार कार्ड खेला। वह इस प्रदर्शन से नौ खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। कई खिलाड़ियों ने हालांकि अभी अपना खेल पूरा नही किया है। शानदार लय मे चल रही त्वेसा ने इस दौरान एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाए। भारत की अमनदीप द्राल दो अंडर 69 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर है। वाणी कपूर और दीक्षा एक ओवर 72 के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त 54 वें स्थान पर है।

## अमृत लाल ने खेला सात अंडर 63 का कार्ड

**जयपुर।** चंडीगढ़ के गोल्फर अमृत लाल ने गुरुवार को यहां जयपुर ओपन के दूसरे दौर में सात अंडर 63 का कार्ड खेलकर बढ़त हासिल की। बाईस साल के इस गोल्फर का कुल स्कोर 12 अंडर 128 का है। वही शहर के अन्य गोल्फर 40 लाख रुपए की प्रतियोगिता मे अक्षय शर्मा (65) और अभिजीत सिंह चड्ढा (69) क्रमशः 10 अंडर 130 और नौ अंडर 131 के कुल स्कोर से दूसरे और तीसरे स्थान पर चल रहे है।

## हॉकी खिलाड़ी नमिता टोप्पो ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत के लिए 150 से अधिक मैच खेल चुकी अनुभवी हॉकी खिलाड़ी नमिता टोप्पो ने गुरुवार को खेल को अलविदा कह दिया। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के रहने वाली 27 साल की नमिता ने 2012 मे राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया था। वह 2014 और 2018 एशियाई खेलों मे क्रमशः कांस्य और रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य थी। नमिता ने कहा, पिछले 10 साल निश्चित रूप से मेरे जीवन लिए सबसे अच्छा समय रहा मेरा सपना था कि मै बड़े टूर्नामेंटो मे देश का प्रतिनिधित्व करूं और अपने सपने के साकार होने की मुझे खुशी है।

## कैटिच मुख्य कोच और अमला बल्लेबाजी कोच नियुक्त

**मुंबई।** पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर साइमन कैटिच गुरुवार को मुंबई इंडियंस केप टाउन का मुख्य कोच नियुक्त किया गया जबकि दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हाशिम अमला बल्लेबाजी कोच होंगे। फ्रेंचाइजी ने शुरूआती दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग से पहले इसकी घोषणा की। इनके अलावा टीम में क्षेत्ररक्षण कोच की जिम्मेदारी न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज जेम्स पामेंट को सौंपी गई है और एक अन्य पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर रॉबिन पीटरसन महाप्रबंधक होंगे।

## ऑस्ट्रेलिया की उप कप्तान राचेल हेन्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज और उपकप्तान राचेल हेन्स ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, जिससे उनके शानदार करियर का अंत हो गया। बाएं हाथ की बल्लेबाज 35 वर्षीय हेन्स ने 2009 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होने अपने देश की तरफ से छह टेस्ट, 77 एकदिवसीय और 84 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। हेन्स ने बयान मे कहा, मेरे करियर के दौरान मेरी साथी रही सभी खिलाडियो, आपकी वजह से ही मै इतने लंबे समय तक खेल पाई। आप प्रत्एक दिन मुझे प्रेरित करती रही। मैने आपसे मैदान के अंदर और बाहर काफी कुछ सीखा।

# अश्विन आस्ट्रेलियाई विकेट पर शानदार प्रदर्शन करेगा



**भाषा।** कोलकाता

**न्यूजीलैंड** के पूर्व स्पिनर डेनियल विटोरी को लगता है कि आर अश्विन की परिस्थितियों से तेजी से सामंजस्य बैठाने की काबिलियत और आस्ट्रेलियाई परिस्थितियों की अपार जानकारी उन्हें टी20 विश्व कप के दौरान मदद करेगी। आस्ट्रेलिया की तेज और उछाल भरी पिचों की बात आती है तो स्पिन गेंदबाज इतने प्रभावी नहीं होते और भारत के पास अक्टूबर-नवंबर में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के लिए अश्विन, युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे चरण में खेलने के लिए यहां आए हुए हैं। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि अश्विन टेस्ट में शानदार रहे हैं। सबसे अच्छी बात है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन करके आ रहे हैं और उन्हें भारत के लिए टी20 टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, वह उन खिलाड़ियों में शामिल है जो बहुत जल्दी परिस्थितियों के अनुरूप ढल जाते हैं, वह समझते हैं कि उन्हें सभी परिस्थितियों में क्या करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि अगर उसे चुना जाता है तो वह जानता है कि प्रदर्शन किस तरह करना है। वह कई बार आस्ट्रेलियाई दौरों पर जा चुके हैं। विटोरी ने कहा कि रविंद्र जडेजा चोटिल हैं तो अश्विन को आगामी टी20 विश्व कप में स्पिन गेंदबाजी आल राउंडर स्थान पर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा, भारत के पास स्पिन गेंदबाजों की कमी नहीं है। अच्छी बात यह है कि ज्यादातर स्पिनर आल राउंडर भी हैं इससे टीम को अच्छा संतुलन मिलता है। बाएं हाथ के पूर्व महान स्पिनर ने कहा कि आस्ट्रेलिया

## टी20 विश्व कप पर विटोरी का अनुमान

### मुरलीधरन ने टी20 विश्व कप में हसरंगा से सावधान रहने की दी सलाह

**कोलकाता।** श्रीलंका के महान गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन अगले महीने होने वाले टी 20 विश्व कप से पहले टीमों को आगाह करते कहा कि उन्हें वानिंदु हसरंगा के खिलाफ सावधान रहना होगा क्योंकि यह अबूझ स्पिनर ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर खतरनाक होगा। हसरंगा ने हाल ही संपन्न एशिया कप टी20 टूर्नामेंट मे नौ विकेट झटककर अपनी टीम को चैंपियन बनाने मे अहम भूमिका निभाई थी। मुरलीधरन ने कहा कि टी20 विश्व कप में हसरंगा के प्रदर्शन पर नजरें होंगी। मुरलीधरन ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे सत्र की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, वह टी20 प्रारूप का शानदार गेंदबाज है। पिछले दो-तीन वर्षों मे उसने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा, ऑस्ट्रेलिया की परिस्थियों मे अंगुली के स्पिनरों की तुलना में लेग स्पिनर को ज्यादा मदद मिलती है। वह बल्लेबाजों के लिए मुश्किल चुनौती पेश करेगा। बल्लेबाजो को उसके खिलाफ सतर्क रहना होगा। उन्होंने एशिया कप मे टीम के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, पिछले कुछ वर्षों से हमारी टीम काफी युवा है। एशिया कप में हमने सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला। वे इस दौरान सर्वश्रेष्ठ टीम लगे और एशिया कप में जीत के हकदार थे। मुरलीधरन इस मौके पर दिवंगत महान गेंदबाज शेन वार्न को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने वार्न को खुद बेहतर बताते हुए कहा, मुझे लगता है कि वह मुझसे बेहतर थे, जब मै खेल रहा था तो मै उनसे प्रेरणा लेता था। हम सब उन्हें याद करते हैं। मुरलीधरन लीजेंड्स लीग क्रिकेट मे मणिपाल टाइगर्स टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## रसूली और सैफी को अफगानिस्तान टीम में मिली जगह

**काबुल।** बल्लेबाज दारवेश रसूली और तेज गेंदबाज सलीम साफी को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए गुरुवार को अफगानिस्तान की 15 सदस्यीय टीम में चुना गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का यह आयोजन 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक होगा। हाल ही में हुए एशिया कप के दौरान अफगानिस्तान टीम का हिस्सा रहे 17 खिलाड़ियों में से समीउल्लाह शिनवारी, हशमतुल्लाह शाहिदी, अफसर जजई, करीम जनत और नूर अहमद को मुख्य टीम मे जगह नही दी गई।

## मसूद पाकिस्तान टीम में

**कराची।** पाकिस्तान ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए गुरुवार को चुनी गई 15 सदस्यीय टीमें शान मसूद को शामिल किया गया है जबकि घुटने की चोट के कारण शीर्ष क्रम के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमां मुख्य टीम से बाहर रहेंगे। फिटनेस हासिल करने के बाद तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की भी टीम मे वापसी हुई है। मसूद ने इंग्लैंड मे वाइटैलिटी ब्लास्ट टूर्नामेंट मे डर्बीशर की कप्तानी करते हुए लाल और सफेद गेंद के प्रारूपो मे शानदार प्रदर्शन किया। जमां घुटने की चोट के कारण मुख्य टीम में नही है लेकिन विश्व कप के लिए रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर चुने गए है मुख्य चयनकर्ता मुहम्मद वसीम ने गुरुवार को लाहौर में 18 सदस्ईय टीम की घोषणा की।

# कुमार कार्तिकय के पांच विकेट



दलीप ट्राफी : पश्चिम क्षेत्र के नौ विकेट पर 252 रन

**भाषा।** कोयंबटूर

**बाएं हाथ के** स्पिनर कुमार कार्तिकेय सिंह के पांच विकेट की बदौलत मध्य क्षेत्र की टीम ने गुरूवार को यहां दलीप ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र के स्टंप तक 252 रन पर नौ विकेट झटक लिए। क्वार्टर फाइनल में उत्तर पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाने के बाद पश्चिम क्षेत्र का बल्लेबाजी लाइन अप ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका। टॉस गंवाने के बाद पश्चिम क्षेत्र ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का विकेट शून्य पर गंवा दिया। लेकिन पृथ्वी साव ने तेजी से 60 रन (78 गेंद, 10 चौके) बनाए और राहुल त्रिपाठी (नाबाद 64 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 57 रन की भागीदारी निभाई। त्रिपाठी ने अरमान जाफर (23 रन) के साथ अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने से पश्चिम क्षेत्र को परेशानी का सामना करना पड़ा। कप्तान अजिंक्य रहाणे आठ रन पर पगबाधा आउट हो गए जिन्होंने क्वार्टरफाइनल में दोहरा शतक जमाया था। आल राउंडर शम्स मुलानी (41 रन) और तनीष कोटियान (36 रन) ने अच्छा योगदान किया। लेकिन इतना काफी नहीं था। कार्तिकेय सिंह ने अतीत सेठ, साव, कोटियान, हेत पटेल और जयदेव उनादकट के विकेट झटके। स्टंप उखड़ने तक त्रिपाठी और चिंतन गजा (नाबाद पांच रन) खेल रहे थे।

## रोहन, विहारी के शतक से दक्षिण क्षेत्र मजबूत



**सलेम (तमिलनाडु)।** पदार्पण करने वाले सलामी बल्लेबाज रोहन एस कुनुमल (143 रन) और कप्तान हनुमा विहारी (नाबाद 107 रन) शतकों की मदद से दक्षिण क्षेत्र ने गुरुवार को यहां दलीप ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र के खिलाफ स्टंप तक दो विकेट पर 324 रन बनाए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण की टीम को कुनुमल और मयंक अग्रवाल (49 रन, छह चौके, एक छक्का) ने मजबूत शुरूआत कराई। केरल के 24 वर्षीय कुनुमल ने पहले अपना अर्धशतक पूरा किया जिससे दोनों ने 100 रन की भागीदारी पूरी की। अग्रवाल अच्छी लय में दिख रहे थे, जिन्हें स्पिनर निशांत सिद्धू ने बोल्ड किया। इसके बाद विहारी के साथ कुनुमल क्रीज पर सहज दिख रहे थे और अच्छे ड्राइव लगा रहे थे। उन्होने स्पिनरों की लाइन एंव लेथ की गलतियों का पूरा फायदा उठाया। इन दोनों ने 167 रन की भागीदारी निभाई। विहारी ने 108 गेंद मे अपना पचासा पूरा किया। कुनुमल ने एक गगनचुंबी छक्के से 172 गेंद अपना शतक पूरा किया, पर उन्हे 77 रन पर जीवनदान भी मिला जब निशांत सिद्धू की गेंद पर उनका कैच छूट गया। पर कुनुमल और विहारी के बीच साझेदारी तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने तोड़ी। सैनी ने कुनुमल को 143 रन पर बोल्ड किया, उनकी पारी मे 16 चौके और दो छक्के जड़े थे। स्टंप तक विहारी 107 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि तमिलनाडु के बल्लेबाज बी इंद्रजीत दूसरे छोर पर 20 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे।

# डेविस कप : स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से हराया



**भाषा।** वेलेंशिया (स्पेन)

**स्पेन ने** अमेरिकी ओपन चैंपियन कार्लोस अल्कारेज के बिना भी शानदार खेल का प्रदर्शन करके डेविस कप फाइनल्स टेनिस प्रतियोगिता में सर्बिया को 3-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व में नंबर एक खिलाड़ी अल्कारेज एक दिन पहले ही यहां पहुंचे थे और वह पहले दौर के मैच में नहीं खेले। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को कैस्पर रूड को हराकर अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। लेकिन अल्बर्ट रामोस विनोलस ने लासलो सेरे को 2-6, 7-6 (5), 7-5 से जबकि रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने मिओमिर केकमानोविच कोर 7-6 (5), 7-6 (5) से हराकर स्पेन को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद मार्सेल ग्रेनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज ने युगल में निकोला कैसिच और दुसान लाजोविच को 6-7 (5), 6-2, 6-2 से हराया। सर्बिया नोवाक जोकोविच के बिना इस मुकाबले में उतरा था। ग्लासगो में ग्रुप डी के मुकाबले में एंडी में की डेविस कप में वापसी निराशाजनक रही। अमेरिका ने इस मुकाबले में ब्रिटेन को 2-। से हराया। टॉमी पॉल ने डैन इवांस को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर अमेरिका को शुरुआती बढ़त दिलाई लेकिन कैमरून नोरी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके टेलर फ्रिट्ज को 2-6, 7-6 (2), 7-5 से हरा दिया। मर्रे ने 2016 के बाद से डेविस कप में अपना दूसरा मैच खेला उन्होंने युगल में जो सैलिसबरी के साथ टीम बनाई, लेकिन उन्हें जैक सॉक और राजीव राम ने 5-7, 6-4, 7-5 से पराजित कर दिया। हैम्बर्ग में ग्रुप सी में जर्मनी ने 1938 के बाद से फ्रांस पर अपनी पहली जीत दर्ज की। जेन लेनार्ड स्ट्रफ ने बेंजामिन बोन्ज़ी को 6-4, 2-6, 7-5 से हराया लेकिन एड्रियन मन्नारिनो ने ऑस्कर ओट्टे पर 6-4, 6-3 से जीत से मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। केविन क्राविट्ज़ और

## प्रजनेश भिड़ेंगे अमेरिकी ओपन उप विजेता रूड से, रामकुमार होंगे डुरासोविच के सामने

### आज होंगे मुकाबले

**लीलेहैमर (नार्वे)।** प्रजनेश गुणेश्वरन शुक्रवार को यहां नार्वे के नंबर एक और अमेरिकी ओपन के उप विजेता कैस्पर रूड के खिलाफ भारत के डेविस कप विश्व ग्रुप एक मुकाबले के अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि रामकुमार रामनाथन का सामना पहले दिन एकल मैच मे अपने से निचली रैंकिंग के विक्टर डुरासोविच से होगा। भारतीय टीम के गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने एकल खिलाड़ियो को चुनने मे रैंकिंग का सहारा लिया है। युकी भांबरी लंबे समय तक देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी थे लेकिन वह रैंकिंग मे नीचे खिसक चुके है, वह शनिवार को साकेत मायनेनी के साथ युगल मैच खेलेंगे। विश्व रैंकिंग मे 335वें स्थान पर काबिज प्रजनेश को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रूड से भिड़ना होगा जो अमेरिकी ओपन मे कार्लोस अलकारेज से हारकर दूसरे स्थान पर रहे थे और शानदार फॉर्म मे है। लेकिन भारत के नंबर एक खिलाड़ी रामकुमार विश्व रैंकिंग मे 276वें स्थान पर है और दूसरे एकल मे उनका सामना 325वें रैंकिंग के डुरासोविच से होगा। राजपाल ने कहा, हमारे नंबर एक खिलाड़ी रामकुमार उनके दूसरे नंबर के खिलाड़ी के साथ खेलेंगे। हमारे दूसरे नंबर के एकल खिलाड़ी प्रजनेश है और वह उनके नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ कोर्ट पर उतरेंगे। पहले दिन रामकुमार का सामना डुरासोविच और प्रजनेश की भिड़ंत कैस्पर रूड से होगी। भारत पहली बार डेविस कप मे नार्वे से भिड़ रहा है। नार्वे की टीम मे भले ही दूसरे नंबर के खिलाड़ी रूड शामिल है लेकिन उनके अन्य खिलाड़ी रैंकिंग मे भारतीयो से नीचे है जिससे मेजबानों को उम्मीद मिलेगी। अगर भारत एकल में दो जीत दर्ज कर लेता है तो इसे देखते हुए शनिवार को युगल मैच महत्वपूर्ण हो सकता है। इस परिस्थिति मे अनुभवी रोहन बोपन्ना का चोट के कारण अंतिम मिनट पर हटना भारतीय टीम के लिए गहरा झटका था। उलट एकल भी शनिवार को होंगे जिसमे रामकुमार का सामना रूड से जबकि प्रजनेश की भिड़ंत डुरासोविच से होगी। प्रत्एक मैच बेस्ट ऑफ थ्री सेट के होंगे जो लिलेहैमर मे हेकन्स हॉल मे इंडोर हार्ड कोर्ट पर खेले जाएंगे। भारत ने इस साल के शुरू मे नई दिल्ली मे डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ मे डेनमार्क को 4-0 से हराया था। राजपाल ने भारतीय महान टेनिस खिलाड़ी नरेश कुमार को भी श्रृद्धांजलि दी जिनका बुधवार को निधन हो गया था। टीम : भारतः रोहित राजपाल (गैर खिलाड़ी कप्तान), रामकुमार रामनाथन, प्रजनेश गुणेश्वरन, सुमित नागल, युकी भांबरी, साकेत मायनेनी, मुकुंद शशिकुमार। नार्वे : एंडर्स हासेथ (गैर खिलाड़ी कप्तान), कैस्पर रूड, विक्टर डुरासोविच, लुकास हेलम लिलीनजेन, हर्मन होएएराल, सिमेन सुंदे ब्रैथोलम।

## पाकिस्तान के पूर्व अंपायर असद रऊफ का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व अंपायर असद रऊफ का लाहौर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 66 साल के थे। रऊफ ने वर्ष 2000 में अंपायर के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 64 टेस्ट मैच में अंपायरिंग की जिनमे वह 49 मैचों में मैदानी अंपायर जबकि 15 मैचों में टीवी अंपायर रहे। इसके अलावा उन्होंने 139 वनडे और 28 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी अंपायरिंग की। वह 2000 के दशक में पाकिस्तान के प्रमुख अंपायरों में से एक थे। उनके परिजनों ने पुष्टि की रऊफ़ को बुधवार की रात को दिल का दौरा पड़ा। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके भाई ने लाहौर में कहा, वह पिछले दो दिन से अच्छा महसूस नहीं कर रहे थे और जल्दी घर आ गए थे। चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने ट्वीट करके कहा, असद रऊफ़ के निधन का समाचार सुनकर बहुत दुखी हूं। वह न केवल एक अच्छे अंपायर थे बल्कि उनमें हास्य का पुट भी भरा था। वह हमेशा मेरे चेहरे पर मुस्कान बिखेर देते थे और जब भी मुझे उनकी याद आएगी तो वह ऐसा करेंगे। उनके परिवार के प्रति मेरी सहानुभूति है। रऊफ ने पाकिस्तान के नेशनल बैंक और रेलवे की तरफ से 71 प्रथम श्रेणी मैच खेले और बाद में वह अंपायर बन गए। उन्हें अप्रैल 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एलीट पैनल में शामिल किया गया था।


## भारत ने सैफ अंडर-17 खिताब जीता

**नई दिल्ली ।** मौजूदा चैंपियन भारत ने कोलंबो मे खेले गए फाइनल मे 10 खिलाड़ियो के साथ खेल रहे नेपाल को 4-0 से करारी शिकस्त देकर सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। भारत की तरफ से बॉबी सिंह, कोरौ सिंह, कप्तान वनलालपेका गुइटे और अमन ने एक-एक गोल किया। नेपाल ने भारत को लीग चरण में 3-। से हराया था। लेकिन फाइनल मे भारतीय टीम शुरू से ही दबदबा बनाने के लिए बेताब देखी और उसने नेपाल की रक्षा पंक्ति में सेंध लगाने की अच्छी कोशिश की। बॉबी ने 18वें मिनट में हैडर से गोल दागकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। बॉबी के गोल मे अहम भूमिका निभाने वाले गुइटे ने इसके 12 मिनट बाद फिर से गेंद बनाई और इस बार उनके पास पर कोरौ सिंह ने भी गोल करने मे कोई गलती नही की। इसके बाद नेपाल गोल करने के लिए बेताब दिखा। उसके खिलाड़ियो के चेहरे पर हताशा स्पष्ट नजर आ रही थी और इसका परिणाम यह हुआ कि 39वें मिनट मे उसके कप्तान प्रशांत लक्षम ने डैनी लैशराम पर कोहनी मार दी जिसके कारण उन्हें तुरंत ही लाल कार्ड दिखा दिया गया।

## हैदराबाद के आत्मघाती गोल से बेंगलुरु डूरंड कप के फाइनल में

**कोलकाता।** स्पेन के डिफेंडर ओदेई ओनाइंडिया जबाला के आत्मघाती गोल से बेंगलुरुएफसी ने डूरंड कप सेमीफाइनल मे गुरुवार को यहां हैदराबाद एफसी को शिकस्त देकर फाइनल मे अपनी जगह पक्की की। इस मैच में दोनो टीमो के बीच बराबर की टक्कर देखने को मिली लेकिन मैच के 31वें मिनट मे जबाला का आत्मघाती गोल दोनो टीमो के बीच बड़ा अंतर साबित हुआ। मैच के पहले हाफ के आखिर मे बेंगलुरु के पास बढ़त दोगुना करने का मौका था लेकिन उनके दिग्गज खिलाड़ी सुनील छेत्री गोल करने से चूक गए। दूसरे हाफ मे हैदराबाद के नाइजीरिया के खिलाड़ी बर्थोलोमेव ओग्बेचे को दो बार टीम को बराबरी दिलाने का मौका मिला लेकिन दोनो मौको पर वह चूक गए। बेंगलुरु एफसी के सामने 18 सितंबर को खेले जाने वाले फाइनल मे मुंबई सिटी एफसी की चुनौती होगी।

## एमबापे, मेस्सी और नेमार ने दिलाई पीएसजी को जीत चैंपियंस लीग फुटबॉल : रियाल मैड्रिड भी जीता



**पेरिस।** लियोनेल मेस्सी और काइलन एमबापे ने एक दूसरे को गोल करने मे मदद की जबकि नेमार ने भी एक गोल दागा, जिससे पेरिस सेंट जर्मे न (पीएसजी) ने शुरू मे पिछड़ने के बाद शानदार वापसी कर चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता मे मैकाबी हैफा को 3-0 से हराया। खेल के 24वें मिनट मे मैकाबी के मिडफील्डर जारोन चेरी के क्रॉस पर गोल करने से पीएसजी पिछड़ गया था। ऐसे मे मेस्सी ने 37वें मिनट मे बराबरी का गोल दागा। इसके बाद उन्होंने 69वें मिनट मे एमबापे को गोल करने मे मदद की। नेमार ने 88वें मिनट मे तीसरा गोल किया। उधर मैड्रिड में रियाल मैड्रिड ने अंतिम क्षणों मे दो गोल करके लिपजिग को 2-0 से हराया। उसकी तरफ से यह गोल फेडेरिको वाल्वरडे और मार्को असेंसियो ने किए। चैंपियंस लीग के अन्य मैचों मे मैनचेस्टर सिटी ने डोर्टमंड को 2-। से, इंटर मिलान ने दिनामा जाग्रेब को 3-। से और बेनफिका ने युवेंटस को 2-। से हराया जबकि चेल्सी और आरबी सीजबर्ग का मैच।-। से बराबर रहा।